आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

दिसंबर 2026 में देश को मिलेगा पहली नाइट सफारी का उपहार...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 20 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 39 | www.janexpresslive.com/epaper



पुतिन ने नई परमाणु नीति पर किए... 12

# दिल्ली में एक्यूआई-500 पार

## सीजन का सबसे ज्यादा पॉल्यूशन, 22 ट्रेनें लेट, नोएडा में विजिबिलिटी घटने से वाहनों में टक्कर, 2 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रदूषण बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। मंगलवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली का औसत एक्यूआई 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। यानी राजधानी में आज सीजन की सबसे खराब हवा रही। दिल्ली-एनसीआर के 10वीं तक के स्कूल पहले ही ऑनलाइनल कर दिए गए थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 11वीं-12वीं की क्लासेस ऑनलाइन चलाने का भी आदेश दे दिया गया। वहीं, डीयू, जेएनयू और जामिया के कॉलेजों की क्लासेस 4 दिन तक वर्चुअल मोड पर चलेंगी। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने 18 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में बदला हुआ ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू कर दिया है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों, सांस और दिल के मरीजों, पुरानी बीमारियों से पीड़ितों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। उधर, दिल्ली से सटे नोएडा में प्रदूषण और धुंध के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह कई एक्सीडेंट हुए। यहां विजिबिलिटी कम होने के कारण एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। इस कारण ट्रक के पीछे चल रहीं 4 एसयूवी कारें और कुछ बाइक आपस में टकरा गईं। एक्सीडेंट में 2 बाइक सवार की मौत हो गई।



### दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने की मांग

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्र सरकार को चिट्?ठी लिखकर कृत्रिम बारिश करवाने की मांग रखी है। राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण बेहद गंभीर श्रेणी में है और इससे निपटने के लिए आर्टिफिशियल रेन (कृत्रिम बारिश) कराने की जरूरत है। यह मेडिकल इमरजेंसी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्टाफ के लिए मास्क पहनना अनिवार्य किया

सुप्रीम कोर्ट ने अपने स्टाफ के लिए मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया है। सोमवार को दिल्ली-एनसीआर रीजन में सरकारों को निर्देश दिया कि प्रदूषण की गंभीरता देखते हुए स्कूल बंद किए जाएं। एक्यूआई का लेवल कम करने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान स्टेज 3 और स्टेज 4 के सभी जरूरी प्रतिबंध लागू किए जाएं। साथ ही हिदायत दी- कोर्ट की इजाजत के बगैर ग्रैप स्टेज 4 के प्रतिबंध नहीं हटेंगे। भले ही एक्यूआई 300 से नीचे क्यों ना आ जाए।

### 2,200 से ज्यादा पुरानी गाड़ियां जब्त

दिल्ली परिवहन विभाग ने 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच 2,234 ज्यादा गाड़ियां जब्त कीं, जो बेहद पुरानी थीं।राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए यह कदम उठाया गया। इनमें 10 साल से ज्यादा पुराने 260 डीजल चार पहिया, 1,156 पेट्रोल दोपहिया वाहन और 15 साल से ज्यादा पुराने 818 पेट्रोल तीन और चार पहिया वाहन शामिल हैं। यह कार्रवाई दिसंबर तक चलेगी। जब्त वाहनों की स्क्रैपिंग या बिक्री के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है।

### दिल्ली में प्रदूषण के 3 फैक्टर्स

**1** पराली से प्रदूषण सीपपसीबी के मुताबिक दिल्ली में 37 प्रतिशत प्रदूषण दिल्ली और आसपास के राज्यों में पराली जलाने से हुआ है। पंजाब में हर साल 70 से 80 लाख मीट्रिक टन पराली जलाई जाती है। हरियाणा, यूपी और एमपी में भी ये ट्रेंड दिखता है। सर्दियों में ये प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह बनती है।

**2** गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण इससे दिल्ली में 12 प्रतिशत प्रदूषण बढ़ा है। 2023-24 के इकोनॉमिकल सर्वे के मुताबिक, दिल्ली में 80 लाख के करीब गाड़ियां हैं। इनसे सबसे छोटे प्रदूषित कण पीएम 2.5 निकलते हैं। दिल्ली के प्रदूषण में 47 प्रतिशत पीएम 2.5 इन्हीं वाहनों से निकलता है। यह वाहन न सिर्फ हानिकारक गैसों का उत्सर्जन करते हैं बल्कि यह धूल से होने वाले प्रदूषण की भी वजह बनते हैं।

**3** फैक्ट्रियों से निकलने वाले केमिकल्स दिल्ली में प्रदूषण की तीसरी सबसे बड़ी वजह फैक्ट्रियां हैं। दिल्ली और इसके आसपास मौजूद इंडस्ट्री से पीएम 2.5 और पीएम 10 का उत्सर्जन होता है। द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के मुताबिक, यह हवा में मौजूद 44 प्रतिशत पीएम 2.5 और 41 प्रतिशत पीएम 10 के लिए जिम्मेदार है।

### एमपी-यूपी समेत 7 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट

देश में ठंड और कोहरे क51 असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और बिहार में एक-दो दिन घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में ठंड का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। सीकर के फतेहपुर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। भरतपुर में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रह गई। हालांकि, देश में सबसे कम विजिबिलिटी (जीरो मीटर) आगरा में दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां आने वाले कुछ दिनों में कोहरा बना रहेगा। उधर, मध्य प्रदेश में भी भोपाल, ग्वालियर, भिंड, मुरैना और दतिया में घना कोहरा देखने को मिला। इससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि पहाड़ों में बर्फबारी के कारण स्क्षमें ठंड बढ़ी है। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। सोनमर्ग में सोमवार शाम से शुरू हुई बर्फबारी मंगलवार सुबह भी जारी रही।

# सपा की मांग, वोटर को पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ...

## 9 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के मतदान से ठीक पहले समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम वोट बैंक साधने के लिए खास दांव चला

- सपा की प्रदेश इकाई ने खास तौर पर मांग की है कि मतदान केंद्रों पर मुस्लिम महिलाओं का बुर्का उठाकर पहचान नहीं की जाए
- सपा की यूपी इकाई के अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने राज्य निर्वाचन आयोग को चिट्ठी लिखकर खास मांग की है
- सवाल उठा रहे कि बुर्के की आड़ में कोई भी वोटर कार्ड का दुरुपयोग कर चुनाव की मंशा पर ही पानी फेर सकता है



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

विधानसभा उपचुनाव के मतदान से ठीक पहले समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम वोटरों को रिझाने का कार्ड खेला है। सपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि मतदान के दिन 20 नवंबर को कोई भी पुलिसकर्मी किसी महिला का बुर्का उठाकर पहचान सुनिश्चित न करें। इस संबंध में उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश जारी करने को भी कहा है। इस पत्र के सार्वजनिक होने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने में आखिर हर्ज क्या है। बुर्के की आड़ में कोई भी वोटर कार्ड का दुरुपयोग कर चुनाव की मंशा पर ही पानी फेर सकता है।

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों पर उपचुनाव से पहले राज्य निर्वाचन आयोग को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में सपा की यूपी इकाई के अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बड़ी मांग की है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि रिटर्निंग ऑफिसर, रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट, जनरल ऑब्जर्वर और पुलिस अधिकारियों को लिखित आदेश जारी किया जाए कि 20 नवंबर 2024 (मतदान की तिथि) को ÷कोई भी पुलिसकर्मी किसी भी मतदाता की मतदाता पहचान-पत्र की जांच नहीं करेगा÷. पत्र में आगे कहा गया है कि मतदाता पहचान-पत्र की जांच करने का अधिकार मतदान अधिकारी के पास है। पत्र में आगे कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने अपनी शक्ति और पद का दुरुपयोग किया और सपा समर्थकों, खासकर मुस्लिम महिला मतदाताओं को डराकर उनके बुर्के उतरवा दिए। इसके बाद मतदाताओं को मतदान केंद्रों से बिना मतदान किए लौटना पड़ा और इससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हुआ।

### अधिकारियों को लिखित आदेश जारी किए जाने की मांग

श्यामलाल पाल की चिट्ठी में कहा गया है- प्रदेश में 09 विधान सभा उप-निर्वाचन क्षेत्रों 110-करहल, 29-कुन्दरकी, 213-सीसामऊ, 277-कटेहरी, 16-मीरापुर, 256-फूलपुर 397-मझवां, 71 खैर (अ0जा0) तथा 56-गाजियाबाद के रिटर्निंग आफीसर, जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी, सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को लिखित आदेश जारी किया जाए कि दिनांक 20 नवम्बर 2024 को ÷मतदान के दिन कोई पुलिसकर्मी किसी भी मतदाता की आई0डी0 (मतदाता पहचान पत्र) की जांच नहीं करेंगे।

### भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का दिया हवाला

पत्र में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग की हैंडबुक फॉर रिटर्निंग ऑफिसर के पृष्ठ संख्या-143 के पैराग्राफ 13.6.9 (ष्ट) (द्व) प्रोसेस ऑफ़ आइडेंटिफिकेशन का वोटर बाई पोलिंग ऑफीसर मतदान के दिन मतदान अधिकारी को मतदाता की आई0डी0 (मतदाता पहचान पत्र) की जांच करने का अधिकार दिया गया है। यूपी इकाई के अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग की हैंडबुक फॉर कैंडिडेट के पृष्ठ संख्या-111 के पैराग्राफ 12.1.8 में निर्देश दिये गये है कि, मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर तैनात पुलिसकर्मी मतदाता की आईडी पहचान पत्र की जांच नहीं करेंगे। मतदाता की आईडी की जांच का अधिकार मतदान अधिकारी को दिया गया है।

# दिल्ली में भव्य 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगी योगी सरकार, जुटेंगी देश-दुनिया की हस्तियां



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2025 के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर जारी तैयारियों को गति देने का काम शुरू कर दिया है। महाकुंभ-2025 का आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की पर्यटन और वैश्विक स्तर पर पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी एक प्रमुख प्रयास है। इसी बात को ध्यान में रखकर महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने तथा देश-दुनिया के गणमान्य व अति विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने के लिए नई दिल्ली में महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में भव्य स्तर पर इस एक दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यहां आने वाले आगंतुकों को महाकुंभ में योगी सरकार द्वारा दी जा रही टूरिज्म ऑफरिंग्स, तैयारियां व उपलब्धियों के साथ ही उत्तर प्रदेश की लोककला व सांस्कृतिक छटा का भी आनंद उठा सकेंगे।

# पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति के साथ की द्विपक्षीय वार्ता, लूला दा सिल्वा बोले, आयोजन भारत से प्रेरित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने यहां रियो डी जेनेरियो में जी20 देशों के सम्मेलन में हिस्सा लिया और उसे संबोधित भी किया है। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने ब्राजील के भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन पहल के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके साथ ही दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। साथ ही ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा एवं कृषि



जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### लूला दा सिल्वा ने की पीएम मोदी की सराहना

इस दौरान लूला दा सिल्वा ने नई दिल्ली में जी-20 के सफल आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति लूला ने पीएम मोदी को बताया कि उन्होंने यहां बहुत से ऐसी चीजें दोहराने की कोशिश की जो भारत में आयोजित शिखर सम्मेलन से प्रेरित हैं।

### पीएम मोदी ने किया ट्वीट

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठक को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने बताया कि लूला के साथ बैठक में ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी इस बैठक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए राष्ट्रपति लूला को धन्यवाद दिया।

# दिल्ली विधानसभा सत्र 29 नवंबर से, हंगामेदार होने के आसार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनावी सरगर्मी के बीच दिल्ली विधानसभा सत्र का एलान किया गया है। यह सत्र 29 नवंबर और 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सातवीं विधानसभा के पांचवें सत्र के रूप में शीतकालीन सत्र आरोप-प्रत्यारोप वाला होने वाला है। क्योंकि विपक्ष ने अभी से ही तेवर कड़ा कर लिया है। इस दौरान भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जमकर सियासी तेवर देखने को मिलेगी। इसे लेकर पक्ष और विपक्ष ने राजनीतिक घेरा बंदी करने की तैयारी शुरू कर दी है। सत्ता पक्ष के व विपक्ष के सदस्य एक दूसरे को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार कर रहे है। विपक्ष ने अभी से एजेंडा भी तय कर लिया है। दिल्ली विधानसभा का सत्र 29 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। हर बार की तरह जहां दिल्ली के विकास के मुद्दे पर जहां आम आदमी पार्टी के विधायक केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ेंगे वहीं भाजपा वायु प्रदूषण, यमुना की सफाई, जर्जर सड़क, स्वास्थ्य व परिवहन के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी में है।

# हॉस्टल के बाथरूम में अदृश्य कैमरा, हकीकत या फसाना

## बेटियों का दावा-हॉस्टल में अदृश्य कैमरा, पुलिस-प्रबंधन ने नकारा

- मीराबाई हॉस्टल की छात्राओं पर अश्लील बातें करने का दबाव
- हैरानी.... एक ही नंबर से छात्राओं के मोबाइल पर आ रहे मैसेज
- बड़ा सवाल... बाहरी लोगों पर कैसे पहुंच रही छात्राओं की डिटेल

**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ...., बेटी है तो कल है... जैसी मुहिम के जरिए बहन-बेटियों की सुरक्षा का दावा करने वाली योगी सरकार की कलई वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने खोल दी है। यूनिवर्सिटी और विवाद का नाता गहराता जा रहा है। शिक्षा के इस मंदिर में एक माह पहले बेटी से मोबाइल फोन पर की गई अश्लीलता का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ और एक नये मामले ने विश्वविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला विवि के मीराबाई हास्टल का है। यहां रह रहीं छात्राओं ने बाथरूम में अदृश्य कैमरे लगे होने का आरोप लगाते हुए सोमवार देर रात हंगामा काटा। छात्राओं का आरोप है कि अनजान नंबर से लगातार कॉल करके अश्लील बातें करने का दबाव बनाया जा रहा है। हंगामे के दौरान हॉस्टल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।






### कॉल करने वाला कैसे जानता है छात्राओं के नाम?

545 हेक्टेयर में फैले वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पांच ज़िलों के लगभग तीन लाख अस्सी हज़ार छात्र नामांकित हैं। यहां हजारों की तादात में छात्राएं हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। छात्राओं के सारी डिटेल हॉस्टल प्रबंधन के पास रहती है, लेकिन हैरानी की बात ये कि मीराबाई हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं के नाम आरोपित कॉलर कैसे जानता था? कॉल करने वाले के पास कहां से उनके नंबर पहुंचे। एक ही नंबर से कई छात्राओं के पास कॉल पहुंचा। कॉलर ने छात्राओं को नाम से पुकरा और धमकाया।

### हॉस्टल प्रबंधन पर भी सवालिया निशान

छात्राओं की जानकारी लीक करने में कहीं न कहीं हॉस्टल प्रबंधन के किसी कर्मी का हाथ होने की आशंका है। क्योंकि आरोपित कॉलर के पास छात्राओं के मोबाइल नंबर के साथ-साथ छात्रा का नाम और एड्रेस तक है। कॉलर ने छात्राओं को उनके नंबर पर धमकी भरे मैसेज भी भेजे। मीराबाई हास्टल की सुरक्षा में महिला गार्ड और महिला सफाईकर्मी तैनात हैं। किसी बाहरी व्यक्ति, विशेषकर पुरुष को अंदर जाने की इजाजत नहीं होती, फिर छात्राओं की जानकारी बाहर कैसे निकली यह जांच का विषय है।

### विवि प्रबंधन और पुलिस प्रशासन पर सवाल

विश्वविद्यालय की छात्राओं से अश्लील कॉल करने के लिए दबाव बनाने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। एक माह पहले ही अश्लील बातों के लिए छात्रा पर दबाव बनाने वाले शिक्षक के मामले की जांच चल रही है। इसके बाद भी विवि प्रबंधन ने छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए। एक महीने में दूसरी बार छात्राओं से अश्लील बातें करने के लिए फोन कॉल करके दबाव बनाए जाने से पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### छात्राओं की सतर्कता की चर्चा

घटना ने हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था व छात्राओं की सतर्कता दोनों को चर्चा का केंद्र बना दिया है। मीराबाई हॉस्टल में सीनियर व जूनियर छात्राएं रहती हैं। छात्राओं ने शौचालय में खुफिया कैमरा लगा होने की बात कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया। छात्राओं का दावा है कि वह कैमरा डिटेक्टर एप से डिटेक्ट हो रहा है। सूचना पर पुलिस और विवि प्रबंधन के लोग पहुंच गए।

### एक माह पहले शिक्षक ने की थी छात्रा से अश्लीलता

विवि के बीएससी इंवारमेंट साइंस विभाग के प्रो. डॉ. सुधीर उपाध्याय ने प्रथम वर्ष की छात्रा से अश्लील हरकत की थी। वीडियो कॉल के जरिए गंदी बातें करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए छात्रा ने ऑडियो वायरल की थी। कुलपति ने आरोपित शिक्षक के विभाग में आने पर प्रतिबंध लगा दिया। जांच के लिए बनी कमेटी ने अभी अपनी रिपार्ट नहीं सौंपी है।



### पुलिस ने क्या कहा ?

सीओ परमानंद कुशवाहा ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि मीराबाई हॉस्टल में कई लड़कियों को एक ही नंबर से कॉल आए। कॉल करने वाले अज्ञात शख्स ने गलत तरीके से बातें कीं। कुछ लड़कियों ने नंबर भी ब्लॉक कर दिया। जबकि कई छात्राओं ने वार्डन को जानकारी दी। वार्डन ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिस नंबर से कॉल आया उसकी जांच कराई जा रही है।

### कुलपति ने जांच कराने का दिया आश्वासन

विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले की गहराई से जांच कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए ठोस कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने हॉस्टल में निरीक्षण किया। छात्राओं को समझाया कि बाथरूम में कैमरे जैसा कुछ नहीं है। फिर भी जांच कराई जा रही है। शौचालय में कैमरा होने की बात कुछ छात्राओं के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से आए काल और वाट्सएप संदेशों के जरिए पता चली थी।

# कुकुरमुत्तों की तरह खुले प्राईवेट हास्पिटल में नहीं है किसी के पास फायर ब्रिगेड की एनओसी

- कहीं झांसी मेडिकल कॉलेज जैसी घटना बांदा में न घट जाए
- आखिर कौन है इन फर्जी प्राईवेट हास्पिटलों के लिए जिम्मेदार?
- मनमानी और मरीजों से खिलवाड़ कर रहे इन अस्पतालों पर कब होगी कार्रवाई और कौन करेगा



**जन एक्सप्रेस। प्रदीप कुमार त्रिपाठी**

**बांदा।** हाल ही में झांसी मेडिकल कॉलेज में आग की भयानक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इसी क्रम में बांदा में बगैर फायर ब्रिगेड एनओसी के फर्जी प्राईवेट अस्पताल कुकुरमुत्तों की तरह बीते कई वर्षों से खुले हुऐ हैं। कई अन्य नए खुलते जा रहे हैं। इनमें लगाम लगाने की किसी भी शासनिक व प्रशासनिक अफसरों में दम नहीं है। तभी तो नगर के विभिन्न वीआईपी पॉश इलाकों में खुले ये अस्पताल आम गरीब जनता को लूट रहे हैं और मरीजों के स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। कई बार तो इन प्राईवेट हास्पिटलों में इलाज के दौरान मरीज की जान जाने पर कई बार विवाद हुआ है। बाद में इन प्राईवेट हास्पिटलों के संचालकों ने बड़े बड़े अफसरों को नोट खिलाकर सब अपने ही हिसाब से खाना पूर्ति करवाई है। उप मुख्यमंत्री के आदेश हैं कि कोई सरकारी डाक्टर प्राईवेट प्रैक्टिस नहीं करेगा लेकिन ये चिकित्सा माफिया सरकारी अस्पतालों से मरीजों को बहला फुसलाकर कर अपने अपने प्राईवेट हास्पिटलों में ले जाते हैं और इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल करते हैं। जल्द ही इन प्राईवेट हास्पिटलों का खुलासा जन एक्सप्रेस करेगा।

*पढना न भूलें अगला अंक...*

### बांदा-फायर ब्रिगेड हर बडी से बडी मुश्किल के लिए तैयार

"सरकार ने बाइक सहित दो गाड़ियां भेजी हैं जिससे हम हर घटना के लिए तैयार रहते हैं।
-कमलेश कुमार, निरीक्षक



# बगरेही ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान का खेल सरकारी धन का किया जा रहा बंदरबांट

## गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम कर दिया फोटो कॉपी का भुगतान, हैंडपंप रिपेयर सामग्री खरीद में भारी अनियमितताएं

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों में विकास भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रहा है। मानिकपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है, वहीं ग्राम प्रधान व सचिव हर काम में कमाई के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर कायदे कानून के पालन से बेपरवाह हैं। उन्हें न जांच की चिंता है, न अधिकारियों का डर है। मानिकपुर विकास खण्ड के बगरेही ग्राम पंचायत में सरकारी धन का खूब दुरुपयोग किया जा रहा है। गांव के विकास के लिए आई धनराशि को सचिव प्रधान मिलकर लूट रहे हैं। बगरेही ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर तालाबों के नामपर खूब अनियमिताएं की गई हैं। अमृत सरोवर में बने आउटलेट व इनलेट भी ध्वस्त हो चुके हैं। ग्राम सचिवालय के मरम्मत के नाम पर भारी भरकम धनराशि निकाल ली गई है जबकि छत का मरम्मत ही नहीं किया गया है। सिर्फ रंगाई- पुताई कर खानापूर्ति कर ली गई है। इसी तरह से वृक्षारोपण के नामपर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। जबकि मौके पर एक भी वृक्ष नहीं लगे हैं। उच्च प्रथमिक में टाइलीकरण के नाम भी भारी गड़बड़ी की गई है।

### हैंडपंप रिपेयर सामग्री खरीदी में भारी अनियमितताएं

बगरेही ग्राम पंचायत में राज्य वित्त व 15वां वित्त अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023/24 और 2024/25 में हैंडपंप सामग्री खरीदी, रिबोर, समर्सिबल के भुगतान के नामपर व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। सचिव ने अपनी चहेती फर्म विजय ट्रेडर्स व शिवम ट्रेडर्स फर्म के नाम फर्जी तरीके से बिल वाउचर बनाकर भुगतान कर लिया गया है। एक एचपी के समर्सिबल के निर्धारित रेट से कहीं अधिक पैसों का भुगतान किया गया है। एक तरह से देखा जाए तो समर्सिबल स्थापना व मरम्मत के नामपर भुगतान में खूब मनमानी की गई है।


बगरेही ग्राम पंचायत में सचिव, प्रध... सरकारी धन का कर रहे बंदरबांट

हैंडपंप सामग्री व सबमर्सिबल खरीदी में भारी गड़बड़ी,डकार लिया लाखों



### गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम फोटो कॉपी का भुगतान

बगरेही ग्राम पंचायत में फोटोकॉपी का भुगतान भी गिट्टी बालू सप्लाई करने वाले ट्रेडर्स के नाम कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024/25 में 26 अक्टूबर 2024 को 14 हजार 826 रुपए का भुगतान विजय ट्रेडर्स फर्म के नाम कर दिया गया है। नियमों को ताक में रखते हुए भुगतान सवालों के घेरे में आ गए है। इसकी सही जांच होने पर भारी गड़बड़ी सामने आ सकती है। जबकि उक्त सप्लायरों के पास सिर्फ कागज हैं नाकी।

### शिवम ट्रेडर्स फर्म के नाम खूब हुए भुगतान

बगरेही ग्राम पंचायत में शिवम ट्रेडर्स फर्म के नाम सबसे अधिक भुगतान किए गए हैं, जो अधिकांश भुगतान मानकविहीन हुए हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर में टाइली कारण के नाम अधिक भुगतान किया गया है। लेकिन शिवम ट्रेडर्स और विजय ट्रेडर्स की कोई दुकान भी नहीं है। फर्जी भुगतान कर ग्राम प्रधान, सचिव और फर्म संचालक मालामाल हो रहे हैं। वहीं ग्राम सभा की बैठक में 19 हजार 687 रुपए का भुगतान कर किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022/23 में डिजिटल, सीसीटीवी कैमरा के लिए गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम भुगतान किया गया है। यहां तक कि रिबोर का भुगतान भी गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम भुगतान कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2023/24 में 20 मार्च को 70 हजार 324 रुपए का भुगतान शिवम ट्रेडर्स के नाम कर दिया गया है। इस तरह से दर्जनों भुगतान मानक के विपरीत कर लिए गए हैं। सभी भुगतानों की जांच करा ली जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है।

## प्रॉफिट का लालच देकर ऑनलाइन खाते से उड़ाए एक करोड़ 79 लाख

**जन एक्सप्रेस/उरई।** प्रॉपर्टी का लालच देकर शातिर ठगों ने ऑनलाइन खाते से एक करोड़ 79 लाख रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर दी। शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी आदर्श विश्नोई ने साइबर थाने में आरोप लगाते हुए बताया कि सुरेंद्र कुमार दुबे ने उसके खाते से ऑनलाइन वेबसाइट द्वारा इन्वेस्ट करके अच्छे प्रॉफिट का लालच दिया। इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर उसके खाते से एक करोड़ 79 लाख रुपए कुल धनराशि धोखाधड़ी करके निकाल ली। जब पीड़ित को इसका मैसेज आया कि उसके खाते से एक करोड़ 79 लाख रुपए निकाल गया है। जिसके चलते उसने तत्काल बैंक में संपर्क किया। इसके बाद बैंक कर्मचारियों ने इस मामले को तत्काल हाइलाइट किया। वहीं साइबर क्राइम थाना पुलिस ने भी छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित युवक ने बताया कि उसके अकाउंट से छह दफा में कुल रकम को निकाला गया है। जिसमें सबसे पहले 10 अक्टूबर को 40 लाख रुपए निकले गए। इसके बाद 11, 15, 21, 29 अक्टूबर और अंत में 2 नवंबर को भी रुपए ट्रांसफर किए गए। फिलहाल साइबर सेल टीम ने मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कांग्रेस कमेटी कार्यालय रामनगर में मंगलवार को जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित करके संगोष्ठी कार्यक्रम मैं जिला अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि इंदिरा जी आज हमारे बीच नहीं है उनका जन्म 19 नवंबर 1917 को राजनीतिक घराने प्रभावशाली परिवार में नेहरू जी की पुत्री के रूप में हुआ था उनकी माता का नाम कमला नेहरू था इंदिरा जी लगातार तीन बार देश की प्रधानमंत्री के तौर पर भारत की कमान संभाल चुकी है स्वर्गीय इंदिरा जी को भारत के गरीब किसान युवा बेरोजगार गरीब तब के लोगों से अधिक लगाव था आज हमारे बीच इंदिरा जी नहीं है और हम सभी कांग्रेस जन संकल्प लेते हैं कि इंदिरा जी के बताए हुए रास्ते पर अमीरी गरीबी ऊंच नीच किसी प्रकार का मतभेद अपने मन में ना रखें लोगों की मदद करें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी के साथ सभी कांग्रेस जनों ने इंदिरा गांधी अमर रहे का उद्घोष भी किया इस मौके पर कांग्रेस नेता उपस्थित रहे महिला जिला अध्यक्ष शकुंतला पटेल जी आरटीआई विभाग के अध्यक्ष अयूब अंसारी जी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दुलीचंद विश्वकर्मा एससी एसटी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार वाल्मीकि कमल दोहरी जिला उपाध्यक्ष कमालुद्दीन नगर अध्यक्ष मोहन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



### डॉ बीके जैन को नेत्र सेवा के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** संत रणछोड़ दास महराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बी के जैन को पुणे नेत्र सेवा प्रतिष्ठान द्वारा नेत्र सेवा के क्षेत्र में पाँच दशकों के अतुलनीय कार्य एवं योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। पुणे में आयोजित कार्यक्रम में काइनेटिक ग्रुप ऑफ कम्पनी के चेयरमैन अरुण फिरोदिया ने डॉ बीके जैन को यह पुरस्कार प्रदान किया। डॉ बी के जैन नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। जिसके लिए वह राज्यीय, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सहित तमाम पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके है। डॉ जैन अपने हर सम्मान व पुरस्कार का श्रेय नेत्र चिकित्सालय के समस्त स्टॉफ व कार्यकर्ताओं एवं सद्गुरू परिवार के सभी सदस्यों को देते है। राष्ट्रीय पुरस्कार से डॉ बीके जैन को सम्मानित किए जाने पर डॉ मधुसूदन झामवर, डॉ सतीश देसाई, डॉ राजेश पवार, डॉ पीडी पाटिल सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



### दो भाइयों पर गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** दो लोगों ने युवक को घर से ले जाकर उसके साथ मारपीट कर दी। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के आरोप में मामला पंजीकृतकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कालपी कोतवाली के ग्राम मंगरौल निवासी ललित मिश्रा ने रामपुरा थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसके भाई सुमित मिश्रा को गांव के ही निवासी जयवेंद्र सिंह तीन अक्टूबर को जरूरी काम से रामपुरा ले गए थे। जहां ग्राम टीहर के पास उसका भाई राघवेंद्र सिंह पहले से मौजूद था। इसके बाद तीनों बाइक से ऊमरी की तरफ चले तो पेट्रोल पंप के पास उसके भाई से दोनों लोगों ने मारपीट कर दी। जिससे उसके रीढ़ की हड्डी टूट गई। इसके बाद दोनों ने उसे पुलिया से नीचे फेंक दिया और बाइक भी उसी में गिराकर भाग गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा था। जहां से उसे मेडिकल कालेज भेजकर घर के लोगों को सूचना दी गई थी। मेडिकल कालेज में उसकी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने हैलट के लिए रेफर किया था। जहां पर डेढ़ महीने चले इलाज के बाद उसकी सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने ललित मिश्रा की शिकायत पर दोनों भाई जयवेंद्र सिंह व राघवेंद्र सिंह पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बताए मार्ग चले नई पीढ़ी- निर्मला

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला कौंग्रेस कार्यालय में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस दौरान कौंग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। कौंग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि देश के छठवें प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी का कुल कार्यकाल 15 साल और 350 दिन का रहा, जो उनके पिता के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली प्रथम भारतीय महिला प्रधानमंत्री है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को प्रयागराज में हुआ था। इंदिरा गांधी देश की ही नहीं अपितु पूरे विश्व की नेता थी। इंदिरा गांधी देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया था। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि इंदिरा गांधी के भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। जब 1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा ने पिता नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा। मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बनाई। 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कौंग्रेस में शामिल हुई और 1947 से 1965 तक अपने पिता प्रधानमंत्री नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू किया। उन्हें 1972 में भारत रत्न पुरस्कार, 1972 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए मैक्सिकन अकादमी पुरस्कार, 1973 में एफएओ का दूसरा वार्षिक पदक और 1976 में नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा हिंदी साहित्य का वाचस्पति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने स्वेत (दूध) क्रांति की शुरुआत की और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्थापना की। इसके साथ ही उन्होंने अखिल भारतीय ग्रामीण प्रबंधन संस्थान की स्थापना भी की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ कौंग्रेसी शिव गुलाम वर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन अध्यक्ष अरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार कस्बूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कटिया मऊ में महारानी लक्ष्मी बाई व प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस दौरान कौंग्रेस नेत्री निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य निर्मला भारतीय ने पूर्व प्रधानमंत्री के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्यगाथा लोगों को सुनाई।



### मण्डलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चित्रकूट आल ओवर चैंपियन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जनपद हमीरपुर में दो दिवसीय रैली का हुआ समापन। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक ने किया। मुख्य अतिथि ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया। जनपद चित्रकूट आल ओवर रैली मे चैंपियन रहा। जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद सिंह ने बताया की प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कृष्ण कुमार यादव पहाड़ी 50मीटर, 100 मीटर व लम्बीकूद में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन बना। वही जूनियर स्तर बालक वर्ग में कोमल कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय देउधा रामनगर एवं जूनियर स्तर बालिका वर्ग में यशी उच्च प्राथमिक विद्यालय उड़की मानिकपुर चैंपियन ट्राफी जीत कर अपने जिले का नाम रोशन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा ने कहा की जिस प्रकार छात्र-छात्राओं ने मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके अपने जनपद का नाम रोशन किया है अब उनको इसी प्रकार अपने मण्डल का नाम प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में नाम रोशन करना है। समस्त टीम प्रभारी एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक व जिला व्यायाम शिक्षक विजेता छात्र-छात्राओं को निरंतर अभ्यास करते रहें।

# डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने पीएल कमला हास्पिटल किया सील

- विभाग की कछुआ नीति संचालक का सिस्टम हुआ फैल, डीएम का कड़ा रूख देखकर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह

**उरई।** डीएम के आदेश अनुसार मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएल कमला हॉस्पिटल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया।

उरई शहर के बजरिया निवासी शोएब सिद्धीकी की 25 वर्षीय पत्नी अजरा को गर्भवती हालत में बीते दो माह पहले प्रसव पीड़ा होने पर पीएल कमला मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती किया गया था। प्रसूता के पति का आरोप था कि हास्पिटल में उसकी पत्नी की गलत सर्जरी होने से बच्चेदानी खराब हो गई। जिसे झांसी में निकलवाना पड़ा। इस मामले को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई। जिसमे मामला सही मिलने पर 10 दिन पहले सीएमओ ने हास्पिटल की स्वास्थ्य सेवाओं पर रोक लगा दी थी। तभी से जिला प्रशासन ने हास्पिटल को सील करने का मन बना लिया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कछुआ चाल के कारण आगे की इस कार्रवाई पर विराम लगता दिखाई पड़ रहा था। लेकिन मंगलवार को सुबह 11 बजे के करीब नायब तहसीलदार हरदीप और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद भूषण अपनी टीम के साथ जब पीएल कमला मेमोरियल हास्पिटल पहुंच गए। कारवाई होने की खबर मिलते ही शातिर संचालक हास्पिटल में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गया था। अधिकारियों ने कई बार संचालक से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया। लेकिन संचालक की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर बाजार से चाबी वाले को बुलाकर पहले हास्पिटल में लगे ताले को खुलवाया गया। उसके बाद अन्दर का निरीक्षण किया गया। मजिस्ट्रेट ने हास्पिटल के सभी वार्ड देखे।उसके बाद नया ताला लगाकर हास्पिटल को सील करने की कार्रवाई की गई।

### कमला हॉस्पिटल की तरह क्या अन्य हॉस्पिटलों पर भी होगी कार्रवाई




उरई। शहर के कमला मेमोरियल हॉस्पिटल में हुए मामले को सुर्खियों में आने के बाद गठित की गई जांच टीम के द्वारा जांच सौंपने के बाद डीएम के आदेश पर सील कर दिया गया। लोगों में खासी चर्चा बनी हुई है कि कुछ समय पहले जालौन नगर के एक हॉस्पिटल व कालपी रोड पर स्थित एक हॉस्पिटल में भी ऐसी घटनाओं ने जन्म लिया था। जो काफी सुर्खियों में आने के बाद इन हॉस्पिटलों की जांच के लिए भी जांच टीम गठित की गई थी। लोगों का कहना है की जांच के उपरांत क्या कमला हॉस्पिटल की तरह इन हॉस्पिटलों पर भी गाज गिर सकती है या सिस्टम के चलते जांच सिमट कर कचड़े के ढेर में दम तोड़ देगी। फिलहाल डीएम राजेश कुमार का कडा रूख देखकर जांच टीमें अपने-अपने कार्यों को सही अमली जामा पहनाने में लगी हुई है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं। वहीं जिम्मेदारों द्वारा विकास कार्य के नामपर खूब लूटखसोट की जा रही है।

मानिकपुर विकास खण्ड अन्तर्गत अगरहुंडा ग्राम पंचायत के कंपोजिट विद्यालय में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में जमकर अनियमिताएं की जा रही हैं। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र में लोकल मैटेरियल के इस्तेमाल कर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। अनगढ़े स्थानीय पत्थर बोल्डर और घटिया ईंट के साथ क्रेशर डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण बाल विकास परियोजना व ग्राम पंचायत मनरेगा मद से अनुमानित 7 से 8 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी भवन निर्माण में खुलेआम मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है। इस संबंध में जब सीडीपीओ मानिकपुर अनुज प्रतात से बात की गई तो उन्होंने कहा हमारे विभाग से दो लाख रुपया ग्राम पंचायत निधि को दिए गए हैं। घटिया निर्माण की जानकारी आपके द्वारा मिली है, जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा। इस मामले को लेकर जब वीडीओ से बात करने का प्रयास किया गया तो बात नहीं हो सकी।

# जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर जहां कट है, वहां पर रंबल स्ट्रिप, सांकेतिक बोर्ड अवश्य लगवाया जाए। कहा कि राजापुर के मोहरवां पुल को भी तत्काल ठीक कराया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात से कहा कि बड़े वाहनों के वहां से आवागमन पर रोक लगाई जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि देवांगना मार्ग पर निर्मित किए गए अंतर्राज्यीय गेट पर पड़ी निर्माण सामग्री की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराई जाए। सरधुआ की अर्की रोड अत्यंत खराब है, उसको भी ठीक कराए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों पर स्थित विद्यालयों के प्रवेश द्वार पर रंबल स्ट्रिप की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि तहसील कर्वी के पास जो वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं, उनके लिए वाहन स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि संयुक्त भ्रमण करके टेंपो-टैक्सी वाहन स्टैंड के लिए जगह चिन्हित कराएं।

## बाइक व साइकिल भिड़ंत में दो घायल, दोनों रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुरा बम्बी के पास मोटरसाइकिल व साइकिल में टक्कर हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

माधौगढ़ कस्वा के सिहारी रोड मुहोल्ला गांधी नगर निवासी रामशंकर राठौर 65 वर्ष साईकिल पर सवार होकर सुल्तानपुरा गए थे, और वह वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से बाइक पर अपनी पत्नी सुमन को बिठाकर मिहौना मध्य प्रदेश लौटकर आ रहे मुहम्मदपुर निवासी राजपाल यादव 45 वर्ष की बाइक से सुल्तानपुरा बम्बी के पास साईकल में टक्कर हो गई। जिसमें रामशंकर राठौर व राजपाल यादव घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से दोनों लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# किसानों की सुविधा के लिए होती है चकबन्दी प्रक्रिया- राजेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान किसानों को होने वाली समस्याओं एवं उनकी शिकायतों को सुनने के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने मंगलवार को कलवारा खुर्द और अगरहुण्डा गांव में ग्राम चैपाल का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं सुनी गईं।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए है। खासतौर से चकबन्दी प्रक्रिया को निष्पक्षता और पारदर्शितापूर्वक गति प्रदान करने के लिए डीएम ने ग्राम चैपाल का आयोजन कराने को कहा है। जिसमें लम्बे अर्से से चकबन्दी के लिए चयनित गांवों में सुस्त पड़ी प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने मंगलवार को कलवारा खुर्द और अगरहुण्डा गांव में चैपाल लगाकर चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले के 56 गांवों में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। चकबन्दी का उद्देश्य गांव के किसानों को सुविधाएं प्रदान करना है। जिससे अलग-अलग टुकड़ों में बंटे किसानों के खेतों को उनके हक के अनुरूप एक ही स्थान पर कर दिया जाता है। इसके अलावा आवागमन के लिए चकरोड़ और नाली की व्यवस्था भी हो जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान यदि किसी किसान को कोई समस्या हो या शिकायत हो, तो वह चैपाल में बता सकते है। इसके अलावा जिला मुख्यालय में आकर भी इसकी जानकारी उन्हें दी जा सकती है। जिससे चकबन्दी प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके।

चैपाल में बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल वर्धन, सहायक चकबन्दी अधिकारी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, लेखपाल सुरेन्द्र कुमार, शुभम उत्तम समेत ग्राम प्रधान व किसान आदि मौजूद रहे।



# कॉलेज के मैदान में युवक का सर कुचला शव मिलने से फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस। उरई

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बंगरा में राजकीय इण्?टर कॉलेज के खेल मैदान में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने उसकी हत्या करने की आशंका जताई है।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गडेरना के पुरा रूदावली निवासी रानू तिवारी उर्फ गौरव 28 वर्ष पुत्र रामदत्?त तिवारी सोमवार की शाम किसी काम से अपनी बाइक से बंगरा आया हुआ था। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।मोबाइल पर फोन करते रहे लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ, तो थक हार कर वह सुबह का इंतजार करने लगे। उधर बंगरा के राजकीय इण्?टर कॉलेज के खेल मैदान में रानू तिवारी उर्फ गौरव का सिर कुचला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पुलिस को दी।खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान होने के बाद सूचना उसके घरवालों को दी। जैसे ही युवक की हत्?या की सूचना परिजनों को मिली, तो उनमें कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। बताया कि मृतक युवक तीन भाईयों में सबसे छोटा था और उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। परिवार में माता पिता के अलावा बडे भाई गोपाल तिवारी व शिवजी तिवारी हैं। आशंका जताई जा रही है कि? शायद किसी जानने वाले के साथ वह जीआईसी मैदान में देर शाम शराब पार्टी में था और इसी दौरान झगड़ा हो गया। जिसमें उसका ईट से सर कूचकर उसकी हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं बल्कि बचाव की कोशिश में मृतक के कपड़े भी फट गये। जो कुछ दूरी पर पड़े मिले जबकि उसकी गले में पड़ी सोने की चैन व अंगूठी भी मौके पर पड़ी थी। जबकि कुछ दूरी पर मृतक की बाइक भी खड़ी मिली है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कैलिया क्षेत्र के बरोदाकला में किसान ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदाकला निवासी राज कुमार 45 वर्ष ने सोमवार की रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो फंदे पर शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी पर लटक रहे शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह खेती किसानी करता था, लेकिन कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। बल्कि उसका इलाज भी चल रहा था। उन्होंने आत्महत्या क्यों कि परिजन इसकी वजह नहीं बता पा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने परिक्रमा मार्ग के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को परिक्रमा मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं विकास के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कर्वी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, विद्युत विभाग, जल संस्थान, वन विभाग, पर्यटन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य के लिए विद्युत पोल बॉक्स शिफ्टिंग, पाइपलाइन शिफ्टिंग, परिक्रमा मार्ग के चैड़ीकरण, साफ-सफाई आदि कायों का प्राक्कलन तैयार कराए ताकि परिक्रमा मार्ग का पर्यटन विकास कराया जा सके। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि वन विभाग के साथ पूरे परिक्रमा मार्ग का सीमांकन कराए तथा जो अवैध अतिक्रमण है, उसको तत्काल हटवाए। कहा कि प्रत्येक सप्ताह राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका अभियान चलाकर परिक्रमा मार्ग के अतिक्रमण को हटवाएं। किसी भी दशा पर परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। परिक्रमा मार्ग में नाली का पानी बहाने वालों को नोटिस देकर जुर्माना लगाए। साथ ही जो दुकानदार अपनी दुकान के सामने अतिक्रमण किए है, उसके विरुद्ध जुर्माना कराकर वसूली कराए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि जूनियर हाई स्कूल खोही के पास गेट निर्माण का प्रस्ताव बनाया जाए। साथ ही कल्चरल सेंटर व टूरिज्म केंद्र की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी से कहा कि रामायण दर्शन की कनेक्टिविटी के लिए रास्ता बनाए के लिए वन विभाग से संपर्क कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। बिरजा कुंड के पास एक नए शौचालय का निर्माण कराए तथा सीता कुंड के सौन्दर्यीकरण का भी प्राक्कलन तैयार किया जाए। विपणन केंद्र के पास जो स्थित तालाब का अतिक्रमण हटवाकर सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाए। उन्होंने कहा की परिक्रमा मार्ग पर जिन लोगों को मकान गिराने का मुआवजा दिया गया है तथा अगर अभी तक उन लोगों द्वारा मकान नहीं गिराए गए हैं, तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने आर्किटेक्ट से कहा कि मंदिरों, अखाड़ों के सौन्दर्यीकरण तथा खोही गांव की गलियों के निर्माण आदि के डिजाइन तैयार कराए। उन्होंने कहा कि मंदिरों तथा अखाड़ों के अंदर सौन्दर्यीकरण तथा पौराणिक कथाओं का वर्णन, रामायण का वर्णन, सेल्फी प्वाइंट, म्यूरल्स आदि कार्य के लिए जो जगह चिन्हित की गई है उसकी भी डिजाइन बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में बने शौचालयों की जगहों पर बोर्ड लगाकर संचालित किया जाए।



लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 20 नवंबर, 2024




### मणिपुर को लेकर आपके हस्तक्षेप की...

मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। पढ़ें पेज 12 पर...

# दिसंबर 2026 में देश को मिलेगा पहली नाइट सफारी का उपहार : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री का निर्देश, मानकों का पालन करते हुए जानवरों को चिह्नित करने, लाने और क्वारंटीन की प्रक्रिया की जाए प्रारंभ

- लखनऊ में तैयार होगी देश की पहली और विश्व की पांचवीं नाइट सफारी
- लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी लखनऊ की डे और नाइट सफारी, चरणबद्ध रूप से होगी तैयार
- 72 फीसदी एरिया में रहेगी ग्रीनरी, सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को दिया जाए स्थान
- कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की होगी समुचित सुविधा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए।

### राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाए। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी।

### नाइट-डे सफारी की होगी यह विशेषता

- नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रे, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंट की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।
- पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क के अवलोकन हेतु 5.5 किमी. ट्रामवे तथा 1.92 किमी. का पाथवे माध्यम से किया जाएगा
- नाइट सफारी में मुख्यत: एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हॉयना आदि मुख्य आकर्षण होंगे
- कुकरैल नााइट सफारी परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय व रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी प्रस्तावित है
- कुकरैल वन क्षेत्र में स्थापित होने वाले जू में कुल 63 इनक्लोजर बनाए जाएंगे
- जू में सारस क्रेन, स्वांप डियर, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ, अफ्रीकन लॉयन व चिंपाजी मुख्य आकर्षण होंगे
- जू को अफ्रीकन सवाना, इनक्रेडिबल इंडिया, इंजीनियर्ड वेटलैंड नामक थीम क्षेत्रों पर विकसित किया जाएगा

### विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी सफारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। नाइट सफारी के 72 फीसदी एरिया को ग्रीनरी में विकसित किया जाए।

### जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को स्थान दिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि यहां क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन व ऑपरेशन थियेटर की भी समुचित व्यवस्था हो। यहां कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की भी सुविधा हो। उन्होंने कहा कि एडवेंचर जोन के तहत सुपरमैन जिपलाइन, आर्चरी, जिप लाइन, बुरमा ब्रिज, पैडल बोट, स्काई रोलर, फाउंटेन, किड्स एक्टिविटी के लिए जंगल एनिमल थीम, स्काई साइकिल आदि विकसित किया जाए। डे सफारी का विस्तार दूसरे चरण में होगा। बैठक में प्रदेश सरकार के वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, शासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजनीतिक करियर चौपट न कर दे 'चूना' इसलिए चूना से बृजेश पाठक की तौबा

- झांसी मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड के बाद पहुंचे उप मुख्यमंत्री के स्वागत में डाले गए चूने ने की थी फजीहत
- छवि धूमिल होते देख पाठक ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर उनके किसी भी कार्यक्रम में चूना, कारपेट, गुलदस्ता के चलन को बंद करने के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनके किसी भी कार्यक्रम, भ्रमण या दौरे के वक्त चूना डाले जाने, कालीन बिछाने या गुलदस्ता और फूल माला भेंट करने के चलन को बंद करने का निर्देश प्रमुख सचिव को दिया है। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में पिछले दिनों अग्निकांड में 10 मासूम बच्चे झुलस कर मर गए थे। इस बड़ी घटना के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के स्वागत में सड़क पर चूना डाला गया था। इस घटना का लोगों ने जमकर विरोध किया था। लोगों का तर्क था कि अगर सरकारी व्यवस्थाएं सही होतीं तो शायद ऐसी बड़ी घटना न घटती। व्यवस्था को सुधारने की जगह सरकारी तंत्र मंत्रियों और अधिकारियों के स्वागत में अभी भी जुटा हुआ है। इस मामले की वजह से व्यक्तिगत रूप से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की भी खूब फजीहत हुई थी। राजनीतिक करियर को नुकसान होता देख बृजेश पाठक ने प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उनके किसी भी कार्यक्रम में चूने, कारपेट, गुलदस्ते का उपयोग न किया जाए।

# संविधान मेला युवा महोत्सव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव हुए शामिल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र सैरपुर बाजार के पास समाजवादी पार्टी द्वारा विशाल जनसभा में संविधान मेला युवा महोत्सव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर एक बार सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा- लखनऊ में गोमती नदी के किनारे जो हमने रिवर फ्रंट बनाया था उसका काम सिर्फ 9 सौ मीटर का बचा था उसे पूरा करने की जगह सरकार कुकरैल नाले को रिवर फ्रंट बना रही है। इसके लिए अकबर नगर की पूरी बस्ती उजाड़ दी गई। घरों में बुलडोजर दौड़ाया गया। उनको न्याय मिलना जरूरी है। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे हैं। इस दौरान वह जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। इससे पहले पार्टी के प्रवक्ताओं ने मंच से भाजपा पर संविधान खत्म करने का आरोप लगाया साथ ही पीडीए द्वारा संविधान को बचाने की बात कही। भाजपा पर बरसे समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता समाजवादी पार्टी के प्रवक्ताओं ने कहा- भाजपा संविधान विरोधी पार्टी है। वहीं सीएए सहित अन्य कानून बदलने वाली सरकार है। यहां भीमराव अम्बेडकर के बनाए गए संविधान को समाजवादी पार्टी नहीं बदलने देंगी। कहा कि कानून विरोधी भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा सबको बांटने का काम कर अपने मकसद में कामयाब होना चाहती है । बख्शी का तालाब क्षेत्र के सैरपुर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान जिस तरह से हम लोग देख रहे हैं जहां पिछले चुनाव देखा गया कि हम लोग वीडियो का बात कर रहे थे हम लोग संविधान की बात कर रहे थे कोई बीजेपी का रही है कि वह चुनाव संविधान बचाने के लिए लड़ रहे थे इसलिए हमारे हाथ से लेकिन हम साबित करना चाहते हैं कि संविधान जब तक प्रदेश और केंद्र की सरकार बीजेपी की रहेगी तब तक संविधान खतरे में रहेगा। हमे संविधान को बचाने के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ेगी । जहां बीजेपी जातिवाद का आरोप हम पर लगाती रही है । वहीं उन्होंने कहा की जातियां इस देश में एक गड़बड़ किया है अलग अलग जातियों में बट गए हैं बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को जोड़ना सीखाता है। अधिकार दिलाता है इस संविधान को बचाने के लिए बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है । यह संविधान हम लोगों के लिए किसी संजीवनी से काम नहीं है संविधान हमारी ढाल बनाकर रक्षा करता है शक्ति देता है । वहीं हमारा पीडीए का नारा हमारा प्रकाश स्तंभ है संविधान बचेगा तो हम और आप लोग बचेंगे जो संविधान बदलने का काम कर रहे हैं उनसे हमें सावधान रहना है । बीजेपी के वन नेशन वन इलेक्शन के नारी पर पांच करते हुए कहा कि भाजपा ने भ्रमित कर बजट कम करने के बाद कहीं प्रयागराज में नौजवानों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन में यह मांग रखी थी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तेज तर्रार काकोरी पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी कोतवाली काकोरी के प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहें अभियान के क्रम में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक काकोरी नवाब अहमद के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा सोमवार को दो वारंटियों को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार अभियुक्त अमन खान पुत्र स्व0 शमी उल्लास निवासी जनता नगरी फॉर्म शिक्षा भवन कोतवाली वजीरगंज उम्र करीब 24 वर्ष व उदल यादव पुत्र स्व॰ राधे लाल यादव निवासी कठिंगला उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार कर के न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री का निर्देश, तैयार करें नई पीपीपी नीति

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी क्षेत्र की ओर से पीपीपी परियोजनाओं के लिए मिल रहे उत्साहजनक प्रस्तावों को देखते हुए भविष्य के दृष्टिगत राज्य की पीपीपी नीति को और अधिक सरल और व्यवस्थित बनाने की जरूरत बताई है। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 में मिले कुल निवेश प्रस्ताव में से लगभग 10त्न पीपीपी परियोजनाओं के संबंध में थे, जो हमारी नीति के बेहतरीन परिणाम को प्रदर्शित करता है। भविष्य की जरूरत को देखते हुए एक ऐसी नीति की आवश्यकता है, जो पीपीपी के लिए उपयुक्त परियोजनाओं के चिन्हीकरण, स्टेकहोल्डर परामर्श, विकासकर्ता के लिए बिड तैयार करने, प्रोक्योरमेंट प्रोसेस स्टेज, अनुबंध और उसके उपरांत प्रबंधन जैसे सारे विषयों को बेहतर ढंग से संपादित करता हो। इस उद्देश्य के साथ शीघ्र ही राज्य की नई पीपीपी नीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी में एक डेडीकेटेड पीपीपी सेल भी गठित किया जाना चाहिए, जो पीपीपी फ्रेमवर्क को विकसित करके, विभागों को सलाह देकर, निजी निवेश को और सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय करके अंतर विभागीय सहयोग को सुविधाजनक बनाकर, परियोजना कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करेगा।

### 'नौ विधानसभा सीटों के लिए मतदान आज,पुख्ता इंतजाम'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण हो, इसके लिए आयोग ने व्यापक इंतजाम किये हैं। मतदाताओं की सहूलियत के पूरा ख्याल रखा गया है। मतदाताओ से अपील है कि मतदान अवश्य करें।उन्होंने बताया कि 16-मीरापुर, 29-कुन्दरकी, 56-गाजियाबाद, 71-खैर (अजा), 110-करहल, 213-सीसामऊ, 256-फूलपुर, 277-कटेहरी एवं 397-मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन हेतु 20 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक चलेगा। ये निर्वाचन क्षेत्र 09 जनपदों, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर एवं मिर्जापुर में अवस्थित हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतु व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।

# अनुप्रिया एएसपी से बोलीं, गुंडई बर्दाश्त नहीं

## आपके पास 2 घंटे हैं, वरना योगी से शिकायत करूंगी, घायल कार्यकर्ता से मिलने मिर्जापुर आई थीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



पौने 4 बज रहे हैं, 6 बजे तक हमें रिपोर्ट चाहिए..इस केस में क्या हो रहा है। आप लोग कुछ नहीं करेंगे तो फिर देखिए मैं क्या करती हूं? ये गुंडागर्दी जो हो रही है न, ये कार्यकर्ताओं के घर में घुसकर मारा जा रहा है, बच्चियों को उठाया जा रहा, ये सब नहीं चल पाएगा, बर्दाश्त नहीं करूंगी। यह बात केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कही। मिर्जापुर पहुंचीं अनुप्रिया काफी गुस्से में दिखीं। एएसपी नितेश सिंह को उन्होंने मौके पर बुलाया। कार्यकर्ता के बेड के बगल में बैठकर एसपी सिटी से कहा- आप तो और महान हैं, आप तो अब आ रहे हैं। बढ़िया ट्रीटमेंट करवाओ इनका। आप लोगों को जो एक्शन करना है वो करिए, 6 बजे तक का आपको मैं टाइम दे रही हूं। इतना गंदा एटीट्यूड है न आप लोगों का, मतलब मुझे आना पड़ रहा है यहां। इसमें तो आपको खुद ऑन-द-स्पॉट एक्टिव हो जाना चाहिए था। जानकारी होने के बाद आप लोग सो रहे थे..सेम फुल। अनुप्रिया पटेल की इस नाराजगी का वीडियो भी सामने आया है। मामला मिर्जापुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के कुरौठी पांडेय गांव का है। यहां रहने वाले अजय पटेल खेतीबाड़ी करते हैं। साथ ही अपना दल के कार्यकर्ता भी हैं। उनके परिवार वालों ने बताया कि सोमवार देर शाम गांव के कुछ दबंग उनके घर में घुस आए। वो उनके घर में बैठकर शराब पीने लगे। विरोध करने पर पहले तो वो लोग चले गए, लेकिन बाद में फिर से घर में घुस आए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने अजय पटेल के सिर पर लाठी मारी और उनकी पत्नी को भी खूब पीटा। दोनों को मार-मारकर अधमरा कर दिया। फिर नाबालिग बेटी को जबरन खींचकर ले जाने लगे। इस बीच परिवार वालों की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। गांव के लोगों ने ही सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को भी पूरे मामले की सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इस मामले की जानकारी होने पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल घायल पार्टी कार्यकर्ता और उसके परिवार वालों से मिलने मिर्जापुर के मंडलीय अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान घायल कार्यकर्ता की पुलिस के सुनवाई न करने पर भड़क गईं। जहां पर परिवार के लोगों ने मंत्री को बताया कि घटना को एक दिन बीत चुका है, लेकिन पुलिस उनकी कोई मदद नहीं कर रही।

### अनुप्रिया पटेल ने कहा- अगर एक्शन नहीं हुआ तो मामला सीधे सीएम तक जाएगा

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा- वो हमारी पार्टी का कार्यकर्ता है। यह विंध्याचल थाना क्षेत्र का मामला है। कार्यकर्ता के साथ घर में घुसकर मारपीट हुई है। बेटी को जबरन ले जाने की कोशिश की गई। पिता ने विरोध किया तो मार-मारकर उसका सिर फोड़ दिया। मां की हड्डी-पसली तोड़ दी। इतने बुरे हालात हैं। इतनी शर्मनाक बात है कि हमारी पुलिस सो रही है। हमारे यूपी और देश की सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। बहू-बेटियों के साथ हम कोई भी गलत काम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैंने निर्देश दिया है, दो घंटे का समय दिया है। अगर एक्शन नहीं हुआ, तो सीधे ये मामला सीएम तक जाएगा। विंध्याचल थाना क्षेत्र के कुरौठी पांडेय गांव में बीती रात अजय पटेल पर हमले के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सी पी पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है। किसी ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दिया है। वायरल वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

# साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रधान ने कराया चहुंमुखी विकास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

काकोरी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधान ने अपने गांव में कराया चहुंमुखी विकास। जानकारी अनुसार ग्राम प्रधान बरकताबाद जहॉगीराबाद सीमा देवी पत्नी सुनील कुमार ने अपने गांव में सरकार द्वारा मिल रही सुविधाओं का विकास अपने प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार के साथ किस तरह किया आइए आप खुद देखिए। रामू के घर से छेदा पंडित के घर तक, छेदा पंडित के घर से मेन रोड़ तक आरसीसी, अश्वनी पंडित के घर से छेदा पंडित के घर तक, रामदीन के घर से रज्जन लाल के घर तक, व राधे के घर से विजय के घर तक नाली निर्माण, जर्जर पंचायत भवन की मरम्मत कार्य व छत की घोटाई व पंचायत भवन में नए पंखे लगवाए गए, पंचायत भवन के सामने व अगल बगल इण्टर लाकिंग, गांव की मार्केट में चबुतरे व आरसीसी रोड़ का कार्य, गांव में मर्करी लाइटे व सोलर लाइटे, पंचायत भवन के पास से पानी टंकी तक मां नरेगा रोड़, श्यामू के खेत से राम खेलावन के खेत तक, राम खेलावन के खेत से राम नरेश के खेत तक व नूर हसन के खेत से मेड्डू के खेत तक चक मार्ग व आदि विकास कार्य किए गए। इन विकास कार्यों को लेकर जब ग्रामीणों से पूछा तो उन्होंने बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान सीमा देवी व प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार ने जितना विकास कराया उतना विकास पूर्व में किसी ने नहीं कराया। सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधान ने तो पंचायत भवन में लगे पंखे व लाइटे कार्यकाल खत्म होते ही खोल ले गए जब ग्रामीणों ने लाइटे खोले जाने को मना किया तो यह कहकर खोली कि क्या आप इनकी जिम्मेदारी लोगों। यह भी बताया कि साढ़े चार साल हो गए हैं वर्तमान ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि ने विकास कार्य को लेकर कभी किसी के साथ भेद-भाव नहीं किया और इस बार फिर हम अपनी ग्राम पंचायत में इन्हीं को ग्राम प्रधान बनाकर लाएंगे।

# मिशन-9 : चुनाव की घोषणा के बाद 'अपने यूपी' में पांच दिन में योगी ने की 13 रैली, दो रोड शो

## गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने को योगी ने की खूब मेहनत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- माफिया और मल्लिकार्जुन रहे निशाने पर तो योगी ने अखिलेश को भी दिखाया आईना
- हर उपचुनाव में प्रत्याशियों के बीच रहने वाले योगी ने इस बार भी खूब बहाया पसीना
- योगी की मेहनत देख परिवार से बाहर निकले अखिलेश, आई प्रत्याशियों की याद



चुनाव की घोषणा के बाद अपने यूपी में पांच दिन में 13 रैली, दो रोड शो कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव की जमीन सींची। पहले विकास, फिर संवाद के फार्मूले को तय कर योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में भी जीतोड़ मेहनत की। मिशन-9 के तहत गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने को योगी ने कार्तिक व मार्गशीर्ष (अगहन मास) में भी खूब पसीना बहाया। माफिया व मल्लिकार्जुन खड़गे उनके निशाने पर रहे तो अखिलेश यादव की नीति व नीयत पर भी योगी ने निशाना साधते हुए उन्हें आईना दिखाया। अखिलेश,

**माफिया, मल्लिकार्जुन पर निशाना, मतदाताओं से बोले-विकास के लिए फिर कमल खिलाना**

उत्तर प्रदेश उपचुनाव की रैलियों में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य रैलियों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही माफिया भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रहे। योगी ने मतदाताओं से साफ-साफ कहा कि माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश की भांति अन्य राज्यों में भी माफिया हटाने में वे सरकार का साथ दें। माफिया हटाना है और विकास के लिए फिर कमल खिलाना है। योगी की यह अपील काफी कारगर साबित हो रही है। यूपी में माफिया की दुर्गति देख मतदाता योगी के आह्वान के साथ उपचुनाव व आम चुनाव में फिर कमल खिलाने के लिए जुट गए हैं। गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवा व फूलपुर से भाजपा-सहयोगी दलों के विधायकों के सांसद बनने के बाद यह सीटें रिक्त हो गईं। उपचुनाव में भाजपा ने गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को टिकट दिया है। मीरापुर सीट से रालोद की मिथिलेश पाल मैदान में हैं। योगी आदित्यनाथ ने इन सीटों पर फिर से कमल खिलाने के लिए मतदाताओं का आह्वान किया तो वहीं यूपी की अन्य सीटों कटेहरी, करहल, कुंदरकी व सीसामऊ में भी कमल खिलाने के लिए काफी पसीना बहाया। 20 नवंबर को यूपी में वोटिंग होगी और 23 को परिणाम आएंगे।

### योगी की मेहनत देख परिवार से बाहर उपचुनावों में अखिलेश को आई प्रत्याशियों की याद

लोकसभा चुनाव के पहले पत्नी डिंपल यादव के उपचुनाव को छोड़ दें तो अमूमन उपचुनावों में अखिलेश यादव अपने ही प्रत्याशियों को मझधार में छोड़ देते थे। प्रत्याशी उनकी राह देखते थे, लेकिन अखिलेश प्रचाार में नहीं जाते थे। विधानसभा उपचुनाव की भी बात करें तो कई ऐसे मौके आए, जब सपा प्रत्याशी सहारे की तलाश में रहे। जब उन्हें अपनों की जरूरत पड़ी तो अखिलेश नदारद रहे, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने हर चुनाव में अपनों का हाथ थामे रखा। योगी आदित्यनाथ की मेहनत देख इस उपचुनाव में अखिलेश को भी आखिरकार अपनों की याद आ ही गई।

### योगी ने संभाली कमान तो विधानसभा उपचुनाव में कमल व सहयोगियों का कमाल

उत्तर प्रदेश में जब-जब उपचुनाव हुआ, योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रचार की कमान संभाली। इसका परिणाम हुआ कि भाजपा व सहयोगी दलों ने काफी कमाल किया। गोला गोकर्णनाथ में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि के निधन से सीट रिक्त हुई तो 2022 में योगी के प्रचार की बदौलत अमन गिरि यहां से कमल खिलाने में सफल हुए। मई 2023 में छानबे सीट पर उपचुनाव में अपना दल (सोनेलाल) की रिंकी कोल व स्वार टांडा में अपना दल (एस) के शफीक अंसारी चुनाव जीते। इन दोनों के लिए भी योगी ने पसीना बहाया और जनता से संवाद कर इन्हें लखनऊ पहुंचाया। रामपुर में आकाश सक्सेना, ददरौल से उपचुनाव में अरविंद सिंह की जीत भी योगी के संवाद का ही नतीजा है। लखनऊ पूर्व से आशुतोष टंडन के निधन के उपरांत हुए उपचुनाव में भी योगी ने भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए प्रचार-प्रसार किया, वे भी इस सीट से जीतकर सदन पहुंचे।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती कांग्रेस पार्टी के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़े धूमधाम से के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी के सांसद श्री के एल शर्मा जी थे उन्होंने शहर के इंदिरा गार्डन में जाकर इंदिरा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कर नमन किया उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया बताते चलें शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मनोज मिश्रा व उनके साथियों द्वारा जिला अस्पताल में वार्ड में भर्ती मरीजों को फल व बिस्किट वितरण कर जन्मदिन मनाया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी पूर्व अध्यक्ष बीके शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला राजकुमार दीक्षित सैदुल हसन नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास राजेश यादव पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर मनीष सिंह चौहान धीरज श्रीवास्तव प्रमेन्द्र पाल सिंह गुलाटी अभय सिंह आशीष द्विवेदी मनोज त्रिवेदी सर्वोत्तम मिश्रा कल्यांचंद श्रीवास्तव रमाकांत त्रिपाठी बबीता सिंह सभासद पुष्पा यादव सूर्यकुमार बाजपेई अमित मिश्रा पवन त्रिवेदी मोहम्मद उस्मान सुनील कुमार सहित सैकड़ो कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि कर नमन किया।

# नेट और एनएएस परीक्षा को सफल बनाने के लिए संकुल बैठक में चर्चा

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



अमावां ब्लॉक के संकुल बल्ला के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों की मासिक बैठक कम्पोजिट विद्यालय जरैला में सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों की मासिक बैठक में सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ ही सरकार की तरफ से चलाए जा रहे निपुण भारत लक्ष्य, नेट परीक्षा, एनएएस परीक्षा को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही एनपीआरसी स्तर पर विभागीय बच्चों के खेल आयोजन करने को लेकर भी चर्चा की गई।

नोडल संकुल शिक्षक नीरज कुमार ने बताया कि परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शासन के निर्देश पर शिक्षक अपनी तरह से छात्र-छात्राओं को बोर्ड के माध्यम से ओएमआर शीट भरने का अभ्यास करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपने जिले में यह परीक्षा 29 और 30 नवंबर को बेसिक स्कूलों में कराई जाएगीप्रधानाध्यापक राम प्रकाश अवस्थी ने बताया कि इस परीक्षा के आने वाले परिणाम को स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन रिजल्ट अपलोड करने का विकल्प जोड़ दिया गया है। राज्य स्तर पर स्कूलों की निगरानी व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्या समीक्षा केंद्र बनाया गया है, जो प्रत्येक स्कूल के रिजल्ट का विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों को बहुत सावधानी के साथ में यह परीक्षा सम्पादित करानी होगीप्रधानाध्यापक शैल कुमारी और राजेन्द्र सिंह ने दिसंबर माह में एनएएस यानी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक शैक्षिक मूल्यांकन सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, देश भर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सीखने की उपलब्धि का आकलन करने के लिए किया जाता है। इस सर्वेक्षण के ज़रिए, शिक्षा प्रणाली की दक्षता का पता चलता है और सुधार के लिए कदम उठाएं जा सकते हैं। यह सर्वेक्षण तीन साल में एक बार आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट को बेहतर ढंग से विभाग के साथ पर कराने के निर्देश दिए गए।

संकुल शिक्षक सत्यभामा और शिक्षिका मधु पाल ने बताया कि सरकार की तरफ से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की छवि को सुधारने की कड़ी में निपुण भारत अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान से अब सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई का बेहतर माहौल हो रहा है। अब सरकारी विद्यालयों की छवि समाज में भी बेहतर बन रही है। उन्होंने कहा कि अब हमें और सुधार की आवश्यकता है और बेहतर कार्ययोजना के साथ में काम करने की जरूरत है। जिससे विद्यालयों में अकादमिक माहौल को पहले से बहुत ही बेहतर किया जा सकें। बैठक संचालन नोडल संकुल बल्ला नीरज कुमार ने किया और सभी अतिथियों का आभार संकुल शिक्षक प्रवेश यादव ने किया।

## इंदिरा गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

### सांसद किशोरी लाल शर्मा ने युवाओं को किया प्रोत्साहित



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर मंगलवार को संजय गांधी अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर का उद्घाटन अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किया।कार्यक्रम में उन्होंने संजय गांधी अस्पताल की गरीबों के इलाज में योगदान की चर्चा की।और कहा कि अस्पताल शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित होगा। सांसद का स्वागत अस्पताल के प्रशासक मनोज मुद्दू,सीईओ शर्मिला राय चौधरी और सीओओ अवधेश शर्मा की अगुवाई में किया गया।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला।प्रशासक मनोज मुद्दू ने घोषणा की कि अस्पताल जल्द ही मेडिकल कॉलेज का रूप लेगा।जिससे ग्रामीण और गरीब क्षेत्रों के लोग उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित नहीं रहेंगे।रक्तदान शिविर में सांसद ने युवाओं को प्रोत्साहित किया।एवं एक दर्जन से अधिक रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद ने जिले में उर्वरक की कमी पर चिंता जताई।उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों के अनुसार पर्याप्त डीएपी उपलब्ध है,तो किसानों को लंबी कतारों में क्यों लगना पड़ रहा है।उन्होंने इसे जांच का विषय बताया।सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उपचुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की जयंती

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद किया गया, साथ ही यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात सम्बन्धी नियमों की जानकारी दी गयी।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

छात्रा प्रिया पाल ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई मराठा शासित राज्य झाँसी की रानी और 1857 की राज्य क्रांति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई

छात्रा उन्नति ने बताया कि इंदिरा गांधी स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थी, उनकी द्रढ़-इक्षाशक्ति और कार्यों की वजह से उन्हें आयरन लेडी उपनाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लिया और पृथक बांग्लादेश के गठन एवं मैत्री और सहयोग संधि करने में सफलता प्राप्त की। इंदिरा जी की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते पूरे देश में %इंदिरा इज इंडिया,इंडिया इज इंदिरा% का नारा गूंजने लगा

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है और उनकी शक्ति के रूप में उपासना होती है , वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी नारी शक्ति का वह उदाहरण हैं जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है , उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से हमें सीख लेनी चाहिए। उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं।

## बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी जिला पंचायतराज अधिकारी,समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,समस्त जिला समन्वयक,पैक्सफेड प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।जिसमें जिलाधिकारी द्वारा कायाकल्प के 19 पैरामीटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माण की प्रगति, निपुण असेसमेंट टेस्ट,नेशनल अचीवमेंट सर्वे,मध्याह्न भोजन योजना एवं आर टी ई,डी बी टी,आधार नामांकन आदि की समीक्षा की गई। एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। निपुण असेसमेंट टेस्ट में जनपद के बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य किए जाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया।एनबीएमसी पोर्टल से प्राप्त डाटा की समीक्षा की गई।साथ ही निर्देशित किया गया कि संघर्षशील विद्यालयों की निरंतर समीक्षा की जाए।एवं उनको मध्यम और सक्षम विद्यालयों की श्रेणियां लाया जाए।आरटीई के अंतर्गत अलाभित समूह की शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराए जाने,अवशेष जर्जर भवनों की नीलामी शीघ्र कराए जाने, पैक्सफेड संस्था के प्रतिनिधि को शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने,मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत फल हेतु धनराशि ससमय विद्यालयों को उपलब्ध कराने,आधार मशीनों के शत प्रतिशत संचालन कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया।

## धान की फसल का उत्पादन जानने के लिए अपर जिला अधिकारी ने कराई क्रॉप कटिंग, किसानों से किया सीधा संवाद

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जनपद में धान की फसल के उत्पादन और उत्पादकता का आकलन करने के उद्देश्य से मंगलवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने तहसील गौरीगंज के ग्राम मेदन मेवई में क्रॉप कटिंग कराई।उन्होंने राजस्व और कृषि विभाग की टीम के साथ किसान राजेश कुमार,पवनकुमार और ओमप्रकाश के खेतों में जाकर 43.03स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में धान की कटाई कराई।इसके बाद धान की पिटाई और तौल भी कराया गया।धान की तौल क्रमशः 19.600 किग्रा,20.100 किग्रा,15.700 किग्रा और 20.800 किग्रा निकली। बताते चलें कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति के लिए क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े महत्वपूर्ण होते हैं।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की,कि वे अपना धान नजदीकी सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचें।ताकि उन्हें फसल का उचित मूल्य मिल सके।उन्होंने पराली न जलाने पर जोर देते हुए किसानों से इसे गौशाला में देने का आग्रह किया।और बदले में गोबर खाद का उपयोग कर खेतों की उर्वरता बढ़ाने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि पराली का सही उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होगा बल्कि फसल उत्पादन में भी सुधार लाएगा।इस अवसर पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी भूलेख भूपेंद्र प्रताप सिंह,राजस्व निरीक्षक उग्रसेन सिंह, लेखपाल मनीष सरोज और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।किसानों ने क्रॉप कटिंग प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दिखाई।

## देश हमेशा याद रखेगा इन्दिरा जी का बलिदान - शत्रोहन सोनकर

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रीमती इंदिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद रायबरेली के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा जिला चिकित्सालय रायबरेली में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने इंदिरा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाँजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा कि इंदिरा जी ने विश्व पटल में रायबरेली जिले को पहचान दी, 20 अक्टूबर 1984 को उनकी जिले में अन्तिम यात्रा थी। 31 अक्टूबर 1984 को उन्हें स्वयं के सुरक्षागार्डो द्वारा मार दिया गया। देश के प्रति उनका यह बलिदान देशवासी हमेशा याद रक्खेंगे। इंदिरा जी ने रायबरेली जनपद की न केवल राजनैतिक पहचान करायी वरन् कई कल कारखाने, शारदा नहर, पम्प कैनाल, एनटीपीसी आदि विकसित कर युवाओं, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, छात्रों आदि के विकास के लिए कार्य किये। जनपद के अलावा देश के विकास में अद्वितीय कार्य करते हुए अपनी विदेश नीति का विश्व के देशों में लोहा मनवाया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के. शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, राजकुमार दीक्षित, मनोज मिश्रा, सी.एम.एस. डा0 प्रदीप अग्रवाल, डा0 अल्ताफ हुसैन सहित चिकित्सालय के तमाम चिकित्सक एवं कर्मचारी एवं कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर में विराज की संकुल बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी**



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार प्रत्येक मास संकुल बैठक का आयोजन होता है।इसी क्रम में नवम्बर माह की संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर तिलोई में धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जितेन्द्र सिंह चौहान प्रधानाध्यापक एवं श्रवण कुमार त्रिवेदी सहायक अध्यापक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष एवं रमा कान्त मौर्य महामंत्री का स्वागत व अभिनन्दन किया।बैठक का संचालन ललित कुमार मौर्य नोडल संकुल शिक्षक ने किया।माधवेन्द्र प्रताप सिंह एआरपी ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी सभी प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया।उन्होंने बताया निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है।और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है।साथ ही कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम,शिक्षण पाठ योजना,शैक्षिक नवाचार,टी एल एम निर्माण,शत-प्रतिशत नामांकन, हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा-परिचर्चा की गई।ललित कुमार मौर्य ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया। बैठक में शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी दी गई।धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने विस्तार से बताते हुए शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति पर जोर दिया।उन्होंने कहा सभी शिक्षक योग्य हैं,आप सभी मेहनत करके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और विद्यालय निपुण बनायें।रमा कान्त मौर्य महामंत्री ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा-परिचर्चा में जो सीखते हैं और जो भी परियोजना के दिशा-निर्देश हैं,उनका सम्यक पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें।

## समाज में नफरत का जहर फैला रहे हैं योगी - इं. वीरेन्द्र यादव



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

सलोन समाजवादी पार्टी द्वारा सलोन विधान सभा के मटका गांव में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य माता प्रसाद यादव एडवोकेट एवं संचालन जिला महामंत्री अरशद खान ने किया। पंचायत के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि उ0प्र0 के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ नफरत का जहर फैला रहे है। समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि योगी सरकार में एक पैसे का विकास कार्य नहीं हुआ, समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव सरकार द्वारा कराये गये कार्यो का दुबारा उद्घाटन किया गया। जिलों, रेलवे स्टेशनों एवं अन्य संस्थानों के नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा रहे है। इस पर अवसर पर दिनेश यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ, जागेश्वर यादव पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सलोन, वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी, रामकुमार वर्मा, राजेश कुमार मौर्य, शत्रुघ्न पटेल, पवन अग्रहरि, देवनाथ पाल, अनुज बरवारी, रघुनन्दन प्रजापति, रामचन्द्र यादव, रामदेव पासवान, शिवकुमार कोरी, महेश पटेल आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## अयोध्या पहुंचा थाईलैंड बैंकाक का एक दल, रामलला के दर्शन के साथ सरयू तट पर किया पूजन अर्चन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**



थाईलैंड बैंकॉक से प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंचे 15 भक्त, हनुमत ध्यान भवन पीठाधीश्वर महंत पवन कुमार दास ऊंची खड़ाऊ वाले महाराज निर्देशन में मां सरयू के पावन तट पर सभी के कल्याण के लिए सुंदरकांड का पाठ किया और अष्टधातु से बने लॉकेट का पूजन कर जुड़े भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरण करेंगे। महंत पवन कुमार दास महाराज ने बताया कि थाईलैंड और बैंकॉक से 15 भक्तों का दल भारत में धार्मिक यात्रा पर पहुंच और प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहुंचकर श्री राम लला का पूजन कर संतो की सेवा की। श्री महाराज जी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में विदेश से आने वाले लोगों की संख्या बड़ी है। सोमवार को थाईलैंड का एक दल अयोध्या पहुंच आश्रम पर पूजा अर्चना कराया गया और दूसरे सत्र में मां सरयू के पावन तट पर सभी लोक अयोध्या के संतों के साथ सुंदरकांड का पाठ जगत कल्याण के लिए किया और साथ ही साथ अष्टधातु पर अंकित बुद्ध भगवान और प्रभुश्री राम के पूजन किया गया उसके बाद जो भी भक्त धार्मिक यात्रा पर आए हैं और जो लोग इन लोगों से जुड़े हैं, सबको नाम रामनगरी में पूजित सिक्का उनके कल्याण के लिए दिया जाएगा और वह लोग अपने गले में धारण करेंगे।

**खेल-कूद** | प्रतियोगिता में एक दर्जन स्कूलो के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# ए0के0 सावन मेमोरियल ताइक्कांडो चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम**



ए.के सावन मेमोरियल ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग के प्रांगण में दिनांक अयोध्या ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान अयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरविंद सावंत ने दीप प्रज्जवलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक किशन सावन प्रिंसिपल मोहिता खत्री और अन्य राधे प्रजापति, मोहिनी चौरसिया, साक्षी आनंद मयंक शर्मा करमजीत सिंह नीलम यादव प्रदीप शिक्षक गण मौजद रहे। प्रतियोगिता में यूनिवर्सल एकेडमी ,डी.आर.एम पब्लिक स्कूल, एल.पी.एस तेंदुआमाफी बीकापुर ,इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग, नेवल्स नेशनल एकेडमी, आदि विद्यालयों ने तायक्काडो प्रतियोगिता प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा सब जूनियर 38 से 41 किलो भार वर्ग में राघव (गोल्ड मेडल) स्कूल),आयुष्मान (सिल्वर मेडल),वैभव (ब्रॉन्ज मेडल),शशांक (ब्रॉन्ज मेडल) 35 से 38 किलो भार वर्ग में आयुष (गोल्ड मेडल),अक्षय (सिल्वर मेडल),हर्षल (ब्रॉन्ज मेडल),दिव्यांश (ब्रॉन्ज मेडल) 32 से 35 किलो भार वर्ग में,रुद्रांश (गोल्ड मेडल),सार्थक (सिल्वर मेडल),यश (ब्राउज मेडल),वेदांत (ब्रोंज मेडल) 29 से 32 किलो भार वर्ग में,अतुल (गोल्ड मेडल),अमन (सिल्वर मेडल),दिव्यांश सिंह (ब्रोंज मेडल),यश (ब्रांच मेडल)26 से 29 किलो भार वर्ग में रिदम (गोल्ड मेडल),विवेक (सिल्वर मेडल),अर्णव (ब्रोंज मेडल),शिवांश (ब्रोंज मेडल )सब जूनियर गर्ल्स में 38 से 35 किलोग्राम वर्ग मेंअर्णव (गोल्ड मेडल),यशस्वी (सिल्वर मेडल),स्नेहा (ब्राउंस मेडल),काव्या (ब्रॉन्ज मेडल) 32 से 35 किलोग्राम वर्ग में संजू (गोल्ड मेडल)आदिति (सिल्वर मेडल),अनुरुद्र (ब्रॉन्ज मेडल),आराध्या (ब्रॉन्ज मेडल) 29 से 32 किलोग्राम वर्ग में आस्था (गोल्ड मेडल),नैंसी (सिल्वर मेडल),यशस्वी यादव (ब्रॉन्ज मेडल) 26 से 29 किलोग्राम वर्ग में कौशिकी (गोल्ड मेडल),खुशी (सिल्वर मेडल),अन्यया (ब्रोंज मेडल) 23 से 26 किलोग्राम वर्ग में सौम्या (गोल्ड मेडल),आस्था (सिल्वर मेडल) मिस्टी (ब्रॉन्ज मेडल),ईशा श्रीवास्तव (ब्रॉन्ज मेडल) प्राप्त करके वाहवाही लूटी। प्रतियोगिता में निर्णय की भूमिका में विशाल कुमार गुप्ता, पूजा यादव, शगुन सोनी, मुस्कान अग्रवाल, श्रेयारावत , अंकित कौशल ने की। समापन पर आयोजन समिति ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



**मिदनिया गढी ग्राम पंचायत की डेढ़...**

ग्राम पंचायत मिदनिया गढी की लगभग एक एकड़ भूमि राजस्व टीम ने प्रापर्टी डीलर के कब्जे से छुड़ाई मामला काफी विकराल रूप ले रहा था प्रधान अनुश्री अवैध कब्जे...

▸ शेष पेज 07 पर...

# हैलेट अस्पताल में मेडिकल कॉलेज प्रशासन की लापरवाही आई सामने

■ हैलेट अस्पताल के अग्निशमन यंत्र 1 साल से नहीं हुए चेक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर मेडिकल कॉलेज के प्रशासन की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। बीते दिनों झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड के बाद भी अभी तक उत्तर प्रदेश के कई अस्पतालों का प्रशासन सचेत नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार कानपुर मेडिकल कॉलेज में झांसी मेडिकल कॉलेज को हाल ही में हुई घटना में काफी मदद की। लेकिन कानपुर मेडिकल कॉलेज का प्रशासन अभी तक स्वयं नींद से नहीं जगा है। हैलेट अस्पताल में ओपीडी से लेकर सभी विभागों में अग्निशमन यंत्र दीवारों पर लटके हुए देखे जा सकते हैं। लेकिन यह यंत्र काम करते भी हैं या नहीं इस बात की शुध आज तक मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने नहीं ली है। इतना ही नहीं अग्निशमन यंत्रों पर काफी मात्रा में धूल चढ़ी हुई देखी गई है। इतना ही नहीं अग्निशमन यंत्रों के चारों ओर मकड़ियों ने अपना घर तक बना लिया है। ऐसा देखने से प्रतीत होता है कि जब से अग्निशमन यंत्र दीवारों पर लटकाए गए हैं तब से आज तक उन्हें चेक ही नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि कानपुर मेडिकल कॉलेज प्रशासन को झांसी जैसी घटना का इंतजार है।



### अग्निशमन यंत्र की नोजल की सुई मिली रेड पर

फायर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि अग्निशमन यंत्र के नोजल के सी ग्रीन पर है तो सिलेंडर सही है। लेकिन उसकी सुई यदि रेड पर है तो इसका मतलब है कि अग्निशमन यंत्र खराब स्थिति में है और उसे तुरंत सही करना चाहिए। हैलेट अस्पताल के ओपीडी एरिया में जितने भी सिलेंडर लगे हैं उनमें से अधिकतर खराब अवस्था में है।

### फायर विभाग सभी अस्पतालों को दिए गए सख्त निर्देश अग्निशमन यंत्र कराए चेक

शहर फायर विभाग के एफएसओ दीपक शर्मा ने बताया कि कानपुर के सभी अस्पतालों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों को फायर से संबंधित सभी वस्तुओं को दुरुस्त करने के लिए कहा गया है। फायर विभाग की टीमें बनाकर अस्पतालों को चेक किया जा रहा है। और जहां पर अग्निशमन यंत्र खराब स्थिति में है उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है।

# गंगोत्री से गंगा सागर तक रिवर राफ्टिंग करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी देकर किया रवाना





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के संयुक्त तत्वावधान में जनपद कानपुर में जिला गंगा समिति कानपुर नगर के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशिष्ट अभियान गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक यात्रा गंगा नदी के जल प्रवाह के साथ 2500 कि0मी0 की दूरी 53 दिनों में तय की जायेगी।

सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत महिला सीमा प्रहरीयों द्वारा वाईट वाटर राफ्टिंग के माध्यम से दूरी को तय करने की हिंमत व जज्बा नित नए आयाम स्थापित कर यात्रा आगे बढ़ रही है। अभियान का उद्देश्य सशक्त महिला समृध्द राष्ट्र एवं निर्मल गंगा अविरल गंगा, का संदेश फैलाना है।

अभियान दल गंगा नदी तट पर स्थित विभिन्न शहरो करबी/ गौयो से गुजरेगा एवं अभियान के उददेश्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिये हर पड़ाव पर जागरुकता व सफाई अभियान में हिस्सा लेकर स्थानिय नागरिको एवं स्कूली बच्चो के साथ सहभागीता निभा रहा है।

जिसमें अभियान दल की नेतृत्व कर रही बी0एस0एफ0 की उपनिरीक्षक प्रियंका ने जिवन में गंगा नदी का महत्य, उसकी सफाई एवं महिला सशक्तिकरण व प्रदूषण मुक्त पर्यावरण विषय पर अपने विचार प्रगट किये एवं गंगा नदी जल को प्रदूषण मुक्म रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया व गंगा नदी को साफ रखने की शपत भी दिलायी गई।

इसी दौरान गंगा समिति टास्क कोर्स, कानपुर के द्वारा भी जल प्रदूषण और उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव पर एक पाठ व्याख्यान/भाषण प्रस्तुत किया गया।

### लोगों को जागरूक करने के लिए इन विद्यालयों ने निकाली प्रभात फेरी

इसके बाद अभियान दल ने कानपुर के विभिन्न स्कूल के अध्यापको, छात्र-छात्राओं, एन0सी0सी0, स्काउट गाईड एवं एन0जी0ओ0 के साथ स्थानिय नागरिको ने जागरुकता फैलाने हेतु बोटक्लब कानपुर से गंगा बैराज गंगा स्थिति घाट तक प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें लगभग 600 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। साथ ही एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल लगभग 350 छात्र-छात्राओ, एन0सी0सी0 200 कंडेटस् (लडके एवं लडकियों), स्काउट एण्ड गाईड के 100 के साथ कुल 700 से अधिक बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा बहुत ही रोमांचक एवं मोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिस में बच्चो ने गाने, भाषण, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता के उपदेश के साथ जागरुकता फैलाई। तद्धपरांत बोट कलब, कानपुर में मुख्य अतिथि अखिल कुमार, भा0पु0से0, अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर, कानपुर एवं अन्य विशिष्ट व गणमान्य अतिथियों का बी0एस0एफ0 की तरफ स्वागत किया गया एवं अभियान का प्रतिक कैप व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बी0एस0एफ0 के महिला सीमा प्रहरीयों की ट्रेनिंग, सीमा पर उनकी ड्यूटी, इसके अलावा अन्य साहसिक अभियान में भागीदारी जैसे माउन्टनरींग, बाईट वाटर रपिटंग एवं बी0एस0एफ0 में बनाये गये महिला प्रहरीयों के अन्य दस्ते जैसे कि केमल कन्टीजेन्ट, ब्रास बेन्ड, मोटर साईकल टीम (सीमा भवानी) इत्यादी से संबंधित फोटो गैलरी प्रदर्शित कर उपस्थित समी मान्यवरों एवं जनता के समक्ष बी0एस0एफ0 में महिला सशक्तिकरण की झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर स्थानिय प्रशासन कानपुर से श्रीमति दीक्षा जैन, सी0डी0ओ0, सुश्री शैव्या सिंह, कम्युनीकेशन हेड राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, श्रीमति दिव्या, डी0एफ0ओ0. कानपुर, रविन्द्र कुमार, भा0पु0से0, शशांक शुक्ला जिला परियोजना अधिकारी कानपुर,एस0पी0 डी0सी0पी0 ट्राफिक एवं अन्य अधिकारीगण सहित बी0एस0एफ0 के मनोज सुदरीवाल, द्वितिय कमान अधिकारी, दिनेश कुमार, डिप्टी कमाण्डेन्ट, डॉ0 सुबोध कुमार, मेडिकल ऑफिसर व अन्य अधिकारी गण एवं एन0सी0सी0 के जे0सी0ओ0, केडेटस्, कानुपर के विभिन्न स्कूल के प्राध्यापक, अध्यापक व स्कूली बच्चे एवं स्थानिय नागरीक उपस्थित रहें।

# इस वर्ष कानपुर मंडल में अब तक हुई 71 पुरुष नसबंदी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जनपद में पुरुष नसबंदी विधि अब कारगर साबित हो रही है। इस वर्ष अप्रैल से अक्टूबर माह तक पूरे कानपूर मंडल में कुल 71 पुरुष नसबंदी के लिये आगे आये हैं। आज ही शुरुआत करें, पति पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें इस थीम पर 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित होगा, जो दो चरणों में चलेगा। इसमें 21 से 27 नवम्बर तक पहला चरण 'मोबिलाइजेशन' होगा और 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक दूसरा चरण 'सेवा प्रदायगी' होगा। यह जानकारी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक (एडी हेल्थ) डॉ संजू अग्रवाल ने दी। अपर निदेशक ने कहा कि अभी तक सिर्फ महिलाएं ही नसबंदी के लिए आगे आती थीं, लेकिन अब पुरुष भी अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ÷मेरा मानना है कि जो भी लाभार्थी लाभ ले चुके हैं (नसबंदी करा चुके हैं) वह उन सभी के लिए मार्गदर्शक बनें जो नसबंदी कराना चाहते हैं। वह आगे आकर उन लोगों को प्रोत्साहित करें कि पुरुष नसबंदी महिला की अपेक्षा कितनी आसान और कम समय लेने वाली है। सिफ्प्सा के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राजन प्रसाद ने बताया- पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के प्रथम चरण (मोबिलाइजेशन फेज) के दौरान जनपद में एएनएम/आशा कार्यकर्ता समुदाय में गृह भ्रमण करते हुए पुरुषों से सम्पर्क करेंगी। इच्छुक पुरुषों की पहचान एवं संवेदीकरण करते हुए उनका प्री-रजिस्ट्रेशन करेंगी। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी और इसके साथ जुड़े विभिन्न मिथकों को बताते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य इकाइयों में प्रचार-प्रसार सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा।

परिवार नियोजन के क्षेत्र में कार्यरत हेल्थ पार्टनर्स और अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं-संगठनों का समुदाय में पुरुष नसबंदी की सेवाओं को बढ़ावा देने में सहयोग लिया जाएगा।

### सेवा प्रदायगी चरण 28 नवम्बर से

उन्होंने बताया कि शासन से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलने वाले सेवा प्रदायगी चरण में इच्छुक लाभार्थियों को नसबंदी की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जनपद स्तरीय चिकित्सालय के अतिरिक्त क्रियाशील ऑपरेशन थियेटर (ओटी) वाले फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) अथवा ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर पुरुष नसबंदी की जाएगी।

### कानपुर नगर मंडल में शीर्ष पर

मंडलीय एफपीएलएमआईएस एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक अर्जुन प्रजापति ने बताया कि छोटे परिवार के बड़े फायदे को लेकर समुदाय में अनवरत जागरूकता अभियान चलाने का असर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में भी स्पष्ट देखा जा सकता है। इसके साथ ही कानपुर मंडल में पिछले चार वर्षों में कुल 600 पुरुषों से नसबंदी को अपनाया है। इस वर्ष अप्रैल 2024 से अक्टूबर माह तक कुल 71 पुरुषों ने नसबंदी को अपनाया है। पूरे मंडल में सर्वाधिक 48 पुरुष नसबंदी के साथ कानपूर नगर जनपद अब तक शीर्ष पर है। उन्होंने बताया की पुरुष नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को 3000 रूपए की प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है।

# धुंध कानपुर पर छाई, पारा पांच डिग्री सेल्सियस गिरा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में छाई धुंध हवाएं कानपुर परिक्षेत्र परिक्षेत्र में ले आईं। मंगलवार तड़के से धुंध दिन भर छाई रही और ठंडक महसूस हुई। दोपहर को धुंध की चादर हल्की हुई लेकिन शाम होते ही फिर बढ़ गई। दृश्यता सामान्य डेढ़-दो किमी से घटकर तीन सौ मीटर पर आ गई। दिन में धुंध रहने से अधिकतम तापमान सामान्य औसत के नीचे आ गया। एक दिन में अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा है।

सीएसए के मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले पांच दिन धुंध बनी रहेगी। लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि धुंध (स्मॉग) दिल्ली, हरियाणा और पंजाब पर छाया हुई थी। हवाओं की वजह से धुंध उड़कर प्रदेश के पश्चिमी और मध्य भाग में आ गई। इसका असर कानपुर परिक्षेत्र पर भी रहा। उन्होंने बताया कि जब तेज हवाएं चलेंगी तो धुंध आगे चली जाएगी। मंगलवार को दिन भर धुंध रहने से ठंडक महसूस हुई। धुंध का असर दिन के अधिकतम तापमान पर आया। सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अफसर अजय मिश्रा ने बताया कि सुबह चार बजे से धुंध बढ़ गई।

# 40 हजार रुपए वापस लेने गए युवक की हुई हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन ओरछी गांव के खेतों में मिले शव शिनाख्त हो गई है। मंगलवार को उसके परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शिनाख्त की। युवक का भाई आरटीओ में संविदा कर्मी है। परिवार वालों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करने का शक जताया है। मृतक युवक कानपुर देहात का रहने वाला था।

सूत्रों के मुताबिक जैनपुर कानपुर देहात निवासी सूरज तिवारी उम्र लगभग 27 वर्ष 17 नवंबर को घर से निकाला था। भाई सौरभ तिवारी ने बताया कि सूरज ने क्षेत्र के एक व्यक्ति का नाम लिया था। कहां था कि उसने 40 हजार रुपए उधार लिए थे। वही देने के लिए रनिया बुला रहा है। यह कहकर वह घर से सुबह 7.00 बजे निकल गया था। और 7.15 से उसका फोन स्विच ऑफ जाने लगा। सौरभ ने बताया कि वह भाई सूरज को सब जगह खोजते रहे मगर उसका कुछ पता नहीं चला। इसलिए उन्होंने अकबरपुर थाना कानपुर देहात में उसकी गुमशुदा की दर्ज कराई। तब वहां से पुलिस ने सोमवार की रात 9.00 बजे उन्हें घटना की जानकारी दी।

शो की समाप्त करने के लिए कानपुर पोस्टमार्टम हाउस जाने के लिए कहां था।

### उधार पैसे लेने ना जाता तो सूरज की जान बच जाती

सूरज के भाई सौरभ ने बताया कि क्षेत्र के ही कल्लू ने दो माह पहले ?40 हजार रुपए लिए थे। कहां था कि वह शाम तक वापस दे देगा। इसके बाद भी उसने पैसा वापस नहीं दिया। जिसके लिए सूरज कई बार उससे पैसे मांग चुका था। भाई ने आरोप लगाया कि जिस युवक ने रुपए उधार लिए थे वह पहले भी दो हत्याएं कर चुका है। उसी ने फोन करके भाई को बुलाया था। भाई सौरभ ने यह भी बताया कि उसके घर से जहां सूरज का शो मिला उसे खेत की दूरी 50 किलोमीटर है। वह वहां पर कैसे पहुंचा यह बड़ा सवाल है। डीसीपी साउथ अंकित शर्मा ने बताया कि कल्लू को अकबरपुर पुलिस ने पकड़ लिया है। अकबरपुर पुलिस सी इस मामले को हत्या की तहरीर में तरमीम कर रही है। आरोपी अंडे वाले मां के नाम से फेमस है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है आगे की विवेचना अकबरपुर पुलिस ही करेगी।

## बैंक अधिकारी बनकर 3.40 लाख रुपये हड़प लिए

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रिश्तेदार और बैंक अधिकरी बनकर बाबूपुरवा निवासी दंपती से साइबर ठगों ने 3.40 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाबूपुरवा ए ब्लॉक निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि पत्नी के फेसबुक में मैसेज आया था। इसमें 4.75 लाख रुपये ट्रांसफर होने की स्लिप थी। जिस अकाउंट से मैसेज आया उसमें भांजे की फोटो लगी थी। थोड़ी देर बाद एक फोन आया। कॉलर ने कहा कि कि भांजे से बात हुई है, उसने अकाउंट में रुपये भेजे हैं। अब रुपये ट्रांसफर करने को बोला है। इसके बाद उन्हें धोखा देकर बैंक के खाते से 3.40 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इस बीच भांजे का मैसेज आया कि उसकी आईडी हैक है।

## बड़ौदा यूपी बैंक में चोरी की कोशिश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। महाराजपुर में सरसौल पुलिस चौकी से 100 मीटर दूर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में सोमवार देर रात चोर खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल काटकर भीतर घुसे। चोरों ने बक्से और मेजों में लगे ड्रार के लॉक को तोड़ा, लेकिन हाथ कुछ न लगने पर भाग गए। मंगलवार सुबह बैंक खुलने पर घटना की जानकारी हुई। डीसीपी पूर्वी के साथ फॉरेंसिक व सर्विलांस टीम ने जांच कर साक्ष्य जुटाए। सरसौल में बड़ौदा यूपी बैंक की इमारत से सटा शिवनाथ-शिवदास जूनियर हाईस्कूल है। स्कूल के मुख्य गेट के भीतर बैंक की एक खिड़की लगी हुई है। सोमवार देर रात चोर इसी खिड़की में लगी ग्रिल काटकर बैंक में दाखिल हुए। यहां रखे एक बक्से का ताला तोड़ा। इसमें एटीएम रखे हुए थे। कैशियर की मेज में लगे लाकरों को भी तोड़ा, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। हालांकि चोर मुख्य तिजोरी तक नहीं पहुंच पाए। घटना रात 12 बजे से भोर के बीच की होने की आशंका है।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने भारत रत्न इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की पूर्व महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी के 108 वीं जयंती के पावन अवसर पर मेस्टन रोड, टोपी बाजार मोड़ स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा को दूध एवं गंगाजल से स्नान करने के साथ ही सुगनधित फूलों से सुसज्जित करके प्रतिमा स्थल को तिरंगे झंडे झंडों से सजाकर पुष्पांजलि सभा में इंदिरा जी को देश की समर्पित देशभक्ति एवं अलौकिक देवी शक्ति की मसीहा बताते हुए अपने कार्यकाल में उनके द्वारा प्रतिपादित देश में कृषि नीति एवं भूमि सुधार लाई गई। भूमि सुधार जैसे क्रांतिकारी कदमों ने तत्कालीन समय में केवल देश में व्याप्त अन की समस्या को समाप्त किया बल्कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना उनके व्यक्तिगत संपर्क व व्यापारिक की कंपनियों की लाभों की सीमा पर अंकुश लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक सेवाओं का विस्तार भी किया।

पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी पूर्व विधायक, लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा ने इंदिरा गांधी को 20वीं शदी की विश्व की ख्याति मान्य महिला नेत्री बताते हुए उनके द्वारा लिए गए 20 सूत्री कार्यक्रम को तत्कालीन भारत के अस्त-व्यस्त जीवन में सुधार लाने का उपक्रम बताते हुए राजाओं के प्रीवीपर्स समाप्त करने जैसे साहसिक कदम के साथ साथ पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभक्त कर बांग्लादेश का प्रादुर्भाव इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता एवं परिपक्व राजनीतिग् होने का प्रत्यक्ष प्रमाण ही नहीं उन्हें देवी शक्ति का मसीहा भी प्रदर्शित करता है। इंदिरा गांधी की त्याग तपस्या एवं देश के प्रति समर्पण के साथ अपने प्राणों का उत्सर्ग सदैव देश याद रखेगा।

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन वार्ड अध्यक्ष शांतनु दीक्षित व अमिताभ दत्त मिश्र ने व धन्यवाद आशुतोष शुक्ला ने दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, पवन गुप्ता, श्याम देव सिंह, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, नीरज द्विवेदी, संजय बाथम, राम गोपाल उत्तम, रवि शंकर तिवारी, आरके त्रिपाठी, अफजाल अहमद चंद, शकील मंसूरी, आतिफ रहमान, हरीश गुप्ता, रमेश मिश्रा रम्मू, मुन्ना खान, रवि बाजपेई, रामजी दुबे उमेश वर्मा, मनोज दुबे पिंकू, राजेंद्र वाल्मीकि, राधेश्याम कश्यप आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# फजलगंज स्थित टाटा कार शोरूम में लगी आग



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

फजलगंज स्थित टाटा कार शोरूम साईं मोटर्स में मंगलवार की सुबह अचानक से आग लग गई। आंख की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की लगभग नौ गाड़ियां और सीएफओ फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आंख की चपेट में आने से कई कार जल गई तो कई गाड़ियों को टीम ने समय रहते बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड की टीमों ने घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। तब कहीं जाकर शोरूम के मालिक और होटल संचालक ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि फजलगंज स्थित साई मोटर्स में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड स्टेशन फजलगंज करनैलगंज लाटूश रोड और किदवई नगर समेत अन्य सेंटर से लगभग नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में शोरूम धुएं के गुब्बर से भर गया। शोरूम के ऊपर होटल सेलिब्रेशन बना हुआ है। होटल तक आज पहुंचने की आशंका थी। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीमों ने शोरूम में चौतार पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। इसके साथ ही एक टीम ने शोरूम में रखी कारों को बाहर निकलना शुरू कर दिया। घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचने से बड़ी घटना होने से टल गई।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AYC-WVM-2024 |
| कार्य का विवरण | Installation and operation of Water Vending Machines (WVM's) at Ayodhya Cantt. Railway Stations over Lucknow Division, Northern Railway for the period of 5 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.11.2024 at 10:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Detailes of WVM's to be auctioned are as under:-

| S.No. | Station | PF No. | Lot No. | No. of WVM |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AYC | 2/3 | MSS-LKO-AYC-WVM-80-24-1 | 2 |
| 2 | AYC | 4/5 | MSS-LKO-AYC-WVM-81-24-1 | 2 |
| 3 | AYC | 1 | MSS-LKO-AYC-WVM-79-24-1 | 3 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3557/2024


# रोडवेज बस व ट्रक की आपस में हुई भिड़ंत, दोनों चालकों की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





घाटमपुर में रोडवेज बस और ट्रक के आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वही बस में बैठे कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राहगीर ऑन द्वारा पुलिस को सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। प्रशासन ने गैस कटर से स्ट काट कर फंसे यात्रियों को बाहर निकाल। घटना के बाद करीब 3 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

सूत्रों के मुताबिक घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाईवे पर स्थित चीनी मिल मोड़ के पास कानपुर से राठ जा रही राठ डिपो की रोडवेज बस और ट्रक के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सभी यात्री बस के अंदर से बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। हादसे में बस में दो यात्री फंस गए दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद रोड पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस रास्ते को सामान्य करने का प्रयास कर रहने लगी। राहगीरों ने घटना की सूचना घाटमपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादा घायल यात्रियों को कानपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कानपुर एडीएम एफआर राकेश कुमार और डीसीपी ट्रैफिक अंजली विश्वकर्मा भी घटना स्थल पर पहुंच गई। उन्होंने बस के परिचालक आत्माराम से घटना की जानकारी जुटा है। आत्माराम अधिकारियों को बताया कि बस में लगभग 40 सवारियां बैठी हुई थी कोहरा होने के चलते सामने से आ रहा ट्रक दिखाई नहीं दिया। ओवर टेक करने के दौरान घटना घटित हुई है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सांस्कृतिक मार्क्सवाद

## सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन का हथियार

**भारत की सनातन परंपरा का नुकसान कर इसे इस्लामिक एवं ईसाई ताकतों का उपनिवेश बना दिया जाए। इन्हीं उपरोक्त विचारों के क्रम में विगत 3 दशाब्दियों से वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के नाम पर पूंजीवादी देशों (अमेरिका, यूरोप एवं चीन) के द्वारा भारत को आर्थिक उपनिवेश बनाने एवं धर्मान्तरण की शक्तियों द्वारा इसे अरब एवं वेटिकन का धार्मिक उपनिवेश बनाने हेतु भारत की कुटुंब प्रणाली पर लगातार आघात किया जा रहा है क्यों की यही परिवार व्यवस्था इन कुचक्रों हेतु सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। उपभोक्तावाद वह सिद्धांत है जिसके अनुसार ऐसे विचार गढ़े जाते हैं की जो व्यक्ति बड़ी मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करते हैं।**

*2004 में टाइम पत्रिका के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक प्रसिद्ध ब्रिटिश-अमेरिकी इतिहासकार इतिहासकार नियाल फर्गुसन ने कहा है, सॉफ्ट पावर बहुत शांत होता है। हमें सेना या आर्थिक हार्ड पावर को प्रयोग करने की आवश्यकता ही क्या है जबकि हमारे पास इससे बेहतर संसाधन सॉफ्ट पावर के रूप में मौजूद हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत जी ने जब नागपुर में विजयदशमी के अवसर पर अपने संबोधन में सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वोक संस्कृति पर अपना विचार रखा तो नियाल फर्गुसन की इस बात के दीर्घकालिक मायने भारत के परिप्रेक्ष्य में समझे जा सकते हैं। खुद को 'जागृत' या 'वोक' कहने वाले लोग आधुनिकता के नाम पर पारंपरिक मान्यताओं और व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। भागवत जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि ये विचारधारा विनाशकारी और सर्वभक्षी है, जो भारतीय समाज के मूल्यों और उसकी सांस्कृतिक धरोहर के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये लोग न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सुव्यवस्था, नैतिकता, उपकार और गरिमा के विरोधी हैं। उनके अनुसार, ये ताकतें समाज में अलगाव और भेदभाव पैदा करके उसे कमजोर करना चाहती हैं ताकि विनाशकारी शक्तियों का प्रभुत्व कायम किया जा सके। वोक संस्कृति की आलोचना करते हुए भागवत जी ने कहा कि ये लोग शिक्षा और मीडिया पर नियंत्रण करके समाज को भ्रम, भय और घृणा के चक्रव्यूह में फंसाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वोक विचारधारा का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक वातावरण को अराजक और भ्रष्ट बनाना है, जिससे समाज भीतर से कमजोर हो जाए। भागवत जी ने कहा कि इस विचारधारा से प्रभावित लोग नहीं चाहते कि भारत अपने दम पर खड़ा हो और इसलिए वे समाज की एकजुटता को तोड़ने के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित सकारात्मक बदलावों के साथ आगे बढ़ें, जिससे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को सही दिशा मिल सके। कुल मिलाकर भागवत जी ने सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन पर आघात करते हुए भारतीय समाज को इसके विरुद्ध जागरूक करने का प्रयत्न किया। आइये मोहन भागवत जी के इन विचारों का गहराई से जाननें का प्रयत्न करते हैं। दुनिया में हुए लोकतांत्रिक जागरण एवं संचार क्रांति के द्वारा जब औपनिवेशिक शक्तियों के लिए सामाजिक व शारीरिक गुलामी संभव नहीं रही तो वैचारिक गुलामी का एक नया दौर प्रारंभ किया गया जिसे सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन कहा जाता है। इस नए दौर की औपनिवेशक शक्तियां धर्मान्तरणकारी, पूंजीवादी और वामपंथी स्वरूपों में इस वैचारिक गुलामी को प्रभावी बनाते दिखाई देती हैं। वैश्विक स्तर पर इस्लाम एवं ईसाइयत के बीच चलने वाला घोषित युद्ध हो या पूंजीवादी देशों एवं वामपंथी विचारधारा के बीच का अघोषित युद्ध, भारत इन अधर्मी ताकतों के लिए जनसँख्या, भूगोल, जलवायु, आदि सभी रूपों से अपने प्रदर्शन के लिए सबसे सुखद संभावनाओं वाला देश दिखाई पड़ता है। दुनिया भर में 1991 में हुए साम्यवादी-वामपंथी शक्तियों के पराभव के बाद चीन धीरे-धीरे एक पूंजीवादी देश बन गया तथा भारतीय वामपंथी विचारधारा भारत में एक परिजीवी बनकर इस्लामिक एवं ईसाई धर्मान्तरण एवं पूंजीवादी ताकतों की बी टीम के रूप में कार्य कर रही है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विध्वंस की निगरानी भेदभाव सम्बंधी चिंताओं को दूर करती है और वैध, न्यायसंगत कार्यवाही को लागू करती है। यूपी में स्वतंत्र ऑडिट टीमें कानूनी दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करने और पक्षपातपूर्ण लक्ष्यीकरण को रोकने के लिए विध्वंस का आकलन करती हैं। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच जटिल संतुलन को उजागर करता है। कानूनी सुरक्षा, पारदर्शी प्रोटोकॉल और जवाबदेही सुनिश्चित करके, भारत ऐसे शासन को बढ़ावा दे सकता है जो कानून के शासन और मानव गरिमा का सम्मान करता हो, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ संरेखित हो और प्रभावी प्रशासन को सक्षम बनाता हो।**

# प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत को नजरअंदाज न करें



डॉ. सत्यवान सौरभ

**15-दिन की नोटिस अवधि को अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और मनमाने ढंग से किए जाने वाले विध्वंस से बचाते हैं। प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास या मुआवजा प्रदान करना प्रशासनिक कार्यों को सामाजिक न्याय सिद्धांतों के साथ जोड़ता है।**

सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का बड़ा निचोड़ यह है कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का कोई उल्लंघन न करें। इस फैसले से साफ हो गया है कि बुलडोजर न्याय अकसर उचित नोटिस या बचाव का मौका जैसी कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार कर देता है, जो संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को चुनौती देता है। हाल ही में हुए विध्वंस में, परिवारों को न्यूनतम नोटिस दिया गया, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। यह प्रथा निर्दोषता की धारणा का खंडन करती है, जहां व्यक्तियों को बिना किसी परीक्षण या दोषसिद्धि के दोषी माना जाता है, जो कानून के शासन का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश में, बिना किसी ठोस सबूत के केवल आरोपों के आधार पर संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया, सबूत के कानूनी मानकों की अवहेलना की गई। विध्वंस न केवल अभियुक्तों पर बल्कि परिवारों और समुदायों पर भी प्रभाव डालता है, जो सामूहिक दंड के विरुद्ध सिद्धांत का उल्लंघन करता है। मध्य प्रदेश में, एक सदस्य की कथित संलिप्तता के कारण विध्वंस ने परिवारों को बेघर कर दिया, जिससे निर्दोष आश्रित प्रभावित हुए। बुलडोजर न्याय कार्यकारी और न्यायिक भूमिकाओं को धुंधला कर देता है, क्योंकि प्रशासनिक निकाय अनुच्छेद 50 का उल्लंघन करने वाले न्यायालयों के लिए दंड निष्पादित करते हैं। न्यायालय के निर्देशों के बिना संपत्तियों को ध्वस्त करना अधिकारियों को उनके दायरे से बाहर काम करते हुए दिखाता है, जो न्यायपालिका की भूमिका का उल्लंघन करता है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उजागर किया है, उचित नोटिस या सुनवाई का अभाव प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे उन्हें बचाव का कोई अवसर नहीं मिलता। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और अतिक्रमणों पर त्वरित कार्यवाही को बनाए रखता है। अनधिकृत संरचनाओं के त्वरित विध्वंस से शहरी विकास में देरी खत्म होती है और भूमि प्रबंधन प्रक्रिया सुव्यवस्थित होती हैं। दिल्ली (2023) में, जहांगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में विध्वंस अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माण की रिपोर्ट सामने आने के बाद सार्वजनिक स्थानों को जल्दी से पुनः प्राप्त करना था, जिससे शहरी विकास परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। अवैध निर्माण के तत्काल परिणाम एक शक्तिशाली चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य में उल्लंघन को हतोत्साहित करते हैं। अतिक्रमित क्षेत्रों का तेजी से पुनर्ग्रहण उनके उचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर शहरी शासन और सार्वजनिक उपयोगिता में योगदान मिलता है। निर्णायक कार्यवाही राज्य की कानूनों को बनाए रखने की क्षमता को मजबूत करती है, जिससे शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है। लंबे समय तक चलने वाली कानूनी और नौकरशाही देरी को दरकिनार करके, यह लागत को कम करता है और भूमि विवादों के समाधान में तेजी लाता है। दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन (2023) की तैयारियों के दौरान, क्षेत्र को सुंदर बनाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थलों के पास से अतिक्रमण को तेजी से हटाया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए प्रभावी संसाधन प्रबंधन का प्रदर्शन हुआ। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन- उचित प्रक्रिया के बिना तोड़फोड़ अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है, जो आश्रय के अधिकार सहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है। ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि आवास अधिकार जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग हैं, हाल ही में हुई तोड़फोड़ में इस सिद्धांत का उल्लंघन किया गया। विध्वंस नीतियों को लागू करने में एकरूपता की कमी प्रक्रियात्मक मनमानी को जन्म देती है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। पूजा स्थलों या सांस्कृतिक महत्त्व के स्थलों को नष्ट करना, धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर सकता है (अनुच्छेद 25-30)। कानूनी नोटिस या सुनवाई के बिना मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस व्यक्ति के संपत्ति रखने और उसका आनंद लेने के अधिकार को कमजोर करते हैं। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के अधिकार के अलावा उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ दंडात्मक उपायों के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर विध्वंस अभियान असहमति पर भयावह प्रभाव डालते हैं। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है, जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाए, जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है। पूर्व सूचना, न्यायिक समीक्षा और अपील समय के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। 15-दिन की नोटिस अवधि को अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और मनमाने ढंग से किए जाने वाले विध्वंस से बचाते हैं। प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास या मुआवजा प्रदान करना प्रशासनिक कार्यों को सामाजिक न्याय सिद्धांतों के साथ जोड़ता है।



**कानूनी नोटिस या सुनवाई के बिना मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस व्यक्ति के संपत्ति रखने और उसका आनंद लेने के अधिकार को कमजोर करते हैं। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के अधिकार के अलावा उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 16:56 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 14:52 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | शुभा, 13:04 |
| सूर्योदय: | 06:51 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 12:06-13:24 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### बस थोड़ा सा इंतजार !

*अपने अपने ढंग से ।*
*शब्दों को पिरोया ।।*
*बस थोड़ा सा इंतजार ।*
*क्या खोया क्या पाया ।।*
*छूटे तीखे बाण ।*
*ना कोई भी कम ।।*
*दिया बराबर उत्तर ।*
*ना इसका है गम ।।*
*आएगा परिणाम अब ।*
*है सबको ये इंतजार ।।*
*मान रहे हैं सारे ।*
*अपनी ही बहार ।।*
*तय किसी की हार ।*
*और किसी की जीत ।।*
*होगा जल्द खुलासा ।*
*किससे किसकी प्रीति ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*आज न जाने मेरे दिल क्या हाल है,*
*सुर है न ताल है हाल मेरा बेहाल है।*
*आंखों से क्या जरा ओझल हुए तुम,*
*जिन्दगी की हर चाल ही बेचाल है।*
*सोते जागते दिखते सपने तुम्हारे*
*इश्क की जिद्द जी का जंजाल है।*

*हर कसौटी में मुझे क्यों परखते हो,*
*आशिक़ी में इस बात का बवाल है।*
*कैलेंडर बन गये है इश्क के हर पल,*
*तेरा रूबरू न होना इश्क का सवाल है ।*
*महफ़िल में हर तरफ तारीफ तेरी,*
*शर्म से क्यूँ हसीन चेहरा लाल है।*
*गुम हो चुका मै तुझमें ही संजीव,*
*लम्हा लम्हा सुर्ख रंगे-गुलाल है।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान***

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रात में ब्लड ग्लूकोज को कंट्रोल रखना है तो डिनर में खाएं हाई फाइबर फूड्स, मिलेगा फायदा



**ज्यादातर** लोग शुगर होने का मतलब डाबिटीज ही समझते हैं। हालांकि, जिस तरह से ब्लड शुगर अधिक होने की समस्या होती है, ठीक उसी तरह कुछ लोग ब्लड शुगर या ब्लड ग्लूकोज लो होने की समस्या से भी ग्रसित होते हैं। ब्लड शुगर लो होने पर व्यक्ति को घबराहट महसूस होती है। इसके अलावा, लो ब्लड ग्लूकोज के लक्षण रात के समय महसूस होते हैं। इसमें व्यक्ति को नींद आने में परेशानी होती है। रात में अचानक भूख लगने लगती है। साथ ही, कुछ मीठा खाने का मन करता है। इस समस्या में मरीज अपनी डाइट में बदलाव कर सकते हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि फाइबर को डाइट में शामिल करने से लो ब्लड शुगर की समस्या को आसानी से कम किया जा सकता है। फाइबर कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है।

**फलियां:** दाल, चने और राजमा जैसे फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ ब्लड शुगर को स्थिर रखने में मदद करते हैं। इन्हें रात के खाने में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। आप लो ग्लूकोज से बचने के लिए इन्हें डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**ओट्स:** ओट्स में सोल्यूबल फाइबर की हाई मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को स्थिर रखने में मदद करता है। रात के खाने के बाद ओटमील का ब्लड ग्लूकोज को रातभर संतुलित रख सकता है।

**एवोकाडो:** एवोकाडो बाजार में आसानी से उपलब्ध है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, मिनरल्स से भरपूर होते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल, लो ब्लड शुगर और हाई बीपी के स्तर में सुधार करने में मदद करता है।

**ब्रोकोली:** इस सब्जी में मिनरल्स, फाइबर, विटामिन पाए जाते हैं। यह ब्लड शुगर को संतुलित रखने में भी मदद कर सकता है। आप रात की डाइट में ब्रोकली को शामिल कर सकता है।

**दही:** दही में प्रोटीन और फाइबर होता है, जो ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित रखने में मदद करता है। सोने से पहले दही का एक छोटा कटोरा लो ब्लड शुगर को रोकने में सहायक हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# मुश्किल नहीं सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसरों का सृजन



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाई-वे, एक्सप्रेस हाई-वे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है।**

**ऐसे में विकास या आर्थिक गतिविधियां केन्द्रीकृत ना होकर के विकेन्द्रीत होगी और स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर व कौशल विकास संभव हो पाएगा। हमारे लिए यह रिपोर्ट इसलिए चिंतनीय नहीं होनी चाहिए कि देश में सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना कोई चुनौतीपूर्ण काम नहीं होगा केवल सोच व क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।**

**अमेरिकी** बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्स की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी भी हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार जीवीए यानी कि ग्रास वैल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हालांकि जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था उछाल भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों-कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ें। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की ओर पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा। यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्चरिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है। केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही हैं तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाई-वे, एक्सप्रेस हाई-वे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। इसमें कोई दोराय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बेंगलुरु को आईटी का केन्द्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोएडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसे में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढ़ाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं। वैसे देखा जाए तो पिछले बीस साल में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई हैं। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियो भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया के देश खास तौर से रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास-ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो यूरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। फिर देश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिस तरह से दुनिया के देशों पर डॉमिनेट होकर उभरा है उसके भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं। एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेन्द्रीत विस्तार हो और रोजगारपरक गतिविधियां आसान हों। बाजार के हालात अच्छे होने के साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाना होगा।

# मिदनिया गढी ग्राम पंचायत की डेढ़ एकड़ भूमि पर प्रापर्टी डीलर का कब्जा राजस्व टीम ने छुड़ाया

■ काफी समय से प्रधान अनुश्री और प्रार्पटी डीलर के बीच चल रहे थे आरोप प्रत्यारोप प्रधान की हुई जीत ग्राम समाज की भूमि राजस्व टीम ने छुड़ाई





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम पंचायत मिदनिया गढी की लगभग एक एकड़ भूमि राजस्व टीम ने प्रार्पटी डीलर के कब्जे से छुड़ाई मामला काफी विकराल रूप ले रहा था प्रधान अनुश्री अवैध कब्जे दारी को लेकर उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई और यहां तक प्रधानी से इस्तीफा देने तक की नौबत आ गई थी मामला शोशल मीडिया में वायरल हुआ अखबारों की सुर्खियां बना मौके राजस्व टीम पहुंची और मंगलवार को पैमाइश कर प्रापर्टी डीलर से प्लाटिंग कर अवैध रूप से कब्जाई गई एक एकड भूमि कब्जा मुक्त की बताते चलें।

मिदनिया गढी के प्रधान ने प्रापर्टी डीलर के द्वारा ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 253 पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग की जाने की मांग पूरी न होने पर प्रधान पद से इस्तीफा दे दे की बात कही थी पूरा मामला यह कि प्रधान द्वारा प्रापर्टी डीलर गौरव गुप्ता पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि वह ग्राम सभा की जमीन पर। पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर दी है इसकी जानकारी जब प्रापर्टी डीलर गौरव गुप्ता को हुई तो उन्होंने शोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए प्रधान के आरोपों को खारिज करते हुए गौरव गुप्ता ने प्रधान पति मनोज जायसवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है की प्रधान पति अपने बचाव में मनगढ़ंत बेबुनियाद बातें कर रहे हैं सच्चाई यह है प्रधान पति 10 लाख रुपए और उक्त प्रापर्टी में एक प्लाट चाहिए गौरव गुप्ता ने कहा की मेरी कोई भी भूमि ग्राम पंचायत की भूमि नहीं है राजस्व विभाग उसकी जांच कराएं और मंगलवार को राजस्व टीम द्वारा जांच की गई तो लगभग डेढ़ एकड़ भूमि जो ग्राम समाज की थी थी उस पर प्रापर्टी डीलर ने प्लाटिंग कर दी और काफी प्लाटों का बयनामा तक हो गया अब जांच की बात यह है की प्रॉपर्टी डीलर द्वारा प्लाटिंग करके उक्त प्लाटों पर बैनामा कैसे कर दिया गया जबकि वह सरकारी भूमि थी रजिस्टार ऑफिस में क्या प्रॉपर्टी डीलर की बहुत बड़ी सेटिंग थी जिसके दम पर मानकों को ताक पर रखकर इस तरह से बैनामा किया गया फिलहाल प्रधान की जीत हुई काफी दिनों से चल रहा प्रधान और प्रॉपर्टी डीलर का विवाद थम गया और सरकारी भूमि कब्जा मुक्त हुई।

# सीएचसी चिकित्सक एमओआईसी गणेश कुमार के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग




जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

प्रधाममंत्री सहित मुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री को आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में मनुज कुमार बाजपेई ने सीएचसी चिकित्सक एमओआईसी गणेश कुमार के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में आरोप है कि चिकित्सक द्वारा भ्रष्टाचार करने, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, गलत नीयत से फर्जी फर्म (फिक कानेट ट्रेडर्स प्राईवेट लिमिटेड) का सरकारी उच्च पद पर रहते हुए गलत मंशा से गठन किया गया। तथा इससे संबंधित बैक आफ इंडिया में दो बैक खातों में जीएसटीएन नं 09एएके सीपी8338 एच1 जेडडब्ल्यू कागजातों से जालसाजी व सरकारी धन का गबन करने व वित्तीय अनियमितताएं करने के लिए फर्जी फर्में बनाई गई है। यहीं नहीं उक्त फर्म में चिकित्सक गणेश खुद ही निदेशक भी है। जो कि सरकार की नियमावली के विरुद्ध व कदाचार की श्रेणी में आता है।

उनका आरोप है कि डा.गणेश भ्रष्ट लोकसेवक व भ्रष्टचार की मंशा से ग्रसित है,

तथा समाज का शोषण कर स्वयं का पोषण करने वाले लोकसेवक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बैक खातों व आय से अधिक संपत्ति मामलों की प्रभावी जांच की जाए।

**क्या कहते है चिकित्सक।**

चिकित्सक डा गणेश ने बताया। कि उनके समस्त आरोप निराधार है, जिसके लिए उन्हें न्यायालय से रिलीफ मिल चुकी है। उनकी कोई फर्म नहीं है जिसका जिक्र किया गया है। हालांकि उन्होने उक्त के विरुद्ध मानहानि का केस दायर किया है। जिसे प्रभावित करने व पेशबंदी करने की मंशा से उक्त लोग उनके विरुद्ध भ्रामक प्रचार कर रहे है। विपक्षी इस तरह की शिकायतें हर बार करके उनका मानसिक उत्पीडन करते है।अब वह इसके विरुद्ध भी एक मुकदमा व एफआईआर कराएगे।

# पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा थाना शारदानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया



*थाना शारदानगर की नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए; साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को ठंड व कोहरा बढ़ने के दृष्टिगत प्रभावी रात्रि गश्त करने व संदिग्धों पर नजर बनाये रखने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया*

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना शारदानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/ अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना शारदानगर की नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षियों की बीट बुक को चैक कर सम्बन्धित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए बताया गया कि ठंड व कोहरा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गिरोह के अपराधियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ गया है, इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी को रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान वाले स्थानों पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। सर्किल अधिकारी गश्त की चेकिंग कर कार्रवाई की संस्तुति करें। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरती जाए।

# एरिया एकीकरण का शीघ्र सर्वे कराएं सभी सीडीपीओ

■ जिला स्तरीय पोषण समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जारी किए निर्देश



जिला पोषण समिति को संबोधित करती के जिला अधिकारी मोनिका रानी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिला पोषण/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार की आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि आरबीएसके टीम का माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित भ्रमण सुनिश्चित करायें। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीम के भ्रमण से एक दिन पूर्व ही आगनबाड़ी कार्यकत्री को टीम पहुंचने की सूचना दे दी जाय ताकि टीम पहुंचने पर सभी लक्षित बच्चों के स्वासथ्य परीक्षण के साथ-साथ किशोरी बालिकाओं को आयरन की खुराक दी जा सके।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में समस्त सीडीपीओ को निर्देशित दिया गया कि एरिया एकीकरण का सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि सैम बच्चे चिन्हित कर उनका डाटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ उन्हें उचित उपचार प्रदान किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर एप पर समस्त बिन्दुओ वजन, गृह भ्रमण, पोषाहार, आधार सीडिंग, सीबीई/वीएचएसएनडी गतिविधि आदि की फीडिंग शत प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करते हुए हाटकुक्ड मील वितरण व जेम पोर्टल से बर्तन व गैस चूल्हा का गुणवत्तापरक टेण्डर कराएं तथा प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए समस्त बिन्दुओं में प्रगति को बढ़ाया जाय। डीएम ने डीसी मनरेगा को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत निर्मित 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के हस्तान्तरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नवनिर्मित् भवनों का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाय तथा भवन पर योजना का शिलापट भी स्थापित करायें। डीएम ने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आई.डी. जनरेट कार्य को अद्यतन करने के साथ- साथ सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्र के अन्तर्गत विकसित केन्द्रो पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रंगाई पुताई एंव बाला पेन्टिंग के लिये उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये गये कार्यो की की प्रभावी मॉनीटरिंग कर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायें।

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विभागीय आंगनबाड़ी भवनों पर 18 मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय इत्यादि के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र निर्गत कराएं। डीएम ने अधि.अभि. विद्युत को निर्देश दिया कि जिन केन्द्रों पर आर.ओ. यूनिट की स्थापना हो गई है वहां पर तत्काल विद्युतीकरण कराया जाय जबकि अधि.अभि. जल निगम को आगामी बैठक तक चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल की सुविधा हेतु पानी की टंकी तथा टैप की फिटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीएम द्वारा पोषाहार बनाये जाने वाली यूनिट इकाई के सैम्पल पैकिंग व रख रखाव, प्री स्कूल किट की गुणवत्ता की जॉच कराये जाने, वीएचएसएनडी सत्र पर बच्चों हेतु वजन मशीन की उपलब्धता, बच्चो का आधार बनाने व आधार बनाने की मशीन की व्यवस्था के साथ-साथ संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, मुख्यचिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त स्वतःव श्रम रोजगार अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला आयुर्वेद अधिकारी (आयुष), जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी एवं आईसीडीएस/स्वास्थ्य पीरामल, राकेट लर्निंग संस्था, सहयोगी पार्टनर्स सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज में आयरनिंग लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की जयंती बड़ी धूम-धाम के साथ मनाई गई। कॉलेज प्रबंधक पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तेज तर्रार और निडर होकर फैसले लेने वाली देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के खिताब से नवाजा गया था। इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े करने और पंजाब में फैले उग्रवाद को उखाड़ फेंकने के लिए कड़ा फैसला लेते हुए स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने का साहस दिखाया था। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 19 जुलाई 1969 को एक अध्यादेश पारित किया, यह अध्यादेश देश के 14 निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का था। अध्यादेश पारित होने के बाद इन बैंकों का मालिकाना हक सरकार के पास चला गया।

ऐसा आर्थिक समानता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उप प्रधानाचार्य श्याम मूर्ति शुक्ला ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्रा,लखपति भारती, एसके वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, राम नरेश वर्मा, सुनील कुमार मिश्रा, आशीष पांडे, देवेंद्र सिंह के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा छात्र और छात्राएं भी उपस्थित रहे।संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया।

## पंचम सेमेस्टर का शैक्षिक प्रमाण दल नेपाल पहुंचा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। किसान पीजी कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल नेपाल पहुंच गया। यह भ्रमण दल सोमवार को प्रात: 9.00 बजे कॉलेज परिसर से रवाना हुआ। यह जानकारी विभाग प्रभारी डॉक्टर सुमित श्रीवास्तव निधि उन्होंने बताया की नई शिक्षा नीति के तहत प्रयोग पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए छात्र-छात्राओं का ब्राह्मण डाल ले जाना आवश्यक होता है इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर 11 वर्षीय बालक की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर एक 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बालक एक पेड़ की सूखी लकड़ी रस्सी से खींचकर तोड़ रहा था तभी वह एचटी लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के नई बस्ती टेढ़िया गांव में घर के सामने सूखे पेड़ पर रस्सी फेंककर लकड़ियां तोड़ते समय 13 वर्षीय बालक अभिषेक पुत्र राधेश्याम साहनी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह 10,30 बजे की है जब बालक 11 हजार वोल्टेज की बिजली लाइन के किनारे लगे सूखे पेड़ पर रस्सी फेंककर लकड़ियां तोड़ रहा था तभी रस्सी 11 हजार लाइन पर पड़ गयी जिससे बालक करंट की चपेट में आ गया। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम भेजी गई है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बीएससी पर्यावरण विज्ञान पंचम सेमेस्टर का शैक्षिक प्रमाण दल नेपाल पहुंचा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। किसान पीजी कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल नेपाल पहुंच गया। यह भ्रमण दल सोमवार को प्रात: 9.00 बजे कॉलेज परिसर से रवाना हुआ। यह जानकारी विभाग प्रभारी डॉक्टर सुमित श्रीवास्तव निधि उन्होंने बताया की नई शिक्षा नीति के तहत प्रयोग पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए छात्र-छात्राओं का ब्राह्मण डाल ले जाना आवश्यक होता है इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है उन्होंने कहा कि नेपाल में वहां की पर्यावरणीय स्थिति का भ्रमण दल में शामिल छात्र-छात्राएं अध्ययन करेंगे।

## 50 ग्राम स्मैक सहित एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रुपईडीहा। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने सोमवार की रात 8.45 बजे 50 ग्राम स्मैक सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी देते हुए नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा दद्दन सिंह ने बताया कि थाने के एसआई संतोष कुमार, का.हेमंत कुमार, संदीप चौहान व अभिषेक सिंह तथा एसएसबी 42वी वाहिनी रुपईडीहा बीओपी के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतेन्द्र कुमार सिंह, एसआई उपेंद्र सिंह पुंडीर, मोहन कुमार व का. अवनीश चंद्र उपाध्याय तथा डॉग स्क्वायड के साथ पिलर संख्या 651/11 पर भारतीय क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। तभी अचानक एक युवक नेपाल जाने की फिराक में तेजी से जा रहा था। परंतु सुरक्षा बलों को देखकर उल्टे पांव भारतीय क्षेत्र में भागने लगा। तलाशी के दौरान पॉलीथिन में लिपटी 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक की पहचान 19 वर्षीय रौनक सोनी पुत्र मनोज कुमार सोनी निवासी मिहीपुरवा थाना मोतीपुर जिला बहराइच के रूप में हुई है। युवक के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय बहराइच भेज दिया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महारानी लक्ष्मीबाईजयंती पर किया कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। लहरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लहरपुर नगर इकाई के द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में मिशन साहसी का कार्यक्रम नगर के विद्यालयों राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं सेंट बिलाल इंटर कॉलेज मे किया गया जिसमें महिला कांस्टेबल नीता के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन कर किया गया। मिशन साहसी के अंतर्गत छात्राओं को आत्म रक्षा करने का प्रशिक्षण महिला कांस्टेबल नीता के द्वारा दिया गया। प्रधानाचार्य जावेद खान, नगर के नगर मंत्री राज मेहरोत्रा, नगर सहमंत्री अभिजीत गौड़, अमित नाग एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने किया निजी चिकित्सालयों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । बहराइच

प्राइवेट चिकित्सालयों में आग से सुरक्षा हेतु किये गये प्रबन्धों की जांच पड़ताल हेतु नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित टीम के साथ हिन्दुस्तान चाइल्ड केयर, रेनबो हास्पिटल, महेश चिल्ड्रेन व मैटरनिटी विंग व सर्वेश शुक्ला हास्पिटल के न्यू बार्न इंसेन्टिव केयर यूनिट (एनआईसीयू विंग) की जांच की गई। जांच के दौरान चिकित्सालयों में लगे फायर एक्सटिंग्यूशर की जांच की गई तथा मौजूद स्टाफ से यंत्र को चलवाकर भी देखा गया। जिससे आपात स्थिति आने पर सुरक्षा उपकरणों का यथोचित उपयोग किया जा सके। यह झांसी हादसे के बाद पूरे प्रदेश में जांच की जा रही है।

जिसमें निजी चिकिस्लाय स्टाफ प्राथमिकता के तौर पर शामिल है। भली प्रकार से उपकरणों का संचालन किया गया। चिकित्सालयों के निरीक्षण के दौरान आपातकालीन द्वार की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पायी गई अन्य कमियों को समयबद्ध रूप से दुरूस्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया।

# अधिवक्ता तथा लेखपाल के बीच हुई मारपीट, अधिवक्ता का सिर फटा

■ सुलह के बावजूद लेखपाल के खिलाफ केस दर्ज करने से बिगडे हालात

■ लेखपाल संघ ने थाना परिसर में दिया धरना, एसडीएम ने संभाली स्थिति



जन एक्सप्रेस । बहराइच

तहसील मिहींपुरवा में लेखपाल और वकील के बीच सोमवार को हुई हाथापाई के दौरान अधिवक्ता का सिर फट गया। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी। एसडीएम के हस्तक्षेप पर दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया और अपने अपने घर चले गए। सुबह पता चला कि लेखपाल के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे लेखपाल नाराज हो गए और उन्होंने थाना परिसर में धरना शुरू कर दिया। नानपारा तहसील के नेवादा पूरे कस्बाती गांव निवासी राजेश यादव पुत्र रामलखन वकालत के कार्य से तहसील मिहींपुरवा परिसर आए हुए थे कि तभी मिहींपुरवा तहसील में कार्यरत लेखपाल बीरबल से उनका विवाद हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया जिसके चलते दोनों पक्ष चोटिल हो गए लेकिन अधिवक्ता का सिर फट गया।

मामले के बाद दोनों पक्ष थाना परिसर पहुंचे। जहां वकील राजेश यादव पुत्र रामलखन की तहरीर पर थाना मोतीपुर में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। इसी बात को लेकर मंगलवार को तहसील मिहींपुरवा के कई लेखपालों ने थाना मोतीपुर पहुंचकर एक पक्षीय मुकदमा पंजीकृत किए जाने का विरोध जताया और लेखपाल की ओर से दिए गए तहरीर पर भी मुकदमा पंजीकृत किए जाने हेतु थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए लेखपाल संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि बीते सोमवार बैनामे में रिपोर्ट लगाने को लेकर लेखपाल बीरबल से एडवोकेट राजेश यादव मुलाक़ात करने को कहा जिसपर बीरबल लेखपाल द्वारा एक माह पूर्व रिपोर्ट लगा कर दाखिल करने की बात कही जिससे नाराज अधिवक्ता नें लेखपाल को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दे दिया जिससे लेखपाल नें धक्का दे दिया जिससे अधिवक्ता राजेश यादव नीचे पड़ी ईंट के उपर गिर पड़े जिससे उनके सिर में चोट आ गयी। इस बात को लेकर दोनों पक्ष थाना मोतीपुर में आ गये। लेखपाल संघ नें बताया की उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा ने अगले दिन बैठक कर मामले को निपटाने का आश्वासन दिया जिसके बाद दोनों पक्ष वापस हो गये। लेकिन रात में ही पुलिस नें एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए लेखपाल बीरबल पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

लेखपाल संघ के धरने पर बैठने के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से भी दोनों पक्षों में आपसी सुलह समझौते का प्रयास किया जा रहा था किंतु लेखपाल संघ बिना मुकदमा पंजीकृत कराये धरना समाप्त करने को तैयार नहीं था।

मौके की स्थिति को देखते हुए उप जिला अधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने बार एसोसिएशन नानपारा के पदाधिकारी एवं लेखपालो के साथ बैठक कर दोनों पक्षों को आपसी सुलह समझौता हेतु राजी किया। एसडीएम के समक्ष दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से अपने बीच उत्पन्न विवाद को समाप्त कर लिया। थाना प्रभारी मोतीपुर आर के पाण्डेय से मामले पर बात की गयी तो उनके द्वारा बताया की अधिवक्ता व लेखपाल का मामला आप सही सुला समझौते से निस्तारित कर लिया गया है उन्होंने बताया कि अधिवक्ता के सिर पर चोट लगने की वजह से सीनियर अधिकारीयों के सुपरवीजन में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# शौचालय के 50 आवेदन पत्र निरस्त होने से ग्रामीणों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के राजस्व गांव भवानीपुर में सुविधाओं की कमी ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2023 में मुख्यमंत्री द्वारा भवानीपुर को राजस्व गांव घोषित किए जाने के बावजूद, बुनियादी सुविधाओं की कमी ने यहां के लोगों को नाराज कर रखा है। नाली, खड़ंजा, आरसीसी सड़क, इंटरलॉकिंग, शौचालय, बिजली और शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं गांव में अब तक उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब गांव के 50 से अधिक ग्रामीणों के शौचालय निर्माण के लिए भेजे गए आवेदन हाल ही में खारिज कर दिए गए। इसके चलते लोग अब भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जब गांव के लोग जंगल के किनारे खुले में शौच करते हैं तो उन्हें सुरक्षा की भी चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि 2023 में भवानीपुर को राजस्व गांव घोषित करने के वक्त मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि जल्द ही यहां विकास कार्य किए जाएंगे। लेकिन अब तक इन वादों पर अमल होता नहीं दिख रहा। सुविधाओं की कमी और सरकारी योजनाओं के लाभ न मिलने से गांव के लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही स्थिति नहीं बदली, तो उन्हें बड़े स्तर पर आंदोलन करना पड़ सकता है। भवानीपुर में विकास कार्यों का अभाव केवल शौचालय तक सीमित नहीं है। गांव में सड़कें टूटी हुई हैं, नालियों का अभाव है, और पीने का पानी भी दूषित होता है। बिजली की आपूर्ति भी अनियमित है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा किए गए वादे महज चुनावी घोषणाएं बनकर रह गए हैं।

# रील बनाते होती है अश्लीलता, युवती के भाई ने किया विरोध तो कर दिया गया अपमानित

■ कई बार रील बनते देखा गया है शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

अब इस समय सार्वजनिक स्थानों पर कापी तेजी से सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर आम जनता में रोष पनप रहा है सार्वजनिक स्थानों पर रील बनाए जाने से मगीलाओं को राह चलना मुश्किल हो रहा है। जिसका विरोध करने पर एक युवक को अपमानित कर दिया गया। पुलिस ने तीन का शांति भंग में चालान भेजा है।कुछ लोग रील बनाने की ओट में अश्लीलता और छेड़खानी से भी बाज नहीं आ रहे हैं।

बांकेगंज रोड निवासी एक युवक शहर के विकास चौराहे पर सरेराह कई बार रील बनते देखा गया है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। मंगलवार को भी बांकेगंज रोड निवासी अरविंद अपने सहयोगियों के साथ विकास चौराहे पर रील बना रहा था,

उसी बीच सड़क से कई युवतियां निकल रही थी। बताते हैं कि युवतियों के भाइयों ने उसका विरोध किया तो उन्हें अपमानित कर दिया गया। शिकायत पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने रील बनाने वाले बांकेगंज रोड निवासी अरविंद उसके सहयोगी मोहल्ला अर्जुननगर कालोनी निवासी शिवांशु दीक्षित और राजगढ़ निवासी हर्षित के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

# सोशल ऑडिटर पर रिश्वत खोरी का आरोप भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की नीति का भले ही दावा करती रही हो, लेकिन मामला इसके एकदम उलट है। तो यहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण करने वाले खुद ही भ्रष्टाचार में संलिप्त है कैसे होगा सरकार का सपना साकार। यूपी के जनपद संतकबीरनगर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री लालचंद शर्मा ने जिलाधिकारी व डीडीओ को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपते हुए ऑडिटर संत देव शुक्ल पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच करा कर उक्त ऑडिटर पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मंडल महामंत्री ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र के जरिए अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा एवं पीएम आवास योजना से संपन्न हुए विकास कार्यों का आडिट निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा सोशल ऑडिट का कार्य कराया जा रहा है। वहीं ऑडिटर द्वारा ग्राम पंचायतों में आडिट के नाम पर अवैध वसूली की जाती है।




### आडिटर ने मांगें बीस हजार रूपए, प्रधान ने पंद्रह हजार तो लगाया दी रिकवरी की रिपोर्ट

भाजपा नेता ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों से शिकायत मिलने पर शिकायत की सत्यता को रखने के लिए ग्राम पंचायत डबरा के ऑडिट के दिन मै बैठक के दौरान पंचायत भवन पर पहुंचा तो वहां पर ऑडिटर द्वारा आडिट के नाम पर ग्राम प्रधान से ?20000 की मांग की गई। जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा ?15000 दिया गया। रुपए लेने के बावजूद ग्राम पंचायत से रिकवरी की रिपोर्ट लगा दी गई, जिसकी जानकारी लेने के लिए ऑडिटर संत देव शुक्ला से उनके मोबाइल नंबर और संपर्क किया तो उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उक्त ऑडिटर द्वारा ऑडिट के नाम पर अवैध धन वसूली कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण करने के पीछे सरकार का मूल उद्देश्य है कि विकास कार्य शत प्रतिशत धरातल पर हो और इनका सत्यापन सही ढंग से किया जाए, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सके। लेकिन सामाजिक अंकेक्षण के नाम पर ऑडिटर द्वारा अवैध वसूली का कार्य किया जा रहा है। जिसकी जांच करा कर इन पर उचित कार्रवाई किया जाना नितांत आवश्यक है।

## गिट्टी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर घर में घुसा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के खीरकिया बासी रोड पर गंभीरिया मोड़ के पास बिहार जारही गिट्टी लदी ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे एक व्यक्ति के घर का दिवाल तोड़ते हुए बाहर निकल गया। जिसे देख लोग भागने लगे चालक गड़ी छोड़ मौके से फरार होगया। यू.पी. बिहार को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग खिरकिया. बासी मेन रोड स्थित सिंगा पट्टी चौराहे के पास गंभीरिया मोड़ पर पडरौना के तरफ से बिहार जारही गिट्टी लदी ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे नसुरुलाह के खड़ी ट्राली को ठोकर मार दिया जिससे ट्राली पलट कर छतिग्रस्त होगई। उसके बाद मजीद अंसारी के घर में घुस गया। दिवाल को तोड़ते हुए। ट्रक बाहर निकल कर दूसरे दिवाल को पार कर रुका ट्रक को देख लोग जान बचाने के लिए भागना शुरू कर दिए।संयोग अच्छा रहा की मजीद के घर के लोग बगल में बने दूसरे घर पर गए। थे मौके पर घर में कोई नही था नही तों बड़ा हादसा होंजाता चालक मौके का लाभ लेकर गाड़ी छोड़ भाग निकला स्थानीय लोगों के अनुसार चालक भी घायल बताया जारहा है।

# रास्ते के विवाद में हुई मारपीट, दबंगों ने महिला पर किया ईंट से प्रहार

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जनपद के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के भगवान पुर गांव मे सोमवार को दो पक्षों के बीच रास्ते का विवाद मारपीट में बदल गया। एक पक्ष ने लोगों ने लाठी डंडे, ईंट, पत्थर, लात घूसों से पीट- पीटकर आधा दर्जन लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को सीएचसी तुर्कहां में भर्ती कराया गया, जहां तीन लोगों की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । वहीं मारपीट की इस घटना में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। दबंग ने हद की सारी सिमाओं को पार कर इस तरह हाथ में ईट लेकर मार रहा है कि उसको कोई कानून का भय नही है । तथा मौके पर उसे कोई रोकने वाला भी नही है । मिली जानकारी के अनुसार हनुमानगंज गांव करे भगवान पुर गाव के पूर्व प्रधान नागेन्द्र चौधरी व राबड़ी देवी परिवार के बीच रास्ते का विवाद चल रहा है। यही मामला सोमवार को उग्र रूप धारण कर लिया तथा दोनों पक्षों में ताना-तानी बढ़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराकर वापस लौट गई, थोड़े देर बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष के लोगों ने महिलाओं और लड़की को ईंट, पत्थर उठाकर जानलेवा हमला कर दिया, ईंट के प्रहार और भीषण मारपीट में आधा दर्जन लोग हमले के शिकार हो गए। किसी का सर फटा तो किसी के शरीर और अन्य जगहों पर गम्भीर चोटें आईं। इस दौरान गांव में शोर व रोने की आवाज सुनकर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राबड़ी देवी, गुड्डी देवी, राधिका, दीपक एवं रामप्रवेश को एम्बुलेंस से तुर्कहां सीएचसी इलाज के लिए भर्ती कराया जहां गम्भीर रूप से घायल राधिका, राबड़ी और गुड्डी को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । घायलों की हालत नाजुक बनीं हुई है। घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### बोले एस एचओ- तहरीर मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

एसएचओ हनुमानगंज ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत स्टांप वेंडरों की हुई गहन जांच

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत स्टाम्प वेंडरों की गहन जांच की गई। कार्रवाई का नेतृत्व उप जिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी और अपर उप जिलाधिकारी प्रथम मंजूर अहमद ने किया। जांच का उद्देश्य स्टाम्प वेंडरों द्वारा तय मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना और अनियमितताओं को रोकना था।
जांच के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक स्टाम्प वेंडर के स्टॉक रजिस्टर और उपलब्ध स्टाम्प का मिलान किया। दस्तावेजों के रखरखाव और संचालन प्रक्रिया की भी बारीकी से पड़ताल की । वेंडरों के लाइसेंस की वैधता की जांच करते हुए सुनिश्चित किया गया कि वे नियमानुसार काम कर रहे हैं या नहीं।
तय दर पर स्टाम्प बेचने की दी हिदायत अधिकारियों ने वेंडरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने स्टाल के सामने स्टाम्प और टिकट की दरें स्पष्ट रूप से लिखें और उन्हें ग्राहकों के लिए पूरी तरह से दृश्य बनाएं। साथ ही, चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी वेंडर को तय दर से अधिक दर पर स्टाम्प बेचते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
जांच के दौरान जिन स्टाम्प वेण्डरों की जांच की गई उनमें विक्रांत कुमार, बबलू कुमार, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, रामआशीष जायसवाल, पवन कुमार गुप्ता, रामनरायन गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, विशम्भर गुप्ता, रामप्रबल आदि शामिल हैं। जबकि विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता और पवन कुमार गुप्ता अपनी जगह पर अनुपस्थित पाए गए, और उनकी दुकानें बंद मिलीं। जांच के बाद सभी वेंडरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपनी गतिविधियों में पूरी पारदर्शिता रखें और निर्धारित नियमों का पालन करें। जिलाधिकारी ने इस प्रकार की जांच को नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान स्टाम्प लिपिक अजय कुमार मिश्र भी उपस्थित रहे।



## अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रामकोला, कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रामकोला पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है।पुलिस ने बिहार प्रदेश ले जाई जा रही शराब और तस्करों तस्करों को धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा के निर्देश पर शराब निष्कर्षण व बिक्री तथा परिवहन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षक में तथा क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेश चन्द्र के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में रामकोला पुलिस टीम द्वारा दो अपराधियों 25 वर्षीय रोहित चौधरी पुत्र रामबली निवासी नगर पंचायत रामकोला वार्ड नंबर 22 एवं 24 वर्षीय अर्जुन कुमार पुत्र संजय राम ग्राम चूहेड़ी थाना चनपटिया जिला बेतिया के पास से 02 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से 192 पाउच जग्रेजी शराब 8 पीएम प्रोक पाया 180 द्वय कुल पात्रा 34.6 जी बरामद कर किया गया।

# गोरखपुर जिले में चोरी के शक में भीड़ ने अधेड़ की पीट–पीटकर ली जान

### पत्नी ने कहा दोषियों पर पुलिस नहीं दर्ज की एफआईआर, पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुरा के निवासी 45 वर्षीय अभिमन्यु मौर्य को बीते कुछ दिन पहले मोबाईल चोरी के शक में कुछ ज्ञात लोगों ने मौके पर पीट दिया जिससे अभिमन्यु मौर्य की हालत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई।

### क्या है पूरा मामला

आपको बता दें कि 12 सितंबर को थाना बड़हलगंज के बूढ़नपूरा निवासी अभिमन्यु मौर्य किसी कार्य से मुक्ति पथ पर गए थे । वही देवरिया जनपद के विकासखंड गौरी बाजार के ग्राम पानन कुंडा के कुछ ज्ञात लोग शव दाह करने हेतु मुक्ति धाम पर आए हुए थे। उसी में किसी का मोबाइल फोन गुम हो गया । वहीं पास में खड़े अभिमन्यु मौर्य को लोगो ने चोरी के शक में गोल बंद होकर बुरी तरह से पीट दिया जिसके कारण अभिमन्यु मौर्य की हालत बिगड़ गई और कुछ दिन पश्चात उनकी मौत हो गई ।



### क्या कहते हैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहता है पीड़ित परिवार

मृतक अभिमन्यु मौर्य की पत्नी अनीता मौर्या ने कहा कि 12 सितंबर को मुक्तिपथ बड़हलगंज पर गए मेरे पति को देवरिया जनपद के विकासखंड गौरी बाजार के ग्राम पानन कुंडा ज्ञात लोगों ने मोबाइल चोरी के शक में बूरी तरह पीटा की उनकी तबीयत दिन प्रतिदिन बिगड़ती गई और फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 2 अक्टूबर को उनकी मृत्यु हो गई । मृतक की पत्नी अनीता मौर्या ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कही कि इस आघात को लेकर पूरा परिवार दहशत में था पुलिस को सूचित किया गया था लेकिन बड़हलगंज की पुलिस दोषियों के खिलाफ अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं की ।इसके संबंध में 19 नवंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से पीड़ित परिवार मिलकर न्याय की गुहार लगाई है ।

# सीएम योगी के जिले में सामुदायिक शौचालयों पर लटकते ताले, स्वच्छता मिशन की दे रहे गवाही

### गोरखपुर जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय का नहीं खुला रहा ताला जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के सरकार के ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक सामुदायिक शौचालय जिन उद्देश्यों के लिए बनाये गए थे, उनमें काफी अधूरे पड़े हुए है और बहुतों का आज तक ताला नहीं खुला हैं। इन्हें देखने वाले जिम्मेदार आंख मूंदे हैं। कुछ ऐसा ही भ्रष्टाचार का नजारा योगीजी के गृह जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड गगहा के ग्रामपंचायत सरया महुनिया के राजस्व ग्राम देदापार में बने सामुदायिक शौचालय का हैं, जो केवल बाहर से बना हुआ है, लेकिन अंदर की स्थिति का पता नहीं है। यानी कि भ्रष्टाचारियों ने बाहर से डेंट पेंट पालिश करा दिया है के नाम की मौके पर नाम तक मिट गए हैं अन्दर की की स्थिति क्या है क्योंकि सूत्र बताते है कि आज तक शौचालय का ताला ही नहीं खुला ,सेफ्टी टैंक मिट्टी के ऊपर दिखाई दे रहें है व कनेक्शन विच्छेदित है।




### शिकायत का ग्राम सचिव नहीं लेते संज्ञान – ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण वर्ष 2020-2021 में कराया गया, लेकिन चालू न हो सका । केवल सरकारी धन का बंदर बाट हुआ है। सूत्रों की मानें तो समुदायिक शौचालय पूर्ण भुगतान होने के बाबजूद आज तक इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) को इसकी शिकायत बार बार करने के बाबजूद आज तक इस पर कोई कार्यवाई नही हुईं ।

### बीडीओ बोले – जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई

इस प्रकरण के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी गगहा एजाज अहमद ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर कार्यवाई की जायेगी।

## तेज रफ्तार से आ रही स्कूल बस ने छात्रा को रौंदा, दर्दनाक मौत

**महराजगंज सदर।** तेज रफ्तार से आ रही स्कूल बस ने छात्रा को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज कार्यवाई में जुट गई है वही ड्राइवर मौके से फरार हो गया जिसके बाद पुलिस बस को थाने पर लाकर अग्रिम कार्यवाई में जुट गई है ।छात्रा की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । दरअसल मंगलवार को घुघली थाना क्षेत्र पुरैना खंडी चौराहे के राजकीय पॉलिटेक्निक के पास एक स्कूली बस ने प्रभावती देवी मोती प्रसाद महिला महाविद्यालय से पढ़ कर घर जा रही छात्रा को सामने से तेज रफ्तार स्कूल बस ने रौंद दिया जिससे मौके पर ही छात्रा की मौत हो गई वही मौका देखकर स्कूल का ड्राइवर फरार हो गया ।जानकारी के मुताबिक स्थानीय लोगो ने बताया कि स्कूल बस में जरूरत से ज्यादा बच्चे सवार थे और बस ड्राइवर तेज रफ्तार से ले जा रहा था जिसके कारण ये दुर्घटना हुई है ।

# कृषक पंजीकरण अभियान 25 नवंबर से 31 दिसंबर तक

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर के तहत कृषक पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण के लिए 25 नवंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक ग्राम सभा/पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम विकास विभाग, सहज जनसेवा केंद्र के प्रभारी, बीसी सखी और कृषि सखियों की सहभागिता से लगाए जाएंगे। उप निदेशक कृषि ने बताया कि सभी राजस्व खाताधारकों को 25 नवंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीकरण कराना होगा। आवश्यक दस्तावेजों में खतौनी, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर शामिल हैं, ताकि ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण किया जा सके।

### नहीं कराए पंजीकरण तो रुक जाएगी पीएम किसान सम्मान निधि

उन्होंने बताया कि यदि कृषक पंजीकरण नहीं कराया जाता है, तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दिसम्बर 2024 के बाद अगली किस्त रोक दी जा सकती है। इसके अलावा, कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली बीज, खाद, कृषि यंत्रों पर अनुदान, राजस्व विभाग द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा, प्राकृतिक आपदाओं के तहत सुखा/बाढ़ राहत अनुदान, गन्ना विभाग द्वारा सट्टा अनुदान, और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

### कृषि अधिकारी ने की अपील, सभी राजस्व खाताधारक कराएं पंजीकरण

उन्होंने सभी राजस्व खाताधारकों से अपील की कि वे समय रहते पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं और अनुदानों का लाभ उठाएं। यदि किसी कृषक के पास एक से अधिक ग्राम सभा या जनपद का खाता है, तो संबंधित ग्राम सभा में जाकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

## मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गोरखपुर में विशेष कार्डियक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने आज गोरखपुर स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के साथ साझेदारी में विशेष कार्डियक सर्जरी (सीटीवीएस) ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की।
यह सेवाएं ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, मोगलहा, मेडिकल कॉलेज रोड, गोरखपुर में प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध होंगी। इस ओपीडी का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियक सर्जरी (सीटीवीएस), डॉ. दिनेश चंद्रा की उपस्थिति में किया गया। यह पहल मरीजों को उनके प्राथमिक परामर्श के लिए महानगरों तक जाने की असुविधा से बचाने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सुलभता प्रदान करने की दिशा में एक और कदम है।
लॉन्च के दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियक सर्जरी (सीटीवीएस), डॉ. दिनेश चंद्रा ने कहा, कार्डियक सर्जरी की आवश्यकता अक्सर गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज, वॉल्वुलर हार्ट डिजीज (जो रूमेटिक या डीजेनरेटिव हो सकती है) और जन्मजात असामान्यताओं के मामलों में होती है। वॉल्वुलर हार्ट कॉम्प्लिकेशंस के लिए हाल के विकास जैसे कि लीकिंग हार्ट वॉल्व की मरम्मत के लिए मिनिमली इनवेसिव सर्जरी ने वॉल्व रिप्लेसमेंट की आवश्यकता को कम कर दिया है। हृदय संबंधी जटिलताओं की अनदेखी से दिल का आकार बढ़ सकता है, सांस फूलने की समस्या हो सकती है और अंततः हार्ट फेलियर तक की स्थिति बन सकती है। इस ओपीडी के माध्यम से गोरखपुर के लोग अब प्राथमिक और फॉलो-अप परामर्श के लिए हमें यहीं मिल सकते हैं और उन्हें यात्रा का झंझट नहीं झेलना पड़ेगा। कार्डियक सर्जरी में हाल के वर्षों में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए न्यूनतम आक्रामक प्रक्रियाओं को अपनाया गया है, जो कम दर्द और जल्दी ठीक होने वाले पोस्टऑपरेटिव अनुभव प्रदान करती हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग का कार्डियक सर्जरी विभाग विश्वस्तरीय सेवाओं के लिए जाना जाता है।



## सुहागरात के दिन ही जेवर लेकर फरार हुई दुल्हन, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के डोरो गांव में सुहागरात के दिन ही एक दुल्हन जेवर लेकर लापता हो गई। रात में घर आए पति को जब पत्नी कमरे में नहीं मिली तो उसने घरवालों से पूछा, लेकिन वह भी नहीं जान पाए कि उनकी नई नवेली बहू कब घर से चली गई। मायके वालों से भी जानकारी न मिलने के बाद परेशान पति सोमवार को खजनी थाने पहुंच गया। थाने में तहरीर देकर उसने पत्नी को खोजने की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि उसे नहीं आना है तो मत आए, लेकिन जेवर, रुपये लौटा दें। खजनी के डोरो गांव के एक युवक की शादी संतकबीरनगर में तय हुई थी। 14 नवंबर को धूमधाम से बारात गई और शादी होने के बाद 15 नवंबर को विदाई को गई। 15 को घर में कार्यक्रम चला और फिर उसी रात युवक अपने परिचित के शादी में चला गया।

## गन्ना समिति चेयरमैन व संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

गन्ना समितियों के संचालक मंडल का सदस्य व चेयरमैन चुने गए लोग सौभाग्यशाली हैं क्योंकि समाज व किसान सेवा के लिए इससे बड़ा कोई प्लेटफार्म नहीं है। पदाधिकारियों को चाहिए कि वे निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। यह पद उन्हें भविष्य में और बड़े सेवा का अवसर प्रदान करेगा।
ये बातें मंगलवार को केन युनियन रामकोला पी परिसर में चेयरमैन व संचालक मंडल का शपथ ग्रहण कराने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चेयरमैन व संचालक मंडल के अधिकार सीमित हो गए हैं बावजूद इसके उन्हें चाहिए कि किसान हित मे फैसले लें जहां जरूरत होगी मैं 24 घंटे सहयोग के लिए तैयार रहूंगा। सांसद ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश की सरकार में किसानों को गन्ना सप्लाई करने के 15 दिन के अंदर भुगतान मिल रहा है। बंद पड़ी कपतानगंज की चीनी मिल चलवाने और सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान करने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि अपना सौ फीसदी देंगे। समारोह में मौजूद खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने भी किसान हित मे हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने भी कहा कि गन्ना किसानों को किसी तरह दिक्कत नहीं हो इसके लिए वे कटिबद्ध हैं। इसके पूर्व सांसद ने चेयरमैन शांतीश शाही, उप चेयरमैन दीप कुमार राय व संचालक मंडल के सभी सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंचासीन सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर चैयरमैन व संचालक मंडल के सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन बैकुण्ठ शाही, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, भाजपा नेता राधेश्याम दीक्षित, संचालक राजेश प्रताप राव, अखिलेश्वर शाही, कुणाल राव, प्रभाकर शरण पांडेय, लक्ष्मीगंज केनयुनियन के चेयरमैन धनन्जय गोविंद राव, सुभाष पाठक, अभिषेक शाही, शिवेंद्र शाही, सभासद दिलीप वैश्य, राजेश यादव, रामेश्वर गोविंद राव केनयुनियन के सचिव अंगद वर्मा, बड़ेबाबू रामप्रताप तिवारी, प्रद्युम्न तिवारी, आदित्य सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।संचालन शिक्षक राकेश त्रिपाठी ने किया। इसके बाद सांसद ने रामकोला खेतान केनयुनियन के चेयरमैन अम्बरीष राव व उनके संचाल मंडल के सदस्यों को समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।



# राजकीय हवाई पट्टी से पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर मंगलवार सुबह पोलिंग पार्टियों के सभी मतदान कार्मिक राजकीय हवाई पट्टी पर पहुंचकर वहां ईवीएम मशीन सहित अन्य चुनाव से संबंधित सामग्री प्राप्त की। तदोपरांत सभी 425 पोलिंग पार्टियां निर्धारित वाहनों से अपने अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हुई। इस दौरान राजकीय हवाई पट्टी पर सामान्य प्रेक्षक वी0पी0 गौथम, जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सदानंद गुप्ता आदि अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा समस्त पोलिंग पार्टियों को सकुशल उनके मतदेय स्थल हेतु रवाना किया गया। सभी पोलिंग पार्टिया अपने मतदान स्थल पर सकुशल पहुंच चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतदान कार्मिकों को अपने-अपने बूथ पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शाम को ही सभी तैयारियों को पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए तथा मतदान दिवस 20 नवंबर को मॉकपोल की प्रक्रिया समय से प्रारंभ करने तथा वास्तविक मतदान की प्रक्रिया को भी आयोग के निर्देशानुसार पूर्वाह्न 7ः00 बजे प्रारंभ कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान की समस्त प्रक्रियाओं में समयवद्धता का अक्षरशः अनुपालन करें तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान को सकुशल संपन्न कराएं।

वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है 280 मतदेय स्थल सहित 425 बूथों पर आज सुबह 7 बजे से 4 लाख 8हजार 7सौ75 मतदाता मतदान करेंगे मतदान को सफल एवं निष्पक्ष पारदर्शी पूर्वक संपन्न कराने के लिए कटेहरी विधानसभा को 20 जोन और 65 सेक्टर में विभाजित कर सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

# विश्व शौचालय दिवस पर नगर निगम द्वारा निकाली गई कमोड यात्रा

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



विश्व शौचालय दिवस पर 19 नवंबर मंगलवार को नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग के निर्देशन में प्रयागराज नगर निगम द्वारा कमोड यात्रा का आयोजन करते हुए यात्रा मेडिकल कॉलेज चौराहे से हनुमान मंदिर चौराहे तक निकाली गई।इस दौरान एक वाहन पर कमोड के साथ निकले स्वयं सेवकों और स्थानीय निवासियों ने लोगों को स्वच्छता के साथ ही शौचालय के इस्तेमाल पर जागरूक किया।कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा मैराथन में आनंद भवन से स्वच्छ प्रयागराज स्वच्छ महाकुम्भ के संदेश के साथ हुई। यहां बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में तख्तियां पकड़े शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की और संकल्प लिया।इसके बाद मेडिकल कॉलेज चौराहे पर स्थित पिंक शौचालय की साफ सफाई की गई।यहाँ स्वयं सेवकों ने रंगोली बनाई और उसके माध्यम से स्वच्छता का सन्देश दिया। साथ ही स्थानीय लोगों से स्वच्छता की अपील कर उन्हें प्रयागराज और महाकुम्भ को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई गई।इसके बाद कमोड यात्रा शुरू हुई।यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में नगर निगम के सफाई कर्मचारी स्वयं सेवक कार्यकर्ता स्थानीय निवासी शामिल हुए।कमोड के साथ निकली इस यात्रा में लोगों से शौचालय का इस्तेमाल करने की अपील की गई।उन्हें शौचालय के लाभ और इसके इस्तेमाल न करने से होने वाली बीमारियों और दिक्कतों की जानकारी दी गई।इसके साथ ही गऊघाट स्थित सार्वजनिक शौचालय पन्ना लाल रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय पी डी टंडन पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय पर विभिन्न गतिविधयां कर लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम की रूपरेखा सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पाण्डेय ने बनाई थी।इस अवसर पर जोनल अधिकारी संजय ममगाई सहित कई अधिकारी और कर्मचारी सफाई कर्मचारी शामिल थे।

# मेजा ऊर्जा निगम द्वारा किया गया निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



मेजा उर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत आरोग्यम अस्पताल के सहयोग एक मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में परियोजना के आस पास के ग्रामीणो ने बड़ी संख्या में भाग लिया जिसमें 182 मरीज़ो का मुफ्त नेत्र परीक्षण किया गया तथा आंखो की देख भाल के लिए उचित परामर्श दिया गया । शिविर के दौरान कुल 32 मरीज़ो को मोतियाबिन्द की सर्जरी के लिए उपयुक्त पाया गया जिनकी सर्जरी नेत्र सर्जन द्वारा महेश नेत्रालय प्रयागराज मे कराई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमलेश सोनी सीईओ ऊर्जा निगम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम क किया शुभारम्भ।इस अवसर पर अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा अनु सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी।सर्जरी के उपरान्त लाभार्थियों के लिए आरोग्यम अस्पताल में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा अनु सोनी द्वारा मरीज़ो को कम्बल वितरण किया गया । इस दौरान सीईओ कमलेश सोनी ने मरीज़ो को सम्बोधित करते हुए मानव जीवन में आँख के महत्व के बारे में बताया तथा यह भी कहा कि मेजा उर्जा निगम आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ ने शिविर में उपस्थित लोगों को आखों की नियमित देखभाल तथा अपनी आखों की सुरक्षा करने के सरल उपायों के बारे में भी जानकारी दी।इस कार्यक्रम में अजित बसक महा प्रबन्धक (ओएंडएम)अविजित चैटर्जी मुख्य महाप्रबंधक (टीएस)अनिल बवेजा महा प्रबन्धक (इंजीनियरिंग)चन्द्रशेखर महा प्रबन्धक (प्रोजेक्ट कन्स्ट्रकश) पी?के साबत महा प्रबन्धक (सीएंडएस)डॉ मनीषा पाण्डेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित रौतेला मुख्य वित्तीय अधिकारी विवेक चन्द्रा मानव संसाधन प्रमुख तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी तथा लाभार्थियों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से एयरपोर्ट रोड पीपल गांव झलवा एवं ट्रिपल आईटी के आसपास कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम सिविल एयरपोर्ट से कालिंदीपुरम तिराहा के बीच बनाए जा रहे चौराहे की रोटरी के कार्यों का निरीक्षण किया तथा उसके सौंदर्यीकरण संबंधित जानकारी ली। उन्होंने सभी शेष कार्यों के माइक्रो प्लान के बारे में समझते हुए सभी कार्यों को ससमय पूरा कराने के निर्देश दिए।तत्पश्चात् पीपल गांव झलवा के पास कराए जा रहे नाली निर्माण एवं सड़क चौड़करण के कार्यों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नाली निर्माण के अलाइनमेंट तथा कुछ अन्य कार्यों में कमी पाई गई जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उसे शीघ्र ठीक कराते हुए उनके समक्ष आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इसी क्रम में उन्होंने ट्रिपल आईट चौराहे के पास बनाए जा रहे फुटपाथ एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान निर्मित सड़क के एक हिस्से को कटवा कर उसकी गुणवत्ता की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश थर्ड पार्टी एजेंसी को दिए गए।उन्होंने सभी कार्यों में लेबर बढ़ाते हुए उन्हें और तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए।

# वर्ष का अंतिम पुष्य योग गुरुवार को

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र के उदित होने से गुरु पुष्य योग, गुरु पुष्य नक्षत्र या अमृत योग का संयोग बनता है। 27 नक्षत्रों में गुरु पुष्य आठवां नक्षत्र होता है।पुष्य नक्षत्र को नक्षत्रों का राजा कहा गया है, इस पर शनि, बृहस्पति ग्रह और मां लक्ष्मी का शुभ प्रभाव रहता है।इसी कारण से ग्रहों की इस शुभ युति में खरीदारी, मांगलिक कार्य करना बेहद शुभ फलदायी होता है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख एवं शहर के ज्योतिर्विद स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार चातुर्मास में मांगलिक कार्य बंद होने के कारण गृह प्रवेश,मुंडन,जनेऊ संस्कार,घर के निर्माण कार्य या फिर सोना चांदी, वाहन, भूमि, भवन की खरीदारी आदि प्रतिबंधित थे लेकिन इसके बाद किसी भी खरीददारी हेतु गुरुपुष्य अत्यंत शुभ मुहूर्त रहेगा। वर्ष का अंतिम पुष्य योग 21 नवंबर गुरुवार को प्रातः 06ः49 से दोपहर 03ः35 तक रहेगा,इसमहा योग के साथ इसी दिन रवि योग,अमृत सिद्धि योग और शुभ योग भी होने के कारण इन चार योगों का संयोग से चार गुने फल की प्राप्ति होगी।इस दौरान मांगलिक कार्य और खरीदारी कर सकते हैं। मान्यता है कि गुरु पुष्य योग में चांदी,सोने या किसी अन्य धातु से जुडी खरीददारी करने से घर में लक्ष्मी जी का वास होता है,साथ ही बृहस्पति की विशेष कृपा प्राप्त होगी और अक्षय फल की प्राप्ति भी होती है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शादी से पहले दूल्हा गायब

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा में एक दुल्हा के गायब होने की खबर आई है. थाना एत्माद्दौला में रहने वाले युवक की शादी 22 नवंबर को है. बारात बिचुपरी के कलवारी जानी है. कल 20 नवंबर को लगुन सगाई का कार्यक्रम है लेकिन इससे पहले ही दूल्हा बनने जा रहा युवक लापता हो गया है. परेशान परिजनों ने उसे काफी तलाशा लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस के पास पहुंचे हैं. पुलिस युवक की तलाश कर रही है. 27 साल के इस युवक का नाम अमित कुमार है जो कि एत्माद्दौला के मोती महल का रहने वाला है. अमित की शादी बिचपुरी के कलवारी मं रहने वली युवती से तय है. घर में शादी की तैयारियां चल रही हैं. 20 नवंबर को लगुन सगाई का प्रोग्राम है और 20 नवंबर को बारात जानी है. लेकिन 17 नवंबर की शाम से अमित अचानक लापता हो गया है. परिजनों के अनुसार 17 नवंबर को वह अपने दोस्त को शादी का कार्ड देने के लिए छलेसर गया था. लेकिन कार्ड देने के बाद वह वापस नहीं लौटा है. जिस एक्टिवा से वो गयाथा वह भी लापता है. परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला. युवक का मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है. परेशान परिजन पुलिस के पास पहुंचे हैं. पुलिस सर्विलासं की मदद से लोकेशन का पता लगाने का प्रयास कर रही है. इसके अअलावा अमित के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवाई है. छलेसर पर लगे एक ढाबे के सीसीटीवी में वह जाते हुए भी दिखाई दिया है.

### निलंबन वापसी के लिए लेखपाल संघ ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** 19 नवंबर मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ एत्मादपुर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद एस डी एम एत्मादपुर संगमलाल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में लेखपाल अंकित शाह के विरुद्ध की गई निलंबन की कार्रवाई को लेखपाल संघ ने गलत और निराधार बताया। तहसील अध्यक्ष रूपेश चौधरी ने कहा है कि लेखपालों को छोटी-छोटी बातों पर प्रतिकूल प्रविष्टि कार्रवाई की गई है। इसलिए लेखपालों में उदासीनता और भय का माहौल है। एत्मादपुर के अधिकांश लेखपालों के पास डबल डबल सर्कल चार्ज है जिससे अतिरिक्त प्रभाव रहता। इस दवाब के मध्य शोषण पूर्ण कार्रवाई ठीक नहीं है। लेखपाल अंकित शाह का निलंबन तत्काल वापस किया जाए अन्य कार्रवाई भी समाप्त की जाए ना की जाने की स्थिति में लेखपाल संघ अग्रिम कारवाई के लिए विवश होगा।

# प्रयागराज में सुबह छाया घना कोहरा, दोपहर में मौसम रहेगा साफ, न्यूनतम तापमान पहुंचा 15 डिग्री

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

आज मंगलवार की सुबह गलन के साथ ठंड बढ़ने लगी सुबह घना कोहरा छाया रहा वही दोपहर तक सूरज की तेवर देखने को मिलने वाला है। सुबह में छाया घना कोहरा दोपहर तक छट जाएगा जिससे स्वच्छ आकाश के बीच फिर से मौसम साफ और चिलचिलाती धूप होगी खास बात यह है कि अब प्रयागराज की सुबह अधिक ठंडी होने लगी है क्योंकि तापमान लुढ़कर अभी तक नवम्बर के सबसे न्यूनतम पॉइंट पर आ गया है. *न्यूनतम तापमान पहुंचा 15 डिग्री* प्रयागराज का मौसम फिर से करवट लेने लगा है जहां दिन में चिलचिलाती धूप के साथ अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं, यह तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है.बात की जाए सुबह के मौसम की, तो सुबह में चारों ओर धुंध के साथ ही कोहरा देखने को मिल सकता है.वही प्रयागराज के तापमान भी गिरावट देखने को मिल सकती है.पहली बार सुबह का पारा गिरकर 15 डिग्री सेल्शियस होने की संभावना है.प्रयागराज और आसपास के जनपदो में भी धुन्ध के साथ घना कोहरा देखने को मिल सकता है. ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा.जबकि शहरी क्षेत्र में सामान्य कोहरा नजर आएगा। ग्रामीण इलाकों में कोहरा दोपहर तक नजर आने वाला है,जो सूरज की रोशनी से धीरे-धीरे कम होगा.बढ़ती ठंड को देखते हुए सुबह के अलावा शाम में भी लोग स्वेटर जैकेट आदि गर्म कपड़े पहनने लगे है एक बार फिर से तापमान में गिरावट के साथ 15 डिग्री सेल्सियस तक न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार प्रयागराज के मौसम में जहां सुबह में धुंध के साथ कोहरा देखने को मिल सकता है, तो अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। *सुबह में छाया रहा घना कोहरा* तापमान में गिरावट की वजह से लोगों को मोटे कपड़े पहनना पड़ रहे हैं. वहीं, दोपहर में कोहरा छट जाएगा और स्वच्छ आकाश के बीच तापमान बढ़ने की संभावना रहेगी.भारतीय मौसम विभाग के अनुसार लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है.वही सुबह में घना कोहरा देखने को मिला।

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन फुटबॉल मैच का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के हिंदू नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी मुख्यालय पर आयोजित हो रहे अंतर वाहिनी एवं अंतर क्षेत्रक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहिनी परिसर में चल रहे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन के कार्यकम में फुटबॉल प्रतियोगिता कराया गया । प्रतियोगिता में अलग- अलग बटालियन के आठ टीमों ने हिस्सा लिया । फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रतिभागी टीमों में तृतीय वाहिनी लखीमपुर खीरी एवं 59 वीं वाहिनी नानपारा, 62 वीं वाहिनी भिनगा एवं 42 वाहिनी बहराइच, 43 वीं वाहिनी सिद्धार्थ नगर एवं चतुर्थी वाहिनी लखनऊ तथा 9वीं वाहिनी बलरामपुर एवं 50वीं वाहिनी बलरामपुर के बीच फुटबॉल मैच कराया गया । चारों मैच में चार विजेता टीम, तृतीय वाहिनी, 62 वीं वाहिनी, 43 वीं वाहिनी और नौवीं वाहिनी रहीं ।जिनका अगला प्रतिस्पर्धा 20 नवंबर को खेला जाएगा एवं उनमें से विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में कांग्रेस पार्टी के शिविर कार्यालय पर मंगलवार को पूर्व प्रधनमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया कांग्रेस जनों द्वारा और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को स्वतंत्रता सेनानी, लौह महिला प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर कांग्रेस के शिविर कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि जब 1917 में इंदिरा जी का जन्म हुआ तब देश गांधी नेहरू के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ रहा था और आनंद भवन उसका हेडक्वार्टर था । इंदिरा जी का पूरा जीवन देश को समर्पित रहा । पांच साल की उम्र में विदेशी मेहमान द्वारा दिया गया बार्बी डॉल और बेबी फ्राक अपने छत पर ले जाकर जला दिया और जब उसने पूछा तो इंदिरा जी ने कहा कि हम और हमारा देश गुलाम है । हम विदेशी चीजों का उपयोग नहीं करते, इसलिए इसको जला दिया । उन्होंने नौ साल की उम्र में बानर सेना का गठन किया जो आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानीयों के लिए संदेश लेकर आना जाना और मौका मिलने पर अंग्रेजों के उपर हमले भी करते थे । इंदिरा जी नेहरू जी के बाद लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रधानमंत्री काल में कैबिनेट मिनिस्टर बनीं और बाद में देश की अब-तक की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी । इंदिरा जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और अमेरिकी दादा गिरी के बावजूद पाकिस्तान के दो टुकड़े करके नए देश बांग्लादेश को बनाया । इंदिरा गांधी ने खालिस्तान के नाम से मांग कर रहे नए देश के रूप में पंजाब प्रांत के आताताईयों को भरपूर सबक सिखाया और पंजाब को देश में बनाए रखा । देश के इंटेलीजेंस ने जब इंदिरा जी को आगाह किए कि स्वर्ण मंदिर में सेना की कार्यवाही से कुछ पंजाबी नाराज़ हैं, आप अपने सुरक्षा से पंजाबी गार्डों को हटा दीजिए तो इंदिरा गांधी जी ने कहा कि जिस पंजाब को देश में जोड़ें रखने के लिए मैंने इतनी बड़ी कार्यवाही की है, उसी राज्य के लोगों को यदि अपने सुरक्षा से हटा देंगे तो इसका संदेश ग़लत जाएगा और पूरी सिख कौम बदनाम हो जाएगी । उन्होंने इंटेलीजेंस के बातों को खारिज कर दिया और कहा यदि मैं मर भी जाऊंगी तो मेरे खून का एक एक कतरा इस देश की अखंडता के काम आएगा । बाद में इनके सिख सुरक्षा कर्मियों ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी । ऐसी साहसी और निर्भीक प्रधानमंत्री को सत् सत् नमन। पीसीसी डाक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी का पूरा जीवन देश के लिए बलिदान हो गया और उनके द्वारा किए गए कार्यों के बल पर हम आज सर उठाकर चल रहे हैं उनको सादर नमन।

महामंत्री विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और लोहे जैसा मजबूत इरादा लिए जिस तरीके से इंदिरा जी ने देश के हित में तमाम कार्य किए हैं वो हम कांग्रेस जनों के साथ साथ हिन्दुस्तान के हर नागरिक का कर्तव्य है कि उसे आगे बढ़ाए । उन्होंने कहा कि

### नौ दिनों से पानी के कतरे करते लिए तरसे लोग खाली बर्तनों को लेकर बैठे धरने पर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** एतमादौला क्षेत्र के कछपुरा में लगभग पिछले 9 दिनों से पानी की किल्लातो से जूझ रहे है लोग । जलापूर्ति बिल्कुल ही ठप पड़ी है ।लोगो को पानी पैसे से खरीद जीवन यापन करने को मजबूर है बच्चो को स्कूल जाने हो या नौकरी पेशे वाले लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।जिसको लेकर सोमवार को स्थानीय लोगो ने खाली बर्तन लेकर रोड पर धरने पे बैठ गए ।सूचना पाकर स्थानीय कछपुरा के पार्षद पति मौके पर पहुंचे ।कछपुरा के वार्ड नंबर 13 की जनता जलापूर्ति नही होने के चलते पुरुष महिला बच्चे अक्रोशित आंदोलन करने को मजबूर हो चुके है। जल ही जीवन है किंतु इस समस्या का समाधान नही हो पा रहा है जल कल विभाग के जेई आशीष कुमार ने बताया कि हमारे संज्ञान में गुरुवार को आया और हम तत्काल कारवाही में लग गए दो वॉल भी बढ़ाया ताकि प्रेशर से पानी सप्लाई की जा सके लेकिन वॉल लगाने के बाद भी प्रेशर नहीं मिल सका।

# विधायक बोले ओवरब्रिज नहीं, बाईपास बनेगा, योजना केंद्र में लंबित

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

कस्बे में लगातार हो रही ट्रैफिक जाम की समस्या को दैनिक भास्कर संवाददाता मुलायम सिंह चौहान नें प्रमुखता के साथ उठाया था! क्षेत्रीय जनता एवं नगर वासियों से बात करने पर उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से ट्रैफिक जाम की समस्या को संज्ञान में लेने की बात कही थी। दैनिक भास्कर की खबर का असर हुआ है क्षेत्रीय विधायक धर्मपाल सिंह नें एत्मादपुर में लगातार लगने वाले जाम से राहत के लिए क्षेत्रीय विधायक बोलें पुल नहीं बाई पास बनेगा, केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर समस्या को अवगत कराया गया और केंद्र में योजना लंबित है। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह चौहान ने बताया कि एत्मादपुर में कुछ दिन से भारी जाम की समस्या को देखते हुए वे दो बार केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार वे केंद्रीय मंत्री आगरा सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ एत्मादपुर विधान सभा के विभिन्न मार्गो की समस्याओं को लेकर अपनी बात उनके समक्ष रख चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने एत्मादपुर के नेशनल हाईवे 19 पर जाम की समस्या को लेकर अपनी चिंता जाहिर की, विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे 19 केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है। जिसमें उसकी कार्यदाई संस्था एत्मादपुर को बचाने के लिए दोनों ओर से बाईपास निकालने के अथक प्रयास में जुटी हुई है। उन्होंने प्रोजेक्ट में जल्दबाजी न करते हुए कार्य सुलभता के साथ पूरा कार्य कराने का भरोसा जताया है।

# साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा परीक्षा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर, बलरामपुर में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ डी पी सिंह ने बताया कि कक्षा 1 से 12 तक के कुल 105 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था, जिसमें से 100 विद्यार्थियों ने आज की परीक्षा में भाग लिया। पिछले वर्ष से ही विद्यालय में इस प्रकार की ओलंपियाड परीक्षाओं का आयोजन हो रहा है, जिसमें बच्चों ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। परीक्षा का परिणाम जनवरी से आना शुरू होगा। विद्यालय में महान वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती भी मनाई गई। विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित किए गए निबंध और भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसका आयोजन विद्यालय की वरिष्ठ कॉमर्स प्रवक्ता सुश्री आकांक्षा सिंह ने किया। रानी लक्ष्मीबाई पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम की महान और अद्भुत नायिका बताया। महिला सशक्तिकरण पर विचार प्रकट करते हुए झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को भारतीय ब्रांड मिस्टर भी बताया और खासकर विद्यालय की बालिकाओं का हौसला आफजाई करते हुए उन्हें झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के राह पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# छापेमारी में बैंक से बंधक गोदाम में पकड़ी गई 88 बोरी नकली डीएपी





गोदाम में नकली खाद के व्यापार और भंडारण की सूचना मिली थी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की गई। गोदाम के स्वामित्व की जानकारी नहीं हो सकी। गोदाम से 88 बोरी डीएपी बरामद की गई,जो प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत हो रही है।जांच के लिए नमूने लेकर सील किए गए हैं। मामले में जो भी दोषी है उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। गोदाम बैंक की ओर से सील किया गया था। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उनकी ओर से लगाया गया ताला तोड़कर दूसरा ताला डाला गया था।बैंक अपने स्तर से जांच कर कार्रवाई कराएगी।

**नरेंद्र पाल, जिला कृषि अधिकारी।**

- टीम ने पकड़े गए उर्वरक के लिए सैंपल, गोदाम को किया गया सीज
- दो घंटे पड़ताल में जुटी रही टीम, कर्ज के बाद बैंक आफ बड़ौदा ने बंधक किया था गोदाम



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

हाईवे के किनारे गोदाम में नकली उर्वरक बनाने की सूचना पर जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने प्रशासनिक और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की। गोदाम के अंदर 88 बोरी नकली डीएपी बरामद की गई। टीम ने खाद को सुपुर्दगी में लेकर नमूना सील किए। गोदाम को सील कर दिया गया। टीम गोदाम के स्वामित्व की जानकारी में जुटी हुई है। इसके बाद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही गई।

पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे के किनारे गांव गजरौला जसी के पास गोदाम बनी हुई है। मंगलवार जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल को सूचना मिली कि गोदाम के अंदर नकली उर्वरक बनाने की फैक्ट्री चल रही है। जिला कृषि अधिकारी ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की।गोदाम के मुख्य गेट में ताला पड़ा हुआ था।आस पड़ोस के लोगों से गोदाम के स्वामित्व की जानकारी की। गोदाम के पास बने एक घर में पहुंची संयुक्त टीम ने गोदाम स्वामी की तलाश में पड़ताल की।घर में मौजूद महिला ने टीम को बताया कि दो वर्ष पूर्व गोदाम बैंक से लिए गए कर्ज को लेकर पूरनपुर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बंधक कर सील की थी।टीम की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कर गोदाम का ताला तोड़ा गया।छापेमारी में गोदाम के अंदर 88 बोरी नकली डीएपी बरामद हुई। छह बोरी में केमिकल पाउडर भरा हुआ था। भारी मात्रा में उर्वरक गोदाम की फर्श पर फैला पड़ा हुआ था।जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल का कहना था कि फर्श पर पड़े उर्वरक को देख अनुमान लगाया जा रहा है कि गोदाम के अंदर बीते लंबे समय से नकली खाद का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा था।टीम ने अंदर के गोदाम के गेट का ताला तोड़कर जांच की। हालांकि दूसरी गोदाम में खाद का भंडारण नहीं मिला।टीम ने पकड़ी गई खाद का नमूना लेकर सील किया। पकडी गई खाद को सुपुर्दगी में लेकर कृषि विभाग की सरकारी गोदाम में रखवाया गया। सूचना पर पूरनपुर बड़ौदा बैंक शाखा प्रबंधक मौके पर पहुंच गई। उप जिलाधिकारी ने गोदाम पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी जुटाई। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गोदाम को सील कर दिया गया। अचानक हुई छापेमारी से खाद के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

### क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को बिक्री की गई नकली डीएपी

गोदाम में नकली डीएपी का भंडारण करने के बाद क्षेत्र के दर्जनों किसानों को बिक्री की गई। चर्चा है कि आस पड़ोस की दुकानदारों को भी नकली खाद की सप्लाई की गई। मंगलवार जिला कृषि अधिकारी द्वारा नकली खाद पकड़ने की सूचना पर कई किसान मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि गोदाम स्वामी द्वारा उन्हें भी इस खाद की बिक्री की गई है। मौके पर मौजूद किसानों ने कड़ी कार्रवाई की मांग।

### डीएपी और एनपीके की मारामारी में सक्रिय हुए माफिया

समितियों पर खाद की उपलब्धता न होने के कारण किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में नकली खाद के कारोबारी सक्रिय हो गए।यह धंधेबाज जरूरतमंद किसानों को नकली उर्वरक की बिक्री कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जनपद में नकली उर्वरक का धंधा तेजी से पैर पसार रहा है।

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से बंधक गोदाम के ताले तोड़कर किया भंडारण

गोदाम और उसकी भूमि पर बैंक की ओर से लिए गए कर्ज को समय से न चुकाने पर बैंक ऑफ़ बड़ोदा पूरनपुर ने संपत्ति को बंधक कर गोदाम को सील कर दिया था। नकली खाद कारोबारी ने बैंक की ओर से बंधक किए गए गोदाम के ताले तोड़कर गोदाम में नकली खाद का धंधा शुरू कर दिया। चर्चा है कि बीते लंबे समय से गोदाम में नकली खाद का भंडारण कर क्षेत्र में ट्रैकों से सप्लाई की जा रही थी।मामले में बैंक के जिम्मेदार अफसर भी लापरवाह बने रहे। मामला उजागर होने के बाद बैंक कर्मचारी कार्रवाई की बात कह रहे हैं।



## आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा पर भव्य द्वार का निर्माण शुरू



ब्रहमचारी घाट के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। स्वागत द्वार का काम भी शुरू करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त वंदन योजना के तहत गौरीशंकर मंदिर मार्ग के निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, बेंच आदि का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा।

**डॉ.आस्था अग्रवाल, अध्यक्ष नगरपालिका पीलीभीत**

- पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था ने मुख्यमंत्री से की थी मुलाकात चौराहे का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

पीलीभीत। ब्रह्मचारी घाट के सौंदर्यकरण के क्रम में अब ब्रह्मचारी घाट मार्ग पर जाने के लिए और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए आयुर्वैदिक कॉलेज चौराहा पर भव्य द्वार का निर्माण शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा ब्रह्मचारी घाट पर कराए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के प्रयास से ब्रह्मचारी घाट सौंदर्य करण का कार्य चल रहा है। पालिका अध्यक्ष ने चुनाव जीतने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। तब उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया था कि पीलीभीत का ब्रह्मचारी घाट देवहा नदी और खकरा नदी का संगम है। प्राचीन मनोकामना मंदिर भी स्थित है। जनपद और आसपास के इलाकों के लोगों के लिए यह प्रमुख आस्था का केंद्र है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां पर सौंदर्यकरण आदि कार्य कराया जाना आवश्यक है। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यटन विभाग को इस संबंध में निर्देश दिए और ब्रह्मचारी घाट पर काम शुरू कर दिया गया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि ब्रह्मचारी घाट पर शौचालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। सीढ़ियों का निर्माण चल रहा है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस मार्ग पर स्थित आयुर्वैदिक कॉलेज चौराहा पर भव्य द्वार का निर्माण भी आज से शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त वंदन योजना के तहत गौरीशंकर मार्ग निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, बेंच आदि का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष के साथ सभासद वतनदीप मिश्रा, शबनम, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह, निज़ाक़त अली कादरी आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दबंगों ने रात में जोत दी पांच किसानों की गेंहू की फसल

**जन एक्सप्रेस । हजारा।** पूरनपुर। दबंगों ने रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से पांच किसानों की गेहूं की फसल जोत कर तहस-नए कर दी। फसल जोतने का विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकाया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू की। हजार थाना क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा और टाटरगंज निवासी महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनकी कृषि भूमि पांच नंबर में है। आरोप है कि 15 नवंबर की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे थाना क्षेत्र के गांव कंबोज नगर टिल्ला नंबर चार निवासी हरभजन सिंह उर्फ पोला सिंह, शमशेर सिंह, पप्पू सिंह उर्फ गुरमेज सिंह, अमरजीत सिंह उर्फ अंम्बू ने कृष्ण कौर, कुलविंदर कौर, सीमा कौर,गुरमेज कौर ,सुरजीत कौर सहित पांच महिला किसानों के खेतों में बोए गए गेहूं को ट्रैक्टर से जोत दिया।गेहूं जोतने का विरोध करने पर अश्लील गालियां दी। धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पांच साल के बच्चे से कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज की न ही मेडिकल कराया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव में पांच साल के मासूम को चीज दिलाने का लालच देकर गांव का ही एक युवक अपने साथ ले गया और कुकर्म किया। परिजन के अनुसार उसी दिन यूपी 112 पुलिस गांव पहुंची और तहरीर भी दूसरे दिन दे दी गई। मगर, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और मेडिकल परीक्षण तक नहीं कराया। इसी बीच गांव के ही कुछ लोग बीच में पड़े और दबाव बनाकर समझौता करा दिया गया। परिजन तहरीर और फिर समझौतानामा भी थाना पुलिस को देने की बात कह रहे हैं जबकि बरखेड़ा पुलिस ने मामला संज्ञान में होने से ही इन्कार कर दिया है। घटना बरखेड़ा क्षेत्र की है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वह निजी चालक हैं। 15 नवंबर को वह काम से लखीमपुर जनपद के पलिया इलाके में गए थे। उनका पांच साल का पुत्र कक्षा एक का छात्र है। गांव का ही एक युवक बच्चे को चीज खिलाने का लालच देकर मकान से करीब आधा किमी की दूरी पर सूनसान स्थान पर ले गया। आरोप है कि वहां पर बच्चे से कुकर्म किया गया। बच्चे के साथ मारपीट करने के साथ ही जान लेने की कोशिश की गई। फिर डरा धमकाकर छोड़ दिया। रोते हुए घर की तरफ जा रहे बच्चे को एक ग्रामीण ने देख रोका और पूछा तो उसने सारी बात बताई। फिर बच्चा घर आ गया। पिता भी काम निपटाकर देर शाम घर आ गए थे। इसकी सूचना उसी दिन यूपी 112 नंबर पर दी गई। पिता के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे दिन सुबह थाने जाने की बात कह दी। इसके बाद दूसरे दिन वह बरखेड़ा थाने पहुंचे और मामले में तहरीर दे दी। मगर, उसके बाद भी न तो रिपोर्ट दर्ज की गई न ही मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़िता पिता को ही धमकाया -डराता जाता रहा। इसके बाद बच्चे की हालत बिगड़ रही थी तो उसे कस्बे के एक चिकित्सक से दवा दिलाई गई। इधर, गांव के ही तमाम लोग सुलह कराने में जुट गए और जिसके बाद रंजिश से बचने के लिए परिवार ने समझौता नामा लिखकर दे दिया। बताते हैं कि सुलह बच्चे का इलाज का खर्च उठाने के नाम पर कराई गई। एक दिन पूर्व सोमवार को भी पीड़ित परिवार थाने पहुंचा था। आरोप है कि उनकी सुनवाई नहीं हो सकी थी। उधर, इंस्पेक्टर बरखेड़ा मुकेश शुक्ला का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, न ही उन्हें तहरीर दी गई थी।

### कई माह से तलाश कर रही पुलिस के ने 25 हजार के इनामी शाहजहांपुर के दो बदमाश किये गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** लंबे समय से गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को करेली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों को जेल भेज दिया है।



करेली थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम ढकिया तिवारी निवासी कुलदीप सिंह और अंजेश आरोपी थे। कई माह से पुलिस उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी लेकिन कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। इस पर फरार आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए पच्चीस -पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया था। आरोपियों पर डकैती, हमला करने आदि के मुकदमे थे। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित और इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने मंगलवार को एक सूचना के आधार पर ग्राम रांठ को जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान दोनों इनामी अपराधी कुलदीप सिंह और अंजेश को गिरफ्तार कर लिया। एसओ करेली सिद्धार्थ उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इनकी लंबे समय से पुलिस तलाश कर रही थी।

### सोना तस्करी में आठ लाख वसूलने वाले दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट, निलंबित

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** सोने की तस्करी के मामले में सलमान को लिसाड़ी गेट थाने के एक कमरे में अवैध हिरासत में रखकर यातनाएं देने और 8 लाख वसूलने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। दरोगा महेंद्र, सिपाही हेड कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल ओमबीर को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। पीड़ित सलमान की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है और एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह की रिपोर्ट पर कार्रवाई हुई है। लोहियानगर थाने के अहमदनगर निवासी सलमान पर आरोप लगा था कि वह सऊदी अरब से सोने की तस्करी करता है।

## एसडीएम ने नगर में पैदल भ्रमण कर देखी सफाई व्यवस्था



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

एसडीएम ने नगर में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर के वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली। उन्होंने नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

मंगलवार सुबह उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के साथ नगर में सात कि.मी पैदल भ्रमण कर वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिला। दुकानदारों से वार्ता कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया।

## नायब तहसीलदार ने दस राजस्व वाद का डोर टू डोर किया निस्तारण

- घर बैठे होगा राजस्व वाद का निस्तारण, फरियादियों को मिलेगी राहत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने टीम के साथ डोर टू डोर पहुंचकर राजस्व संबंधी फरियादियों की शिकायते सुनी। दस शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।घर बैठे शिकायत का निस्तारण होने से फरियादियों ने राजस्व अधिकारियों की प्रशंसा की।

राजस्व संबंधी मामलों में शिकायतों के बाद भी समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा था।फरियादी शिकायत निस्तारण के लिए तहसील के चक्कर काटने को मजबूर थे। दिव्यांग, बुजुर्ग, बेसहारा फरियादी शिकायत के लिए तहसील मुख्यालय नहीं पंहुच पा रहे थे। वर्षों से लंबित वाद का निस्तारण नहीं हो पा रहा था। ऐसे फरियादियों के लिए राहत भरी खबर है।डीएम के निर्देश पर डोर टू डोर शिकायत निस्तारण की मुहीम शुरू की गई है। मंगलवार नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने अभियान का शुभारंभ किया। टीम ने तहसील क्षेत्र के गांव महद में पहुंचकर राजस्व संबंधी शिकायते सुनी। छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। इसके बाद टीम ने तकिया दीनारपुर में पहुंचकर राजस्व संबंधी तीन विवादों का निस्तारण किया। लोधीपुर में एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया।तीन गांव में कुल दस राजस्व वाद का निस्तारण किया गया। घर बैठे शिकायत का निस्तारण होने से फरियादियों के चेहरों पर खुशी देखी गई। नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर डोर टू डोर वाद निस्तारण की मुहीम शुरू की गई है। दस फाइलों का निस्तारण होने से फरियादियों के समय की भी बचत हुई है। फरियादियों ने अधिकारियों की प्रशंसा की।टीम में न्याय लिपिक, लेखपाल आदि शामिल रहे।

## पुन: मतगणना के न्यायालय के आदेश पर इलाके में बढ़ी सरगर्मी

- वार्ड नंबर आठ में नतीजों के बीच हजारों मत गायब होने के मामले में न्यायालय ने दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस । विपिन तिवारी**



शाहगंज/जौनपुर। जिला पंचायत चुनाव में मतगणना के दौरान हुई धांधली की शिकायत पर न्यायालय ने पुनः मतगणना कराने का आदेश दिया है। मामला जौनपुर जिला पंचायत के वार्ड संख्या आठ का है। वार्ड संख्या आठ में मतगणना और नतीजे घोषित करने के बीच तकरीबन नौ हजार मत गायब कर दिए जाने का गंभीर आरोप सत्ताधारी दल और जिम्मेदारों पर लगा था।पुनः मतगणना कराये जाने के कोर्ट के आदेश के बाद इलाके में सियासी सक्रियता बढ़ गयी है। वहीं दूसरा खेमा चक्रव्यूह से निकलने की जुगत भिड़ाने में लगा हुआ है।

वर्ष 2021 में हुए जिला पंचायत सदस्य चुनाव में वार्ड संख्या आठ में कुल 23241 मत पड़े जिनमें 944 मतों को रद्द घोषित किया गया। 22297 मत वैध पाए गए। लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने जब नतीजे घोषित किए तो केवल 13230 मतों के आधार पर शोले राजभर को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया। मतों के इस नए आंकड़े में न्याय पंचायत पाराकमाल अंतर्गत सात ग्रामसभा के मत गायब थे।

इस वार्ड से राष्ट्रीय उलेमा कौनसिल समर्थित प्रत्याशी मौलाना मतिउद्दीन ने न्यायालय में याचिका दाखिल की। एडीजे चतुर्थ रूपाली सक्सेना के न्यायालय ने तीन साल चार महीना 27 दिन तक चले मामले में आदेश दिया है कि वार्ड संख्या आठ के सभी 13 प्रत्याशियों को सूचना देकर न्याय पंचायत पाराकमाल अंतर्गत आने वाली सभी ग्रामसभा की पुनः मतगणना कराई जाय। न्यायालय के इस आदेश से शाहगंज इलाके में अचानक ठंड की दस्तक के बीच सियासी पारा काफी बढ़ गया है।

## विद्यालय से काटे गए 60 हरे पेड़ों के मामले को दबाने में जुटे हैं अधिकारी



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शासन के कड़े प्रतिबंधों के बावजूद क्षेत्र में हरे पेड़ों का कटान रुकने का नाम नही ले रहा है। नगर के गर्ल्स इंटर कॉलेज से बिना परमिट से पांच दर्जन से अधिक पेड़ों का किया गया अवैध कटान विभाग के अफसरों की गले की हड्डी बना हआ है। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर इस मामले की जांच चल रही है। जिसे दबाने में विभाग के अधिकारी लगे हुए हैं।

क्षेत्र में हरे पेड़ों का कटान किए जाने का खेल लंबे समय से चल रहा है।

विगत मार्च माह में ब्लॉक कार्यालय से चंद दूरी पर स्थित नगर के एसके जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज से 60 से अधिक हरे भरे पेड़ों का कटान दिन में ही कर लिया गया। ठेकेदार विद्यालय से काटे गए पेड़ों की लकड़ी भरवाकर बिक्री के लिए ले गया। इस मामले की भनक वन विभाग को नहीं लग पाई।इस मामले में पिछली माह उस समय तूल पकड़ा जब नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी हरेंद्र दत्त मिश्र ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर एसके जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में ठेकेदार द्वारा 15 पेड़ों का परमिट होने पर 60 से अधिक पेड़ों का कटान अवैध रूप से करालेने की शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि बिलसंडा मार्ग स्थित एस के जे पी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य मीना शर्मा ने विद्यालय की नियंत्रक सुखविंदर कौर तथा वरिष्ठ लिपिक गौरव शर्मा से साठ गांठ कर विद्यालय परिसर में खड़े हुए लगभग 60 पेड़ से अधिक का कटान करा दिया है जबकि परमिट वन विभाग द्वारा केवल 15 पेड़ कटवाने का दिया गया था। इन पेड़ों के काटने से पर्यावरण को क्षति पहुंची है साथ ही साथ तीनों लोगों ने मिलकर धन उगाही भी की है शिकायत को संज्ञान में लेते हुए इस मामले की जांच करने के लिए सरकार द्वारा जनपद के जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह को भेजा गया जिन्होंने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीसलपुर के एसडीएम नागेंद्र पांडे के साथ जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अमित कुमार सिंह एसडीओ वन विभाग अंजलि कुमार श्रीवास्तव वन क्षेत्र अधिकारी रोहित जोशी को मामले की जांच सौंपी है। टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। ठेकेदार जांच टीम के समक्ष पेश नहीं हो रहा है। जिससे जांच अधर में लटकीहुई है। कार्यवाही नहीं हो पा रही है। प्रधानाचार्य मीना शर्मा का कहना है कि वह पेड़ों के कटान के समय मूल्यांकन ड्यूटी पर थी शिक्षिका मंजू विश्वकर्मा पर चार्ज था। पूर्व कंट्रोलर सुखविंदर कौर का कहना है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक मंच विश्वकर्मा द्वारा विद्यालय में पेड़ों का कटान होनेकी सूचना उन्हें नहीं दी गईथी। जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियोंको इस मामले से उन्होंने अवगत करा दिया था। एसडीम नागेंद्र पांडे का कहना है कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों पर उंगलियां उठने लगी है। बड़े पैमानेपर हरे पेड़ों का नगर सीमा के अंदर विद्यालय से कटान होने से वन विभाग की कार्यप्रणाली की असली पोल खुल कर सामने आ गई है।

### मेरठ में हर तरफ स्मॉग

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** तापमान गिरने के साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मेरठ में सोमवार को दिन में एक्यूआई 384 और रात 10 बजे के बाद का 413 दर्ज किया गया। प्रदूषण बढ़ने के कारण जिले के नर्सरी से 12वीं तक के सभी स्कूल और कोचिंग सेंटर बंद कर दिए गए ।

## आई ए एस अधिकारी इशिता किशोर ने तहसीलदार न्यायिक का कार्यभार संभाला



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मछलीशहर। वर्ष 2022 बैच की आई ए एस टॉपर इशिता किशोर के तहसीलदार न्यायिक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिवक्ता संघ भवन में मंगलवार को परिचय समारोह का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नवनियुक्त तहसीलदार न्यायिक ने अपना परिचय देते हुए कहा कि श्रीराम कालेज ऑफ कॉमर्स दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थ शास्त्र कॉमर्स में ग्रेजुएशन करने के बाद मेरा आई ए एस में चयन हुआ।तहसीलदार न्यायिक के पद पर प्रशिक्षण कार्य हेतु तैनाती मिली है। मैं अधिवक्ताओं के सहयोग एवं सामंजस्य से जनता की सेवा और समस्याओं का निस्तारण करूंगी।सभी से सहयोग की अपेक्षा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने कहा कि अधिवक्ता एवं प्रशासन का एक ही लक्ष्य है कि क्षेत्र की जनता का हित हो और त्वरित न्याय मिल सके।यह तभी संभव है जब बार बेंच में सामंजस्य बना रहे।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा ने बार की परंपराओं से अवगत कराया और अधिकारियों को सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता केदार नाथ यादव ने अधिकारियों का स्वागत किया। संचालन अधिवक्ता संघ के महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार अजीत कुमार, नायब तहसीलदार कस्बा संतोष कुमार, नव नियुक्त नायब तहसीलदार सुजानगंज विवेक श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र मणि शुक्ला, आर पी सिंह, इंदू प्रकाश सिंह, हरिनायक तिवारी, भरत लाल यादव, रघुनाथ प्रसाद, सुरेश बहादुर सिंह, राम सूरत पटेल, कमलेश कुमार सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

# डीएम ने बताये वायु प्रदूषण से बचाव के उपाय

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में वायु प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड की शुरुआत हो चुकी है, साथ ही धुंध बढ़ने की भी सम्भावना है क्योकि वायु प्रदूषण की मात्रा पहले की अपेक्षा बढ़ी है। को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी वायु प्रदूषण नियंत्रण प्लान का शतप्रतिशत पालन किया जाये। उन्होंने नगर को स्वच्छ बनाने हेतु बिन्दुवार मंथन करते हुये वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु अधिकारियों को निर्देश दियेः-

निर्माण कार्यों के दौरान धूल उड़ने की रोकथाम हेतु बिल्डिंग को कवर्ड किया जाये। सीमेन्ट, बालू, मिट्टी आदि में पानी का छिड़काव किया जाये।

उपायुक्त उद्योग द्वारा निरीक्षण कर ईट, भठ्ठा आदि उद्योगों के संचालन में पूर्णतः सभी नियमों का पालन कराना सुनिश्चित किया जाये।

किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और न जलाने पर होने वाले फायदो का प्रचार-प्रसार किया जाये।

समस्त नगर पालिकाओं द्वारा मुख्य मार्गो में पानी का छिड़काव किया जाये और धूल उड़ने की रोकथाम से संबंधित एलाउन्समेंट कराकर लोगो को भी जागरुक किया जाये कि अपने घरों के आस-पास पेड़ पौधो, सड़क में पानी का छिड़काव करें।

जहां भी कूड़ा जलाया जा रहा है पूर्णतः रोकथाम लगायी जाये और किसी भी दशा में कूड़ा, ट्यूब/टायर न जलाये जाये।

सभी नगर निकायों में एमआरएफ प्लांट चालू होने चाहिये। सड़क के किनारो में कूड़ा इकठ्ठा नही होना चाहिये।

जाम लगने वाले चैराहों/बाजारों पर भी विशेष नजर रखी जाये, जिससे धुंआ फैलने की स्थिति उत्पन्न न होने पाये, के साथ ही पानी का छिड़काव भी किया जाये।

बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु दुकानों में छापेमारी कर जुर्माना वसूली की जाये।

हवा की गुणवत्ता चेक करने हेतु समय-समय पर हवा की जांच की जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी हेमन्त सेठ, अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दस दिसम्बर तक चलेगा हमारा शौचालय हमारा सम्मान- अभियान




**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस पर ''हमारा शौचालय-हमारा सम्मान'' अभियान के नाम से चलेगा, इसकी शुरुआत वर्ल्ड टायलेट डे दिनांक 19 नवम्बर से प्रारम्भ होकर मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर को समापन होगा। इसका उद्देश्य है कि स्वास्थ्य रक्षा एवं बीमारियों से बचाव, महिलाओं एवं लड़कियो की निजता एवं असुरक्षित जोखिम को रोकने और साथ-साथ लोगो को सुरक्षित वातावरण मिलें।

उन्होने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि जो व्यक्तिगत शौचालय मरम्मत योग्य हो उन्हे 3 आर (रिस्टोर, रिपेयर, रिफांड) के अन्तर्गत लाभार्थियो के नाम व फोटो सहित आवेदन स्वीकृत किये जाये और सत्यापन कराकर व्यक्तिगत शौचालयो की मरम्मत करायी जाये।

ग्राम पंचायत स्तर पर सबसे अच्छा व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता एवं विकास खण्ड/जनपद स्तर पर सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता को ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाये।

गंगा गांव का कोई भी लिक्केड वेस्ट गंगा में नही जाना चाहिये।

ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित ग्रामो का जनपद स्तर में वेरीफिकेशन कराने के बाद थर्ड पार्टी से भी कराया जाये।

मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर प्रत्येक ब्लाकवार कैम्प लगाकर सभी दिव्यांग बच्चो दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छिबरामऊ पुलिस के गले की हड्डी बनी रिंकी की हत्या, न कार मिली न हत्यारोपी



**चैलेंज करने के बाद छात्रा को कार से टक्कर मारी**

एएनएम की पढ़ाई कर रही कुसुमलता उर्फ रिंकी को उसके पड़ोस में रहने वाले रामऔतार के भांजे अरुण ने शादी के लिए प्रपोज किया था। शादी से इनकार करने पर उसने 8 सितंबर को छात्रा की पिटाई कर दी थी और उसे चैलेंज करते हुए कहा था कि यदि तुम मेरी नहीं होगी तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। इसके बाद उसने छात्रा की कार से टक्कर मारकर हत्या कर दी थी।

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

स्कार्पियो से कुचल कर छात्रा की हत्या करने वाला युवक पुलिस की पकड़ से दूर है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कोतवाल पर कार्रवाई हो चुकी। नए कोतवाल के लिए आरोपी का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। अब तक न हत्यारोपी का पता चला और न ही उसकी स्कार्पियो बरामद हो सकी।

घटना 12 नवम्बर को छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के पालपुर गांव की है। यहां की रहने वाली कुसुमलता उर्फ रिंकी को अरुण कुमार उर्फ ब्रजेश नाम के युवक ने तेजी से स्कार्पियो चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी थी। घटना के 2 दिन बाद छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। 14 नवम्बर को इस एक्सीडेंट का सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया।

जिसमें छात्रा को टक्कर मारते हुए एक स्कार्पियो गाड़ी दिखाई दे रही।

इस मामले में रिपोर्ट दर्ज न करने पर एसपी अमित कुमार आनंद ने छिबरामऊ के कोतवाल सचिन कुमार, एसआई राज कुमार पटवा और हेडमोहर्रिर उपदेश को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी को छिबरामऊ कोतवाली का चार्ज दिया गया। 5 दिन बीतने के बाद भी नए कोतवाल और उनकी टीम न तो हत्यारोपी अरुण का कुछ पता लगा सकी और न ही स्कार्पियो बरामद हुई। हालांकि युवक का पता लगाने में पुलिस की 3 टीमें लगी हैं और अब तक उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

# शादी का झांसा, कई बार बनाए शारीरिक संबंध, पुलिस ने भेजा जेल




**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से एक युवक ने कई बार शारीरिक सम्बन्ध बनाये। नाबालिग गर्भवती हो जाने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। वही पीडिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने करीब सात माह पूर्व शादी का झांसा देकर पहले प्रेमजाल में फंसाया उसके बाद विवाह करने की बात कहकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। घर में न बताने के लिए उसे धमकी देकर कहा अगर किसी को इसकी जानकारी दी तो हम कुछ ऐसा करेंगे तुम किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। कुछ दिन पूर्व ही कुछ उसको पेट में दर्द की शिकायत हुई तो परिजनों ने उसकी जांच करायी तो पता चला कि वह गर्भवती है। किशोरी से पूछताछ पर उसने आरोपी युवक सुनील कुमार का नाम परिजनों को बताया। पीडित किशोरी की मां ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया, कि मां की तहरीर पर आरोपी युवक के विरूद्ध पास्को एक्ट के तहत सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# खून से लथपथ अर्धनग्न पड़ी मिली कांशीराम कालोनी में महिला

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



कांशीराम कालोनी के एक कमरे में खून से लथपथ महिला पड़ी मिली। उसके शरीर के ऊपरी हिस्से पर कपड़े नहीं थे। चेहरे को तेजाब से जलाए जाने का अनुमान है। कालोनी वासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर में पहुंची पुलिस ने महिला को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र की पुरानी पुलिस लाइन स्थित कांशीराम कालोनी के ब्लाक नम्बर 3 के एक आवास में दोपहर के वक्त महिला का शव नग्न अवस्था में पड़ा देखा गया। उसके शरीर के ऊपरी हिस्से पर कपड़े गायब थे जबकि नीचे हिस्से के कपड़े फटे थे।

महिला के चेहरे को तेजाब जैसे किसी पदार्थ से जलाया गया, जबकि शरीर खून से लथपथ था। जब मंगलवार दोपहर बाद तक महिला कमरे से बाहर नहीं आई तो कालोनी की रहने वाली मीना वहां देखने पहुंच गई। कमरे के अंदर खून से लथपथ महिला को देखकर उसके होश उड़ गए।

मीना ने 112 नम्बर पर कॉल कर मामले की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम कालोनी पहुंच गई और महिला को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

कांशीराम कालोनी की रहने वाली मीना ने बताया कि कालोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ महिला रहती थी। बुजुर्ग की मौत के बाद उसके साथ नरेश नाम का व्यक्ति रहने लगा था। घटना के बाद से नरेश गायब है। महिला के साथ कैसे क्या हुआ, इसका कुछ पता नहीं है।

कालोनी वासियों ने बताया कि महिला के साथ बर्बरता से पहले कमरे में दारू पी गई। वहां बोतल, 4 गिलास और नमकीन पड़े मिले। जिससे अनुमान लगाया जा रहा कि बर्बरता के समय कमरे में 4 व्यक्ति रहे होंगे। हालांकि पुलिस इस मामले में तेज़ी से जांच कर सुराग लगाने की कोशिश कर रही है।

# आधुनिक भारत के निर्माण में इन्दिरा गांधी की अहम भूमिका- सिकन्दर



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

देष की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़वी ने कहा की आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक ऐसी महिला थी जिन्होंने न केवल भारतीय राजनीति बल्कि विष्व राजनीति में भी अपना प्रभाव छोड़ा। इस अवसर पर जियाउर रहमान, दिलशाद वारसी, फरहान, शुभम, शब्बर रिज़वी, अनूप, अमित गौतम, अरशद अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### थाने में कबाड़ हो रहे वाहनों की होगी नीलामी- डी.के सिंह

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक न्यायालय के प्रकीर्ण वाद में मुकदमों से संबंधित बड़ी संख्या में वाहन खड़े हैं। वहां न सिर्फ थानों में जगह घेर रहे हैं। बल्कि कबाड़ में तब्दील भी हो रहे हैं। जिनकी नीलामी प्रक्रिया 26 नवंबर को होगी। हाल ही में शासनादेश जारी हुआ है। कि प्रदेश के सभी थानों में खड़े वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराकर उनका निस्तारण करें। यह आदेश मिलने पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सभी थानों से उनके यहां मौजूद सभी प्रकार के वाहनों का निस्तारण करने का निर्देश जारी किया है। जिसमें जब्त की गयी एक दो पाहिया वाहन की नीलामी 26 नवम्बर को कोतवाली परिसर में की जायेगी। यह जानकारी कोतवाल डी के सिंह ने दी उन्होने बताया कि नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार के समक्ष नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक युवक कि पहचान कराने में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार की सुबह नगर के बाराबंकी रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव पडा देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान करने मे जुट गयी है। आशंका जताई जा रही है कि दिल्ली से चलकर गोरखपुर जा रही गोरखपुर स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है युवक कौन है और कहां का निवासी है इसकी जानकारी अभी तक नही हो सकी है। घटना की जानकारी पर पहुंची बुढवल जीआरपी पुलिस मृतक की पहचान कराने के साथ मामले की तफ्तीश में जुट गयी है।

### शिवराजपुर कस्बे में विश्व हिंदू परिषद की फर्रुखाबाद विभाग की बैठक संपन्न हुई

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में निजी गेस्ट हाउस में फर्रुखाबाद विभाग विहिप की बैठक बैठक हुई मंगलवार को विहिप फर्रुखाबाद विभाग बैठक में दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लव जिहाद पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाए और सरकार वक्फ बोर्ड का अस्तित्व को खत्म कर देना चाहिए उन्होंने संगठन को जगवा ए हिंद की मंशा को पूरा न करने का संगठन को बताया। बैठक दौरान प्रांत कार्याध्यक्ष उमेश पालीवाल अवधेश नरेश तोमर,संगीता पांडे साथ संगठन व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 10 करोड़ की लागत से बनेगा स्टेडियम, एसडीएम ने शासन को भेजा प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। नगर क्षेत्र के आसपास इलाकों के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए एसडीएम की अविस्मरणीय पहल देखने को मिली है। जिसमें राजकीय महिला पॉलीटेक्निक के निकट तीन हेक्टेयर में स्टेडियम का निर्माण कराने का प्रस्ताव भेजा गया है। यह निर्माण करीब 10 करोड की लागत से कराया जायेगा। ज्ञात हो नगर फतेहपुर क्षेत्र के बाहरी हिस्से में बने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक के निकट पूर्व में स्टेडियम बनाने के लिए एक हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया था। लेकिन स्टेडियम के निर्माण के लिए एक हेक्टेयर कम होने के कारण उसको अब वृहद रूप देकर तीन हेक्टेयर (36 बीघे कच्चे भूमि) को चिन्हित किया गया है। इस स्टेडियम में हाई मास्क लाइटें, बाउन्ड्रीवाल, सीडियां, चार सौ मीटर का रनिंग टैंक, बैडमिन्टन, वॉलीबॉल-कोट के साथ क्रिकेट की अभ्यास के लिए नेट लगाने के साथ-साथ अन्य निर्माण भी किये जाएगे। स्टेडियम के निर्माण होने से क्षेत्र के खेल में रुचि रखनेवाले युवाओं को खेल के नये आयाम के साथ नई ऊंचाइयां उपलब्ध होगी। और उनमें छिपी प्रतिभा निकलकर सामने आयेगी। जिससे वह देश व प्रदेश में अपना नाम भी रोशन करेंगे। इस सम्बन्ध में एसडीएम राजेश कुमार विष्वकर्मा ने बताया, कि तीन हेक्टेयर में बनने वाले वृहद स्टेडियम का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। ताकि भविष्य में युवाओं को एक निश्चित स्थान खेल-कूद के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

# आम के हरे पेड़ से लदी ट्रैक्टर ट्राली वन विभाग ने पकडी

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र में आम के हरे पेड़ काटकर ट्रैक्टर ट्राली से ले जाने की सूचना पर वन विभाग में मंगलवार की सुबह बाग में मारा छापा। छापे के दौरान ट्रैक्टर ट्राली पर लदी आम की लकड़ी जा रही थी। मगर वनकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। अवैध कटान के मामले में वन विभाग के ठेकेदारों समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के नंदरासी गांव में स्थित प्राथमिक स्कूल के समीप मंगलवार सुबह आम के पेड़ों का अवैध कटान कर लिया गया। तीन बड़े हरे पेड़ों को काटने के बाद उनके बोटे बनाकर ट्राली में लाद लिया गया। इसकी सूचना किसी ने दूरभाष पर वन रेंज क्षेत्राधिकार पी.के सिंह को दे दी।

इसके बाद वन क्षेत्राधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर डिप्टी रेंजर जितेंद्र कुमार बीट प्रभारी विकास सिंह राठौर के साथ मौके पर पहुंच गए। और ठेकेदार द्वारा काटी गई लकड़ी को व अन्य

औजारों को अपने कब्जे में लेकर वन रेंज कार्यालय पहुंचे। जहां पर ठेकेदार रामजतन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# जयंती पर याद की गयीं आयरन लेडी



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

कांग्रेसियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा उषा दुबे तारिक वसीर समेत कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने कांग्रेस जिला कार्यालय मकरंद नगर में इंदिरा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि इंदिरा जी जानती थीं कि खेती की आय से किसानों के जीवन में खुशहाली लाना एक कठिन काम है, इसलिए उन्होंने श्वेत (दूध) क्रांति की शुरुआत की और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्थापना की।इसके साथ ही उन्होंने अखिल भारतीय ग्रामीण प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जिसने दूध क्रांति के साथ-साथ सोयाबीन क्रांति की भी शुरुआत की। इसी मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि इंदिरा जी अद्भुत प्रतिभा की धनी थी उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से 84000 सैनिकों को आत्मसमर्पण कराकर अलग बांग्लादेश का निर्माण कराया उनका लोहा पूरी दुनिया मानती थी इस मौके पर एडवोकेट हरमोहन सिंह अरविंद दुबे, एहसान उल हक, फैसल खान, सत्य प्रकाश, अशोक कनौजिया, डॉ.रामकृष्ण राजपूत, दिलीप शुक्ला, प्रमोद पटेल, रमाशंकर राठौर, मोहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अस्पताल 5 बेड का रजिस्टर्ड, मिले 8 बेड

- एसडीएम व सीएचसी अधीक्षक ने अस्पतालों का किया निरीक्षण, मिली खामियां, किया सीज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



कस्बा बदोसरांय के रसूलपुर स्थित न्यू नेशनल हास्पिटल एंण्ड सर्जिकल सेन्टर का मंगलवार को एसडीएम प्रीति सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तमाम अनियमितता देखते हुए रिकार्ड लेकर अस्पताल को सीज कर दिया। इसी के साथ ही सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह ने केयरपाली क्लीनिक एंण्ड हास्पिटल का भी निरीक्षण किया। जिसमें लेबर रुम, इमरजेंसी, वार्ड आदि का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों रुबीना पत्नी जाबिर अली निवासी मदारपुर व शीला पत्नी रोहित निवासी सरांयरज्जन से प्रसव के सम्बंध में वार्ता किया। अस्पताल 5 बेड का रजिस्टर्ड है मौके पर 8 बेड मिले अधीक्षक ने दवा गोदाम में दवाओं की एक्सपायरी आदि का निरीक्षण कर अस्पताल को नोटिस जारी किया है। एक सप्ताह में नोटिस का जवाब मांगा गया है। इस मौके पर डाक्टर आरिफ, चन्द्रेश वर्मा अभय सिंह आदि मौजूद रहे। बताते चलें सोमवार को न्यू नेशनल अस्पताल में प्रसूता की मौत हो गई थी। जिसके बाद अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों शव रखकर हंगामा किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया और सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष सिंह को जांच के आदेश दिए थे। इस सम्बन्ध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष सिंह ने बताया कि अस्पताल को जांच के बाद सील कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी।

# ऐतिहासिक मेला मकनपुर में 860 वें उर्स में हजारों जरीन की भीड़ पहुंची, शग्ल-ए- धम्माल हुआ



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील के ऐतिहासिक मेला मकनपुर हजरत सैयद बद्दउद्दीन जिंदाशाह मदार के 608 वें उर्स के दूसरे दिन हजारों जायरीन और अनुयायियों की भीड़ मकनपुर स्थित उनकी दरगाह पर चादरपोशी माथा टेकने और इबादत के लिए उमड़ी। उर्स के दूसरे दिन देशभर के अलग-अलग प्रांतों से आए मदार सिलसिले को आगे बढ़ाने वाले मलंगों ने भी विविध रस्म अदायगी के बाद दरगाह के आंगन में शग्ल-ए-धमाल किया। उर्स के दूसरे दिन मकनपुर पूरी तरह लोगों से लबालब रहेगा। मंगलवार भोर पहर से ही हजारों की संख्या में जायरीन उर्स में शिरकत करने के लिए मकनपुर पहुंचे और गुस्ल की रस्म के बाद दरगाह पहुंचे। दम मदार बेड़ा पार का उद्घोष करते हुए मदार की चौखट पर माथा टेका और मान्यता अनुसार विविध रंगों की, विविध चौड़ाई, लंबाई की चादरें मदार साहब की दरगाह में अर्पित की। पवित्र दरगाह के आसपास बने घरों, मस्जिदों, इबादतगाहों की छतों-छज्जों से हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा, जायरीन मदार की दरगाह देखने को दिनभर टकटकी लगाए रहे। शाम करीब 3 बजे मदार-ए-पाक में गद्दीनशीन सैयद मुजीबुल बाकी रस्म अदायगी के लिए अपनी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में दरगाह में मौजूद जायरीन, अनुयायी उनकी एक झलक पाने को व्याकुल रहे। इसी तरीके से दरगाह में सैकड़ों मलंग और कश्ती लेकर आए बहादुर बाबा के दर्शन और उनको छूने के लिए हजारों जायरीन दरगाह में दम मदार बेड़ा पार कर उक्त सभी को छूने के लिए कड़ी मशक्कत करते दिखे। बुधवार को रस्म अदायगी के बाद उर्स का समापन किया जाएगा।

बिल्हौर सर्किल क्षेत्र का भारी पुलिसबल एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके व एलआईओ एके सिंह की देखरेख में चौबेपुर, शिवराजपुर, अरौल, बिल्हौर व ककवन सहित पांच थाने का फोर्स और पीएसी बल मौजूदरहा चप्पा चप्पा पर कैमरे और शादी वर्दी में पुलिस पुरुष व महिला पुलिस बल तैनात रहा खासकर संकरी गलियों व दुकानों और अंधेरे वाली जगह में पुलिस की कड़ी नजर है।

प्रधान मकनपुर मजाहिर हुसैन ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है मेले में सफाई का पूर्ण ध्यान रखा गया है जिससे आने वाले जायरीनो को किसी तरह से तकलीफ ना उठानी पड़े सभी के लिए मुसाफिरखाना खोल दिए गया हैं और घरों में भी लोग अपने-अपने समर्थ के हिसाब से लोगों को जगह दिए हुए हैं इससे आने वाले लोगों को कोई तकलीफ ना हो।

